# छठी वार्षिक रिपोर्ट

(01.04.2014 से 31.03.2015 तक)

शैक्षणिक परिषद [14वीं बैठक (परिचालन द्वारा) दिनांक 19.11.2015]
कार्यकारिणी परिषद [21वीं बैठक (परिचालन द्वारा) दिनांक 25.11.2015]
द्वारा यथा अनुमोदित

# हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय

[ केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के अधीन स्थापित ]

# Central University of Himachal Pradesh

[ Established under the Central Universities Act 2009 ]

# विषय सूची


| संख्या | अध्याय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | पुरोवाक् | 4 |
| 2. | 2014–15 के दौरान प्रगति, कार्य संपादन, उपलब्धियों का सारांश | 6 |
| 3. | विश्वविद्यालय के बारे में | 8 |
| 4. | विश्वविद्यालय के माननीय कुलाध्यक्ष | 10 |
| 5. | विश्वविद्यालय के प्राधिकारीगण | 11 |
| | • कोर्ट | 11 |
| | • कार्यकारिणी परिषद | 13 |
| | • शैक्षणिक परिषद | 15 |
| | • स्कूल बोर्ड | 17 |
| | • पाठ्य समितियां | 23 |
| | • वित्त समिति | 33 |
| 6. | स्थापना के बाद से विकास | 34 |
| | • अब तक विकसित भौतिक सुविधाएं और शैक्षणिक अवसंरचना | 34 |
| | • भवन का निर्माण और परिसर का विकास | 34 |
| | • अस्थायी भवन | 34 |
| 7. | भर्ती एवं नियुक्तियां | 36 |
| | • सांविधिक अधिकारीगण | 36 |
| | • शिक्षण संकाय | 36 |
| | • प्रशासनिक / शिक्षकेतर कर्मीगण | 36 |
| | • सेवाओं की आउटसोर्सिंग | 36 |
| 8. | विज़न दस्तावेज एवं कार्यनीतिक योजना | 37 |
| 9. | परिनियमों और अध्यादेशों का बनाया जाना | 38 |
| | • परिनियमों का बनाया जाना | 38 |
| | • अध्यादेशों का बनाया जाना | 38 |
| 10. | परिनियम 40 के अन्तर्गत यथा अनुमोदित स्कूल, विभाग और अध्ययन केन्द्र | 40 |
| 11. | 2014–15 तक प्रारंभ स्कूल, विभाग और अध्ययन केन्द्र | 44 |
| 12. | पाठ्यचर्या रूपरेखा | 46 |
| | • एकल सामान्य प्रवेश परीक्षा पर आधारित प्रवेश | 46 |
| | • नवाचारी कार्यक्रम एवं पाठ्यचर्या रूपरेखा | 46 |
| 13. | प्रारंभ किए गए अध्ययन कार्यक्रम | 46 |
| | • वर्ष 2014–15 तक प्रारंभ अध्ययन कार्यक्रम | 50 |
| | • आवेदन एवं प्रवेश | 51 |

| संख्या | अध्याय | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 14. | विद्यार्थियों का नामांकन तथा संकाय एवं कर्मीगण | 52 |
| | • वर्ष 2010–11/2011–12 से 2014–15 के दौरान नामांकित विद्यार्थी | 52 |
| | • संकाय एवं कर्मीगण | 56 |
| 15. | राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय सम्बद्धता और सहयोग | 58 |
| | • उच्चस्तरीय संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन | 58 |
| 16. | पुस्तकालय एवं सूचना संसाधन | 62 |
| 17. | विद्यार्थियों के लिए सहायक सुविधाएं | 68 |
| 18. | करियर परामर्श, मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट कार्यकलाप | 69 |
| 19. | बड़ी अनुसंधान परियोजनाएं | 74 |
| 20. | छोटी अनुसंधान परियोजनाएं | 76 |
| 21. | संकाय सदस्यों द्वारा प्रकाशन | 77 |
| 22. | संकाय सदस्यों को प्राप्त अध्येतावृत्ति एवं सम्मान | 90 |
| 23. | संकाय सदस्यों द्वारा आयोजित सेमिनार एवं सम्मेलन | 91 |
| 24. | सेमिनारों और सम्मेलनों में संकाय सदस्यों की भागीदारी | 97 |
| 25. | संकाय सदस्यों की अभिविन्यास एवं पुनश्चर्या कार्यक्रमों में सहभागिता | 113 |
| 26. | संकाय सदस्यों द्वारा विभिन्न व्याख्यान | 116 |
| 27. | संकाय सदस्यों द्वारा परामर्शी कार्य | 123 |
| 28. | संकाय सदस्यों की शैक्षणिक और प्रोफेशनल निकायों की सदस्यता | 124 |
| 29. | विश्वविद्यालय के कॉर्पोरेट जीवन में संकाय सदस्यों का योगदान | 129 |
| 30. | संकाय सदस्यों द्वारा अन्य योगदान | 145 |
| 31. | विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सेमिनार/संगोष्ठी/सम्मेलन/कार्यशाला/अभिविन्यास कार्यक्रम | 150 |
| 32. | विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विशेष व्याख्यान/अतिथि व्याख्यान/आमंत्रित व्याख्यान | 159 |
| 33. | विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यचर्या एवं सह–पाठ्यचर्या कार्यकलाप | 163 |
| 34. | लैंगिक उत्पीड़न संबंधी संवेदनीकरण, प्रतिषेध और प्रतितोष (स्पर्श) पर रिपोर्ट | 168 |
| 35. | राजभाषा नीति का कार्यान्वयन | 170 |
| 36. | विश्वविद्यालय की वित्त संबंधी सूचना | 172 |

# पुरोवाक्



**प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री**
कुलपति

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के अंतर्गत हुई थी। विश्वविद्यालय ने 20 जनवरी, 2010 को व्यावहारिक रूप से कार्य करना प्रारंभ कर दिया था, जब प्रबंधशास्त्र के जानेमाने विद्वान प्रो. फुरकान कमर ने इसके पहले कुलपति के नाते कार्यभार संभाला था। नए विश्वविद्यालय को स्थापित करना अपने आप में कठिन कार्य है लेकिन इसका श्रेय प्रो. फुरकान कमर और उनकी टीम को जाएगा कि उन्होंने प्रारंभिक कठिनाइयों से जूझते हुए विश्वविद्यालय के लिए एक आधारभूत संरचना तैयार की। जिस वर्ष की यह रपट है, उस वर्ष कुलपति का कार्यभार प्रो. योगिन्द्र सिंह वर्मा संभाल रहे थे, इसलिए इस वर्ष की उपलब्धियां उनकी योजना और विज़न का परिणाम ही माना जाना चाहिए।

भारत में विश्वविद्यालयों की अत्यंत प्राचीन परंपरा रही है। तक्षशिला विश्वविद्यालय तो पश्चिमोत्तर भारत के क्षेत्र में ही स्थित था। विक्रमशिला और नालंदा की ख्याति भी अभी तक भारतीयों में उत्साह का संचार करती है। इस हिमालय क्षेत्र में भी, जहां केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है, विश्व प्रसिद्ध अध्ययन केन्द्रों की परंपरा रही है। लाहुल स्पिति और किन्नौर के बौद्ध मठ अभी भी किसी न किसी रूप में इस परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। अंग्रेजी शासनकाल के दौरान भारत में कोलकाता विश्वविद्यालय से शुरू होकर नए विश्वविद्यालयों की जो श्रृंखला विकसित हुई उसने पिछले एक सौ साठ साल में निश्चित आकार व पहचान बना ली है। हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय इन प्राचीन और अर्वाचीन प्रयोगों का संगम स्थल बने, यही हमारा प्रयास है। लेकिन इसे हमारा दुर्भाग्य ही मानना चाहिए कि अभी तक विश्वविद्यालय के लिए उपयुक्त भूमि का आबंटन नहीं हो पाया है। इसलिए विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश की ऐतिहासिक और विश्व प्रसिद्ध नगरी धर्मशाला में, जहां पर परम पावन दलाई लामा भी निवास करते हैं, स्थित विभिन्न भवनों में कार्य कर रहा है। अध्ययन–अध्यापन कार्य शाहपुर के राजकीय महाविद्यालय के भवन में चल रहा है। मेहरचंद महाजन पुरुष छात्रावास कांगड़ा में स्थित है और शारदा कन्या छात्रावास धर्मशाला में स्थित है। इसी प्रकार दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र, शाहपुर के एक भवन में कार्य कर रहा है। प्रशासकीय कार्यालय भी धर्मशाला में ही है। लेकिन इन बिखरे हुए भवनों में भी एक आंतरिक तादात्म्य बना हुआ है। भूमि आबंटन के लिए प्रयास चल रहा है और आशा है कि इस शिक्षा–सत्र में भूमि का आबंटन हो जाएगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने केन्द्रीय विश्वविद्यालय के लिए विभिन्न श्रेणियों के प्राध्यापकों के 188 पद स्वीकृत किए हैं। इस समय विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में कुल 67 प्राध्यापक और एक–एक यूजीसी–सहायक प्रोफेसर और डीएसटी इंस्पायर–सहायक प्रोफेसर कार्य कर रहे हैं। शेष पदों की भर्ती की प्रक्रिया जारी है।

विश्वविद्यालय ने प्रारंभ से ही विकल्प पर आधारित क्रेडिट प्रणाली को अपनाया है, जिसके अंतर्गत किसी एक विषय में स्नातकोत्तर डिग्री की पढ़ाई करने वाले छात्र को विश्वविद्यालय के अन्य विभागों/केन्द्रों के

विषयों के 30 प्रतिशत क्रेडिट अर्जित करना अपेक्षित है। लगभग सभी विभागों में कुछ फाउण्डेशन पाठ्यक्रमों की भी व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार पाठ्यक्रमों में समकक्ष प्रवेश (लेटरल एंट्री) और मध्य प्रवेश (मिड कोर्स एंट्री) की भी सुविधा प्रदान की गई है।

मैंने प्रयास किया है कि वित्तीय वर्ष 2014–15 में विश्वविद्यालय में होने वाली सभी शैक्षणिक, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों का इस रपट में समावेश किया जाए। हमारे विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों की शोध और प्रकाशनों के क्षेत्र में जो उपलब्धियां रही हैं, उनका सिलसिलेवार जिक्र भी किया गया है। यह रपट एक प्रकार से विश्वविद्यालय के तमाम विभागों द्वारा किए समन्वित प्रयासों का ही प्रतिफल है। जिन विभागों ने अपनी रपट अंग्रेजी में भेजी है, उनके हिंदी अनुवाद की व्यवस्था तथा जिन विभागों ने अपनी रपट हिंदी में भेजी है, उनके अंग्रेजी अनुवाद की व्यवस्था विश्वविद्यालय के हिंदी अधिकारी ने की है।

इस पूरे वर्ष मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा उनके अधिकारियों का भरपूर सहयोग मिलता रहा, इसके लिए मैं उनका आभारी हूँ। हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार, कांगड़ा जिला प्रशासन, वन विभाग तथा उनके अधिकारियों ने भी वांछित सहयोग दिया है, इसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूँ। विश्वविद्यालय कोर्ट, कार्यकारिणी परिषद, शैक्षणिक परिषद, वित्त समिति, विभिन्न संकायों के स्कूल बोर्डों, पाठ्य समितियों की समय–समय पर बैठकें होती रही हैं और इन बैठकों में इन निकायों के सदस्यों का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन हमें मिलता रहा है, इसके लिए मैं इन निकायों के सभी सदस्यों का आभारी हूँ। विश्वविद्यालय के विकास में संस्थापक कुलपति, प्रति–कुलपति, कुलसचिव, सभी अधिष्ठाताओं, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, वित्त अधिकारी, विभागाध्यक्षों एवं केन्द्र निदेशकों के योगदान के लिए मैं उन्हें विशेष धन्यवाद देता हूँ।

**प्रो. (डॉ.) कुलदीप चंद अग्निहोत्री**
कुलपति

**स्थान :** धर्मशाला

**दिनांक :** 13.10.2015

# 2014–15 के दौरान प्रगति, कार्य–संपादन और उपलब्धियों का सारांश

## 2014–15 के दौरान प्रगति/कार्य–संपादन/उपलब्धियां

1. परिचय : केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के अंतर्गत स्थापित विश्वविद्यालय ने अपना कार्य 20 जनवरी, 2010 से प्रारंभ किया। यद्यपि विश्वविद्यालय अभी तक अस्थायी परिसर से ही अपना कार्य संचालित कर रहा है तथापि वर्ष 2014–15 के दौरान विश्वविद्यालय ने सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है।
2. स्थायी परिसर : भूमि के हस्तांतरण और विश्वविद्यालय का उस पर कब्जा नहीं मिलने के कारण विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर(रों) के लिए निर्माण और विकास कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं हो सका।
3. अस्थायी परिसर : वर्तमान में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यकलापों को शाहपुर स्थित अस्थायी शैक्षणिक खंड से और प्रशासनिक कार्य धर्मशाला से संचालित किया जा रहा है। पुरुष और महिला छात्रावासों को क्रमशः कांगड़ा और धर्मशाला स्थित किराए पर लिए गए भवनों में चलाया जा रहा है। अधिकांश विद्यार्थी आसपास के क्षेत्रों में पेइंग गेस्ट के तौर पर रह रहे हैं। अधिकतर शिक्षक और स्टाफ अस्थायी परिसरों के आसपास स्थित किराए के मकानों में रह रहे हैं। विश्वविद्यालय का अस्थायी शैक्षणिक खंड नवोन्नत लेक्चर थियेटर, सेमिनार कक्ष, सम्मेलन कक्ष, कार्यालय स्थल/वर्कस्टेशन, संकाय कक्ष, प्रयोगशाला और आईटी अवसंरचना से युक्त है। यह वर्तमान कार्यक्रमों को चलाने के लिए ही पर्याप्त मात्र है।
4. आईटी अरसंचरना : विश्वविद्यालय के अस्थायी शैक्षणिक खंड में 1 जीबीपीएस कनेक्टिविटी और कैंप कार्यालय में 4 एमबीपीएस कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध है। दोनों स्थानों को वीडियो कांफ्रेंसिंग सुविधा उपलब्ध कराई गई है। परिसर पूर्णतः लैन तथा वाई–फाई युक्त है।
5. पुस्तकालय और सूचना संसाधन : विश्वविद्यालय में एक स्थापित पुस्तकालय है जिसमें 18010 पुस्तकें हैं और 100 से भी अधिक भारतीय तथा विदेशी पत्र–पत्रिकाएं एवं जर्नलों को मंगाया जा रहा है/मंगाने की अनुमति दी गई है। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय को इफ्लिबनेट के माध्यम से ई–संसाधनों तक ऐक्सेस प्राप्त है जिससे विद्यार्थियों को 3 डेटाबेस और 6000 से भी अधिक ऑनलाइन जर्नलों से युक्त 13 ई–संसाधनों तक ऐक्सेस प्राप्त है। साथ ही साथ विश्वविद्यालय को डेलनेट डेटाबेस की भी एक्सेस प्राप्त है। वर्ष के दौरान 10488 पुस्तक जारी गए, 6717 पुस्तक लौटाए गए और 6149 पुस्तक कंसल्ट किए गए। पुस्तकालय में कुल आगंतुकों की संख्या 15953 थी।
6. विश्वविद्यालय के प्राधिकारीगण एवं सांविधिक निकाय : विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय प्राधिकारियों की आवधिक बैठकें आयोजित करने का सजग प्रयत्न किया गया। वर्ष के दौरान कार्यकारिणी परिषद की 3 बैठकें, शैक्षणिक परिषद की 1 बैठक और वित्त समिति की 2 बैठकें आयोजित की गईं। परिनियमों के अनुसार स्कूल बोर्डों और पाठ्य समितियों का गठन किया गया है।
7. अध्ययन कार्यक्रम : विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न ग्यारह स्कूलों के अंतर्गत इक्कीस शिक्षण विभाग/केन्द्र प्रारंभ किए गए हैं जिनके अंतर्गत 2014–15 के दौरान 15 स्नातकोत्तर (पीजी) और 17 अनुसंधान डिग्री (आरडी) कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।
8. विद्यार्थियों का नामांकन : 31 मार्च, 2015 के अनुसार विश्वविद्यालय में 782 (658 स्नातकोत्तर+124 शोधार्थी) विद्यार्थी नामांकित थे। विद्यार्थियों का सामाजिक संघटन : महिला 394 (50.38%), अनु.जाति 128 (16.37%), अनु.जनजाति 62 (7.93%) अन्य पिछड़ा वर्ग 180 (23.02%) और अल्पसंख्यक 67 (8.75%)।
9. संकायों का चयन : वर्तमान में यूजीसी विनियमों के अनुसार पूर्णकालिक नियमित आधार पर 31 मार्च, 2015 के अनुसार 67 संकाय सदस्य हैं। शेष स्वीकृत संकाय पदों पर नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। चयन प्रक्रिया को

वस्तुनिष्ठ और पारदर्शी रखा गया है; चयन के मापदंडों के साथ–साथ एपीआई अपेक्षाओं को भी व्यापक रूप से प्रचारित किया गया है। विभिन्न मापदंडों में उनके अंकों के साथ आवेदकों की सूची वेबसाइट में प्रदर्शित करते हुए त्रुटियों और चूक को न्यूनतम करने के उद्देश्य से सुधार के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की सूची और शॉर्टलिस्टिंग के आधार संबंधी मापदंडों को भी सार्वजनिक किया जाता है। इन प्रक्रियाओं में काफी समय लगता है परंतु मेरिट को प्रोत्साहित करने के एकमात्र उद्देश्य से इन प्रक्रियाओं को बारीकी से कार्यान्वित किया जा रहा है।

10. नवाचारी पाठ्यचर्या रूपेरखा : शैक्षणिक सुधार के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए विश्वविद्यालय द्वारा नवाचारी पाठ्यचर्या रूपरेखा को विकसित किया गया है और विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीबीसीएस) और व्यापक सतत आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रिया को कार्यान्वित किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत किसी भी अध्ययन कार्यक्रम में प्रवेश–प्राप्त प्रत्येक विद्यार्थी को अन्य विभागों/स्कूलों से 30 प्रतिशत क्रेडिट संचित करना अपेक्षित है। सभी अध्ययन कार्यक्रमों को मॉड्यूलर स्वरूप प्रदान किया गया है जिसके अन्तर्गत विनिर्दिष्ट समय के अंदर पाठ्यक्रम के बीच में प्रवेश (मिड–कोर्स ऐंट्री) और समकक्ष प्रवेश (लैटेरल एंट्री) की अनुमति दी गई है। अनुसंधान डिग्री कार्यक्रमों को भी काफी नवीन स्वरूप प्रदान किया गया है जिसके अंतर्गत सभी शोधार्थियों को शोध प्रबंधों और शोध निबंधों के अतिरिक्त शिक्षण सहायकवृत्ति और प्रकाशनों के माध्यम से क्रेडिट संचय करना अपेक्षित है।
11. उत्कृष्ट संस्कृति का संवर्धन : उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्कृति सृजन के उत्तरदायित्व के प्रति सजग रहते हुए विश्वविद्यालय द्वारा मेरिट, वस्तुनिष्ठता और अपनी सभी निर्णय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता को सक्रियता से बढ़ावा दिया गया है जिससे कि सभी आंतरिक और बाह्य स्टेकधारकों में विश्वास उत्पन्न हो सके। अधिनियम, परिनियमों एवं अध्यादेशों और विश्वविद्यालय के सभी सांविधिक निकायों अर्थात् विश्वविद्यालय कोर्ट, कार्यकारिणी परिषद, शैक्षणिक परिषद एवं वित्त समिति की बैठकों के कार्यवृत्त भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.cuhimachal.ac.in) पर अपलोड किए जाते हैं। विश्वविद्यालय अध्ययन कार्यक्रमों में प्रवेश और नौकरी के पदों के लिए आवेदनों को ऑनलाइन जमा करने के लिए प्रोत्साहित करता है। प्रवेश के लिए विवरण–पत्रिका और आवेदन–पत्रों को भी निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है और अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।
12. शोध एवं प्रकाशन : यद्यपि शिक्षण कार्य प्राथमिक मूल कार्य होगा और इस पर ही मुख्य जोर दिया जा रहा है, विशेषकर तब जब विश्वविद्यालय का विकास हो रहा है और शिक्षण संकायों की संख्या भी सीमित है, तथापि निरंतर संप्रेषण और बातचीत के जरिए सहायक माहौल और अनुकूल कार्य परिस्थितियां सृजित कर गंभीर शिक्षण–अधिगम, अनुसंधान, गुणवत्तापूर्ण प्रकाशनों और सेमिनारों, संगोष्ठियों, सम्मेलनों आदि में प्रतिभागिता की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के सजग और महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। **अनुसंधान परियोजनाएं :** संकाय सदस्यों को परियोजना लेखन और अग्रणी अनुसंधान संस्थानों से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय में 20 बड़ी और 2 छोटी अनुसंधान परियोजनाएं चल रही थीं/स्वीकृत की गई हैं, जिसके जरिए संकाय सदस्यों ने 400 लाख रुपए से अधिक का संसाधन जुटाव किया/प्रदान किया जाएगा। **प्रकाशन :** कुल मिलाकर विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों ने विख्यात जर्नलों में 192 शोधपत्र प्रकाशित किए गए और 252 सेमिनार/सम्मेलन/संगोष्ठियों/कार्यशालाओं में भाग लिया। **आमंत्रित व्याख्यान :** संकाय सदस्यों ने अन्य अग्रणी संस्थानों में कुल 119 आमंत्रित व्याख्यान दिए।
13. सह–पाठ्यचर्या/पाठ्येत्तर कार्यकलाप : विश्वविद्यालय द्वारा अपने विद्यार्थियों के लिए अनेक सह–पाठ्यचर्या एवं पाठ्येतर कार्यकलाप आयोजित किए गए। विद्यार्थियों की ज्ञान समृद्धि के लिए निरंतर आधार पर कार्यशालाएं एवं आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किए गए। नियमित आधार पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य पाठ्येतर गतिविधियां भी आयोजित की गईं।
14. उपर्युक्त विवरण विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2014–15 के दौरान कार्यकलापों और प्रगति का संक्षिप्त सार मात्र है। व्यापक और समग्र विवरण विश्वविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट 2014–15 में प्रस्तुत किया गया है।

# विश्वविद्यालय के बारे में

## विश्वविद्यालय का प्रारंभ एवं स्थापना :

भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त, 2007 को राष्ट्र को दिए अपने भाषण में उन प्रत्येक राज्यों में एक–एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा की जहाँ अब तक कोई केन्द्रीय विश्वविद्यालय नहीं हैं। तत्पश्चात् 11 वीं योजना में 16 नवीन केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए प्रावधान किया गया। तदनुसार, अन्य विश्वविद्यालयों के साथ हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 (2009 का क्रमांक 25), जिस पर राष्ट्रपति की सहमति 20, मार्च 2009 को प्राप्त हुई, अधिनियमित किया गया। हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना संसद द्वारा अधिनियमित केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 (2009 का क्रमांक 25) के अन्तर्गत की गई है। यह विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निधिबद्ध और विनियमित है।

## कार्य प्रारंभ :

यह विश्वविद्यालय 20 जनवरी, 2010 को प्रथम कुलपति द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के साथ ही कार्यशील हो गया। यद्यपि विश्वविद्यालय की अपनी अवसंरचना के विकास में कुछ समय लग सकता है, तथापि विश्वविद्यालय ने शिक्षा क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के परामर्श से एक महत्वाकांक्षी विज़न दस्तावेज विकसित किया है। विश्वविद्यालय के सांविधिक प्राधिकारियों द्वारा यथा अनुमोदित विज़न दस्तावेज और कार्यनीतिक योजना विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.cuhimachal.ac.in) पर उपलब्ध है। तदनुसार, कालक्रम में विश्वविद्यालय के नवोन्नत परिसर(रों) में बनकर तैयार होंगे तथा जिनमें सत्रह अध्ययन स्कूलों के अन्तर्गत लगभग 90 अध्ययन विभाग और लगभग 50 अध्ययन केन्द्र स्थापित होंगे।

## विश्वविद्यालय के उद्देश्य :

केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 के अनुसार विश्वविद्यालय के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :

- ऐसी अधिगम शाखाओं में, जिनको यह उचित समझे, शिक्षण एवं अनुसंधान सुविधाएं प्रदान कर ज्ञान का प्रसार एवं विकास करना।
- अपने शैक्षिक कार्यक्रमों में मानविकी, समाज विज्ञानों, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में समाकलित पाठ्यक्रमों के लिए विशेष प्रावधान करना।
- अध्यापन–अधिगम प्रक्रिया एवं अन्तर–विषयक अध्ययनों और अनुसंधान में नवान्वेषण को बढ़ावा देने के लिए उपयुक्त उपाय करना।
- देश के विकास के लिए जनशक्ति को शिक्षित एवं प्रशिक्षित करना;
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए उद्योगों के साथ लिंकेज स्थापित करना;
- लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों में सुधार और उनका कल्याण, उनके बौद्धिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक विकास की ओर विशेष ध्यान देना।

## विश्वविद्यालय की प्रमुख विशेषताएं :

केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 में विश्वविद्यालय की निम्नलिखित प्रमुख विशेषताएं दी गई हैं :

- विश्वविद्यालय प्रत्येक लिंग एवं व्यक्तियों एवं सभी जाति, मत, प्रजाति या वर्ग के लिए उपलब्ध होगा तथा विश्वविद्यालय के अध्यापक के रूप में नियुक्ति किए जाने या उसमें कोई अन्य पद धारण करने या विश्वविद्यालय में छात्र के रूप में प्रवेश या वहाँ से शिक्षा ग्रहण करने या उसके किसी विशेषाधिकार का

उपयोग या प्रयोग में किसी व्यक्ति की हकदारी में उस पर किसी धार्मिक विश्वास या वृत्ति के आधार पर कोई परीक्षा अंगीकृत अथवा आरोपित करना विश्वविद्यालय के लिए विधिसम्मत नहीं होगा।

- विश्वविद्यालय महिलाओं, विकलांग व्यक्तियों या समाज के कमजोर वर्गों और विशेषकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों तथा सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्ग के नागरिकों के नियोजन या प्रवेश के लिए विशेष प्रावधान कर सकता है, परंतु साथ ही कोई भी ऐसा विशेष प्रावधान, निवास स्थान के आधार पर नहीं किया जाएगा;
- विश्वविद्यालय का प्रयास अखिल भारतीय स्वरूप तथा शिक्षण एवं अनुसंधान के उच्च मानकों को बनाए रखना होगा तथा विश्वविद्यालय अन्य उपायों, जो उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यक हों, के साथ–साथ विशेषकर निम्नलिखित उपाय करेगा :
    - छात्रों का प्रवेश अखिल भारतीय स्तर पर केवल मेरिट के आधार पर, जिसका निर्धारण या तो विश्वविद्यालय द्वारा स्वयं या अन्य विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा द्वारा किया जाएगा या ऐसे पाठ्यक्रमों जहाँ छात्रों के प्रवेश की संख्या कम है, अर्हता परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा ;
    - संकाय (फैकल्टी) सदस्यों की भर्ती अखिल भारतीय स्तर पर की जाएगी तथा पोर्टेबल पेंशन एवं वरिष्ठता संरक्षण के साथ संकाय सदस्यों के अंतर–विश्वविद्यालय गतिशीलता को प्रोत्साहित किया जाएगा ;
    - सेमेस्टर प्रणाली, सतत मूल्यांकन एवं चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली लागू की जाएगी तथा विश्वविद्यालय क्रेडिट हस्तांतरण एवं संयुक्त डिग्री कार्यक्रमों के लिए अन्य विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों के साथ करार करेगा ;
    - नवाचारी पाठ्यक्रम एवं अध्ययन कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे जिनमें आवधिक समीक्षा एवं पुनर्संरचना का प्रावधान होगा ;
    - विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक कार्यकलापों में छात्रों की सक्रिय भागीदारी तथा अध्यापकों का मूल्यांकन सुनिश्चित किया जाएगा ;
    - राष्ट्रीय निर्धारण एवं प्रत्यायन परिषद या राष्ट्रीय स्तर की किसी अन्य प्रत्यायन एजेंसी से प्रत्यायन प्राप्त किया जाएगा ;
    - प्रभावकारी प्रबंधन सूचना प्रणाली सहित ई–गवर्नेंश शुरू किया जाएगा।

## विश्वविद्यालय परिसर

### • स्थायी परिसर

राज्य सरकार द्वारा सभी दृष्टियों से विल्लंगम रहित भूमि उपलब्ध कराए जाने के बाद विश्वविद्यालय का अपना परिसर होगा।

### • अस्थायी परिसर

- **कैंप कार्यालय :** विश्वविद्यालय का कैंप कार्यालय इस समय धर्मशाला में संस्कृति सदन (राइटर्स होम) में (अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास) स्थित है।
- **अस्थायी शैक्षणिक खंड (टैब) :** विश्वविद्यालय का अस्थायी शैक्षणिक खंड शाहपुर, जिला कांगड़ा में राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय को आबंटित नवनिर्मित कॉलेज भवन में स्थित है। इसी प्रयोजनार्थ निर्मित यह खंड एक आकर्षक स्थान पर एक भव्य तीन मंजिले भवन में है। कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, संकाय सदस्यों एवं छात्र–छात्राओं की वर्तमान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए यहां शिक्षण कार्य हेतु पर्याप्त स्थान है। भवन के इर्द–गिर्द विस्तृत खुला स्थान आउटडोर खेलकूद के लिए सुविधाएं प्रदान कर सकता है।

# विश्वविद्यालय के माननीय कुलाध्यक्ष



**भारत के राष्ट्रपति**
श्री प्रणब मुखर्जी
(25 जुलाई, 2012 से)

श्री प्रणब मुखर्जी ने सरकार तथा संसद में रहते हुए देश की अनुकरणीय सेवा के पचास वर्षों से अधिक की अवधि के अपने राजनीतिक जीवन के शिखर पर 25 जुलाई, 2012 को भारत के तेरहवें राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किया।

एक साधारण कुल के श्री मुखर्जी ने स्वतंत्रता सेनानियों श्री कामदा किंकर मुखर्जी और श्रीमती राजलक्ष्मी के पुत्र के रूप में पश्चिम बंगाल के वीरभूम जिले के एक छोटे से गांव मिराती में 11 सितंबर, 1935 को जन्म लिया। श्री मुखर्जी के पिता एक कांग्रेसी नेता थे, जिन्हें भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के कारण कई बार जेल जाने सहित बहुत से कष्टों का सामना करना पड़ा।

**शिक्षा :** श्री मुखर्जी ने कोलकाता विश्वविद्यालय से इतिहास और राजनीतिशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि तथा विधि में उपाधि प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने कॉलेज शिक्षक और पत्रकार के रूप में व्यावसायिक जीवन शुरू किया। राष्ट्रीय आंदोलन में अपने पिता के योगदान से प्रेरणा लेकर श्री मुखर्जी संसद के उच्च सदन (राज्यसभा) में चुने जाने के बाद, वर्ष 1969 में पूरी तरह सार्वजनिक जीवन में कूद पड़े।

**व्यावसायिक जीवन :** श्री मुखर्जी एक ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें शासन का बेजोड़ अनुभव है और उन्हें समय–समय पर विदेश, रक्षा, वाणिज्य और वित्त मंत्री के रूप में सेवा करने का असाधारण सम्मान प्राप्त है। उन्हें 1969 से पांच बार संसद के उच्च सदन (राज्यसभा) के लिए और 2004 से दो बार संसद के निम्न सदन (लोकसभा) के लिए चुना गया। वे 23 वर्षों तक पार्टी की सर्वोच्च नीति–निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य रहे। वर्ष 1973–74 की अवधि के दौरान उन्हें उद्योग; जहाजरानी एवं परिवहन, इस्पात एवं उद्योग उपमंत्री तथा वित्त राज्य मंत्री बनाया गया। उन्होंने 1982 में पहली बार प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के मंत्रीमंडल में भारत के वित्त मंत्री का पद ग्रहण किया और वे 1980 से 1985 तक संसद के उच्च सदन (राज्यसभा) में सदन के नेता रहे। बाद में वे 1991 से 1996 तक योजना आयोग के उपाध्यक्ष, 1993 से 1995 तक वाणिज्य मंत्री, 1995 से 1996 तक विदेश मंत्री, 2004 से 2006 तक रक्षा मंत्री तथा पुनः 2006 से 2009 तक विदेश मंत्री रहे। वे 2009 से 2012 तक वित्त मंत्री रहे तथा 2004 से 2012 तक राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने के लिए त्याग–पत्र देने तक संसद के निम्न सदन के नेता रहे।

# विश्वविद्यालय के प्राधिकारीगण

## कोर्ट

विश्वविद्यालय कोर्ट विश्वविद्यालय के कार्य संपादन के लिए उत्तरदायी विनियामक निकायों में एक महत्वपूर्ण निकाय है और यह विश्वविद्यालय के विगत वर्ष की प्राप्तियों तथा व्यय विवरण, यथा लेखापरीक्षित तुलन–पत्र और आगामी वित्तीय वर्ष के लिए बज़ट के संबंध में विचार करती है। कोर्ट में कार्यकारिणी परिषद और शैक्षणिक परिषद के कृत्यों की समीक्षा करने की शक्ति निहित है और इसमें विश्वविद्यालय की ऐसी शक्तियों का प्रयोग करने की शक्ति निहित है जिसका अन्यथा अधिनियम अथवा परिनियम में उपबंध नहीं किया गया है।

प्रथम विश्वविद्यालय कोर्ट का गठन केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 की धारा 44 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा मानव संसाधन विकास मंत्रालय के पत्र दिनांक 26.09.2012 के माध्यम से तीन वर्षों के लिए किया गया। कुलाधिपति की अध्यक्षता में गठित कोर्ट के गणमान्य सदस्य हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **श्री अरुण मायरा,**<br>माननीय सदस्य, योजना आयोग एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति | **अध्यक्ष** |
| 2. | **प्रो. फुरकान कमर**,<br>कुलपति, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय | पदेन सदस्य<br>(25.06.2014 तक) |
| | **प्रो. योगिन्द्र एस वर्मा**<br>स्थानापन्न कुलपति, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय | पदेन सदस्य<br>(26.06.2014 से<br>19.04.2015 तक) |
| | **प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री**<br>कुलपति, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय | पदेन सदस्य<br>(20.04.2015 से) |
| 3. | **प्रो. तिमोथी ए. गोन्साल्वेस,**<br>निदेशक, आईआईटी मंडी | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 4. | **प्रो. एन. सत्यमूर्ति,**<br>निदेशक, आईआईएसईआर, मोहाली | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 5. | **प्रो. स्नेह भार्गव,**<br>पूर्व निदेशक, एम्स | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 6. | **प्रो. कस्तूरी दत्ता**<br>पर्यावरण विज्ञान स्कूल, जेएनयू, नई दिल्ली | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 7. | **डॉ. बी.एन. गोस्वामी**<br>कला इतिहासकार एवं पद्मभूषण से सम्मानित | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 8. | **प्रो. अमिताभ रे चौधरी**<br>पालित प्रोफेसर, भौतिकी विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 9. | **डॉ. बी.एल. मुंगेकर**<br>माननीय सांसद एवं पूर्व सदस्य, योजना आयोग | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 10. | **प्रो. कृष्ण कुमार**<br>प्रोफेसर, सीआईआईटी, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं पूर्व निदेशक, एनसीईआरटी | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 11. | **प्रो. ए.एम. पठान**<br>पूर्व कुलपति, कर्नाटक केन्द्रीय विश्वविद्यालय | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 12. | **प्रो. चेतन सिंह**<br>इतिहास विभाग, एचपीयू, शिमला | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 13. | **प्रो. नामवर सिंह**<br>पूर्व प्रोफेसर हिंदी, जेएनयू नई दिल्ली | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 14. | **प्रो. अनुपम वर्मा**<br>पादप विषाणु विज्ञान के लिए उन्नत केन्द्र, पादप रोग विज्ञान संभाग, नई दिल्ली | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 15. | **डॉ. रणबीर सिंह,**<br>कुलपति, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नई दिल्ली | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 16. | **श्री करण जौहर**<br>फिल्म निर्माता, मुंबई | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 17. | **डॉ. राम सागर**<br>निदेशक, आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान, नैनीताल | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |

| | | |
|---|---|---|
| 18. | **प्रो. ए.के. घटक**<br>पूर्व प्रोफेसर, भौतिकी विभाग, आईआईटी, नई दिल्ली | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 19. | **प्रो. अनिल गुप्ता**<br>निदेशक, वाडिया हिमालयन भूविज्ञान संस्थान, देहरादून एवं<br>पूर्व प्रोफेसर, आईआईटी खड़गपुर | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 20. | **प्रो. विनोद प्रकाश शर्मा**<br>चेयर प्रोफेसर, लोक स्वास्थ्य अनुसंधान ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र, आईआईटी, नई दिल्ली | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 21. | **प्रो. पार्थ शाह**<br>अध्यक्ष, सेंटर फॉर सिविल सोसाइटी, नई दिल्ली | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 22. | **प्रो. ए.डी.एन. वाजपेयी**<br>कुलपति, एचपीयू, शिमला | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 23. | **डॉ. श्याम कुमार शर्मा**<br>पूर्व कुलपति, हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 24. | **श्री एम.के. कॉव**<br>पूर्व सचिव, एमएचआरडी | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 25. | **श्रीमती आशा स्वरूप**<br>पूर्व मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 26. | **श्री सी.एन धर**<br>अध्यक्ष, सीआईआई – हिमाचल प्रदेश राज्य परिषद | सदस्य<br>(25.09.2015 तक) |
| 27. | **ब्रिग. जगदीश चंद रांगडा, वाईएसएम (सेनि.)**<br>कुलसचिव, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय | पदेन–सदस्य सचिव<br>(04.04.2014 से) |

## कार्यकारिणी परिषद

कार्यकारिणी परिषद विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यकारिणी निकाय है। इस परिषद के अध्यक्ष कुलपति हैं और इसके सदस्यगणों में प्रतिष्ठित विद्याविद्, प्रौद्योगिकीविद् और वैज्ञानिक शामिल हैं।

इस द्वितीय कार्यकारिणी परिषद का गठन केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 की धारा 21 के साथ पठित परिनियम 11 के अधीन किया गया है। इसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो. फुरकान कमर**,<br>कुलपति, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय | **अध्यक्ष**<br>(पदेन)<br>(25.06.2014 तक) |
| | **प्रो. योगिन्द्र एस वर्मा**<br>स्थानापन्न कुलपति, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय | **अध्यक्ष**<br>(पदेन)<br>(26.06.2014 से 19.04.2015 तक) |
| | **प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री**<br>कुलपति, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय | **अध्यक्ष**<br>(पदेन)<br>(20.04.2015 से) |
| 2. | **प्रो. योगिन्द्र एस वर्मा**<br>प्रति–कुलपति, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय | सदस्य<br>(पदेन सदस्य) |
| 3. | **सचिव,**<br>**उच्चतर शिक्षा विभाग,** मानव संसाधन विकास मंत्रालय,<br>शास्त्री भवन, नई दिल्ली | सदस्य<br>(पदेन सदस्य) |
| 4. | **अध्यक्ष,**<br>विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली | सदस्य<br>(पदेन सदस्य) |
| 5. | **सचिव, उच्चतर शिक्षा,**<br>हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला | सदस्य<br>(पदेन सदस्य) |
| 6. | **श्री रमेश शर्मा**<br>राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माता, गुड़गांव | सदस्य<br>(17.07.2016 तक) |
| 7. | **प्रो. मनमोहन गुप्ता**<br>प्रोफेसर, भौतिकी विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ | सदस्य<br>(17.07.2016 तक) |
| 8. | **डॉ. डी.एस. राठौर**<br>पूर्व कुलपति, हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय | सदस्य<br>(17.07.2016 तक) |
| 9. | **प्रो. वीना चौधरी,**<br>निदेशक, रेडियो–डाइग्नोसिस विभाग, मौलाना आजाद चिकित्सा कॉलेज, नई दिल्ली | सदस्य<br>(17.07.2016 तक) |
| 10. | **श्री सैय्यद शहीद महदी,**<br>पूर्व–कुलपति, जेएमआई नई दिल्ली | सदस्य<br>(17.07.2016 तक) |
| 11. | **डॉ. सुधीर एस. ब्लोएरिया,**<br>पूर्व–कुलपति, जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जम्मू (जम्मू एवं कश्मीर) | सदस्य<br>(17.07.2016 तक) |
| 12. | **प्रो. सुनैना सिंह,**<br>कुलपति, अंग्रेजी एवं यूरोपीय भाषा विश्वविद्यालय, हैदराबाद | सदस्य<br>(17.07.2016 तक) |
| 13. | **डॉ. (सुश्री) कमल सिंह,**<br>पूर्व कुलपति, संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय | सदस्य<br>(17.07.2016 तक) |
| 14. | **प्रो. पीटर रोनाल्ड डिसूजा,**<br>पूर्व निदेशक, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ अडवांस्ड स्टडीज (आईआईएएस), शिमला | सदस्य<br>(17.07.2016 तक) |
| 15. | **प्रो. ए.एम. पठान,**<br>पूर्व कुलपति, कर्नाटक केन्द्रीय विश्वविद्यालय | सदस्य<br>(17.07.2016 तक) |
| 16. | **प्रो. अरविंद अग्रवाल,**<br>अधिष्ठाता, ललित कला एवं कला शिक्षा स्कूल, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(20.02.2016 तक) |
| 17. | **प्रो. आई.वी. मल्हन**<br>अधिष्ठाता, गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(07.06.2015 तक) |
| 18. | **प्रो. के.बी. जोशी,**<br>अधिष्ठाता, भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(03.07.2014 तक) |
| 19. | **प्रो. अंबरीश कुमार महाजन,**<br>अधिष्ठाता, पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(27.06.2016 तक) |

| | | |
|---|---|---|
| 20. | **डॉ. एच.आर शर्मा,**<br>अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(27.06.2016 तक) |
| 21. | **डॉ. आशुतोष प्रधान,**<br>एसोसिएट प्रोफेसर, समाज कार्य विभाग, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(27.06.2016 तक) |
| 22. | **डॉ. मनुकोण्डा रबीन्द्रनाथ,**<br>अधिष्ठाता, पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(10.10.2014 से 07.06.2015 तक) |
| 23. | **श्री केशव सिंह रावत,**<br>सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर विज्ञान एवं आई.टी विभाग, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(27.06.2016 तक) |
| विश्वविद्यालय के कुलसचिव कार्यकारिणी परिषद के पदेन सचिव हैं।<br>वर्ष के दौरान शैक्षणिक परिषद की तीन बैठकें दिनांक 22.11.2014, (परिचालन द्वारा) 13.01.2015 और (परिचालन द्वारा) 27.03.2015 को आयोजित की गई। | | |

## शैक्षणिक परिषद

शैक्षणिक परिषद विश्वविद्यालय का प्रधान शैक्षणिक निकाय है और परिषद द्वारा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक नीति का सामान्य पर्यवेक्षण किया जाता है । इस परिषद के अध्यक्ष कुलपति हैं और इसके सदस्यगण में प्रतिष्ठित विद्याविद्, शिक्षाविद् और विद्वान शामिल हैं ।

इस द्वितीय शैक्षणिक परिषद का गठन केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 की धारा 22 के साथ पठित परिनियम 13 के अधीन किया गया है । इसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो. फुरकान कमर**,<br>कुलपति, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय | **अध्यक्ष**<br>(पदेन)<br>(25.06.2014 तक) |
| | **प्रो. योगिन्द्र एस वर्मा**<br>स्थानापन्न कुलपति, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय | **अध्यक्ष**<br>(पदेन)<br>(26.06.2014 से 19.04.2015 तक) |
| | **प्रो. कुलदीप चंद अग्निहोत्री**<br>कुलपति, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय | **अध्यक्ष**<br>(पदेन)<br>(20.04.2015 से) |
| 2. | **प्रो. योगिन्द्र एस वर्मा**<br>प्रति–कुलपति, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय | सदस्य<br>(पदेन सदस्य) |
| 3. | **प्रो. एन. सत्यमूर्ति,**<br>निदेशक, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसइआर), पंजाब | सदस्य<br>(15.07.2016 तक) |
| 4. | **प्रो. देवी सिंह,**<br>निदेशक, आईआईएम लखनऊ (उ.प्र.) | सदस्य<br>(20.08.2016 तक) |
| 5. | **श्री शेखर कपूर,**<br>क्रिएटिव निदेशक, मुंबई, महाराष्ट्र | सदस्य<br>(20.08.2016 तक) |
| 6. | **प्रो. श्याम मेनन,**<br>कुलपति, अंबेडकर विश्वविद्यालय,, नई दिल्ली | सदस्य<br>(20.08.2016 तक) |
| 7. | **प्रो. सुधांशु भूषण,**<br>विभागाध्यक्ष, उच्चतर शिक्षा विभाग, न्यूपा, नई दिल्ली | सदस्य<br>(20.08.2016 तक) |
| 8. | **प्रो. अनिल कुमार सिंह,**<br>कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद (उ.प्र.) | सदस्य<br>(20.08.2016 तक) |
| 9. | **प्रो. फैजान अहमद,**<br>निदेशक, सेंटर फॉर मल्टी–डिसिप्लिनरी रिसर्च इन बेसिक साइंस, जेएमआई, नई दिल्ली | सदस्य<br>(20.08.2016 तक) |
| 10. | **प्रो. एस.पी. सिंह,**<br>चेयर ऑफ एक्सीलेंस, वन अनुसंधान संस्थान (मानित विश्वविद्यालय), देहरादून | सदस्य<br>(20.08.2016 तक) |
| 11. | **प्रो. मीनाक्षी गोपीनाथ,**<br>पूर्व प्राचार्य, एलएसआर महिला महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय | सदस्य<br>(20.08.2016 तक) |
| 12. | **प्रो. पुलिन बी. नायक,**<br>दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली | सदस्य<br>(20.08.2016 तक) |
| 13. | **प्रो. अनविता अब्बी,**<br>भाषाविज्ञान प्रोफेसर, भाषाविज्ञान केन्द्र,<br>भाषा साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन स्कूल, जेएनयू, नई दिल्ली | सदस्य<br>(20.08.2016 तक) |
| 14. | **प्रो. अरविंद अग्रवाल,**<br>अधिष्ठाता, ललित कला एवं कला शिक्षा स्कूल, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(20.02.2016 तक) |
| 15. | **प्रो. आई.वी. मल्हन**<br>अधिष्ठाता, गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(18.04.2018 तक) |
| 16. | **प्रो. के.बी. जोशी,**<br>अधिष्ठाता, भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(03.07.2014 तक) |
| | **डॉ. ओ.एस.के.एस. शास्त्री,**<br>अधिष्ठाता, भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(10.07.2016 तक) |
| 17. | **प्रो. अंबरीश कुमार महाजन,**<br>अधिष्ठाता, पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(25.02.2016 तक) |

| | | |
|---|---|---|
| 18. | **डॉ. राशन लाल शर्मा,**<br>अधिष्ठाता, मानविकी एवं भाषा स्कूल, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(18.04.2018 तक) |
| 19. | **डॉ. अरबिंद कुमार झा,**<br>अधिष्ठाता, शिक्षा स्कूल, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(16.09.2014 तक) |
| | **डॉ. मनोज कुमार सक्सेना,**<br>अधिष्ठाता, शिक्षा स्कूल, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(09.10.2017 तक) |
| 20. | **प्रो. एच.आर शर्मा,**<br>अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(15.07.2016 तक) |
| 21. | **डॉ. प्रदीप कुमार,**<br>अधिष्ठाता, पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(18.04.2018 तक) |
| 22. | **डॉ. मनुकोण्डा रबीन्द्रनाथ,**<br>विभागाध्यक्ष, पत्रकारिता एवं सृजनात्मएक लेखन विभाग, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(18.04.2018 तक) |
| 23. | **डॉ. संजीव,**<br>विभागाध्यक्ष, लेखा तथा वित्त विभाग, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(22.07.2017 तक) |
| 24. | **डॉ. भगवान सिंह,**<br>विभागाध्यक्ष, विपणन एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विभाग, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(22.02.2016 तक) |
| 25. | **डॉ. बी.सी. चौहान,**<br>विभागाध्यक्ष एवं एसोसिएट प्रोफेसर, भौतिकी एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(10.10.2014 से 18.04.2018 तक) |
| 26. | **डॉ. आशुतोष प्रधान,**<br>विभागाध्यक्ष, समाज कार्य विभाग, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(30.05.2015 से 29.05.2018 तक) |
| 27. | **डॉ. दीपक पंत,**<br>एसोसिएट प्रोफेसर, पर्यावरण विज्ञान विभाग, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(15.07.2016 तक) |
| 28. | **डॉ. मुश्ताक अहमद,**<br>एसोसिएट प्रोफेसर, पर्यावरण विज्ञान विभाग, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(30.05.2015 से 29.05.2018 तक) |
| 29. | **श्री मनोज धीमान,**<br>सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर एवं आई.टी विभाग, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(15.07.2016 तक) |
| 30. | **डॉ. यूसुफ अख्तर,**<br>सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटेशनल जीवविज्ञान एवं जैवसूचना केन्द्र, हि.प्र.के.वि. | सदस्य<br>(15.07.2016 तक) |
| विश्वविद्यालय के कुलसचिव शैक्षणिक परिषद के पदेन सचिव हैं।<br>वर्ष के दौरान शैक्षणिक परिषद की एक बैठक दिनांक 22.11.2014 को आयोजित की गई। | | |

## स्कूल बोर्ड

विश्वविद्यालय के प्रत्येक स्कूलों के स्कूल बोर्डों का गठन किया गया है और इनमें निम्नलिखित सदस्य हैं :

| **भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल** | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. स्कूल के अधिष्ठाता | अध्यक्ष |
| | 2. स्कूल के विभागों के विभागाध्यक्षगण | सदस्य |
| | 3. स्कूल के केन्द्रों के निदेशकगण | सदस्य |
| | 4. स्कूल के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक एसोसिएट प्रोफेसर | 5. डॉ. बी.सी. चौहान, एसोसिएट प्रोफेसर, भौतिकी एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग | सदस्य (18.04.2015 तक) |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक सहायक प्रोफेसर | 6. डॉ. अयान चटर्जी, सहायक प्रोफेसर, भौतिकी एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग | सदस्य (26.12.2015 तक) |
| शैक्षणिक परिषद द्वारा नामित स्कूल के विभागों/केन्द्रों से संबंधित विषय अथवा विषयों में विशेष ज्ञान रखने वाले तीन विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 7. प्रो. नरेश दधीच, पूर्व प्रोफेसर, खगोलिकी एवं खगोल भौतिकी अंतर विश्वविद्यालय केन्द्र (आईयूसीएए), पुणे, वर्तमान में अतिथि प्रोफेसर, सैद्धांतिक भौतिकी केन्द्र, जेएमआई | सदस्य (28.06.2015 तक) |
| | 8. प्रो. रमेश सी. वर्मा, भौतिकी विभाग, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला | |
| | 9. प्रो. अफसर अब्बास, पूर्व प्रोफेसर, भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर, वर्तमान में अतिथि प्रोफेसर एएमयू | |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध और सजात विषयों के दो प्रोफेसर | 10. प्रो. आई.वी. मल्हन | सदस्य |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| **जैविक विज्ञान स्कूल** | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. स्कूल के अधिष्ठाता | अध्यक्ष |
| | 2. स्कूल के विभागों के विभागाध्यक्षगण | सदस्य |
| | 3. स्कूल के केन्द्रों के निदेशकगण | सदस्य |
| | 4. स्कूल के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक सहायक प्रोफेसर | - | सदस्य |
| शैक्षणिक परिषद द्वारा नामित स्कूल के विभागों/केन्द्रों से संबंधित विषय अथवा विषयों में विशेष ज्ञान रखने वाले तीन विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 5. प्रो. बी. जयरमन, आइआईटी, दिल्ली | सदस्य (28.06.2015 तक) |
| | 6. प्रो. देबाशीष मोहंती, राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान, नई दिल्ली | |
| | 7. प्रो. इंदिरा घोष, जेएनयू | |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध और सजात विषयों के दो प्रोफेसर | 8. प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा | |
| | 9. प्रो. आई.वी. मल्हन | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. स्कूल के अधिष्ठाता | अध्यक्ष |
| | 2. स्कूल के विभागों के विभागाध्यक्षगण | सदस्य |
| | 3. स्कूल के केन्द्रों के निदेशकगण | सदस्य |
| | 4. स्कूल के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक एसोसिएट प्रोफेसर | 5. डॉ. दीपक पंत, एसोसिएट प्रोफेसर, पर्यावरण विज्ञान विभाग | सदस्य (05.07.2015 तक) |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक सहायक प्रोफेसर | 6. डॉ. अंकित टंडन, सहायक प्रोफेसर, पर्यावरण विज्ञान विभाग | सदस्य (18.02.2017 तक) |
| शैक्षणिक परिषद द्वारा नामित स्कूल के विभागों/केन्द्रों से संबंधित विषय अथवा विषयों में विशेष ज्ञान रखने वाले तीन विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 7. प्रो. के.जी. सक्सेना, पूर्व अधिष्ठाता, पर्यावरण विज्ञान स्कूल, जेएनयू | सदस्य (28.06.2015 तक) |
| | 8. प्रो. वी.के जैन, कुलपति, दून विश्वविद्यालय, देहरादून, पूर्व प्रोफेसर, पर्यावरण विज्ञान स्कूल, जेएनयू | |
| | 9. प्रो. एम.के. पंडित, विभागाध्यक्ष, पर्यावरण अध्ययन, अंतर्विषयक अध्ययन केन्द्र | |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध और सजात विषयों के दो प्रोफेसर | 10. प्रो. आई.वी. मल्हन | |
| | 11. प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. स्कूल के अधिष्ठाता | अध्यक्ष |
| | 2. स्कूल के विभागों के विभागाध्यक्षगण | सदस्य |
| | 3. स्कूल के केन्द्रों के निदेशकगण | सदस्य |
| | 4. स्कूल के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| One Associate Professor from each Department / Centre in the School by rotation in order of seniority | - | सदस्य |
| One Assistant Professor from each Department/Centre in the School by rotation in order of seniority | 5. डॉ. सचिन कुमार श्रीवास्तव, सहायक प्रोफेसर, गणित विभाग | सदस्य (03.10.2016 तक) |
| | 6. श्री केशव सिंह रावत, सहायक प्रोफेसर, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान विभाग | |
| | 7. डॉ. डिंपल पटेल, सहायक प्रोफेसर, पुस्कालय एवं सूचना विज्ञान विभाग | |
| शैक्षणिक परिषद द्वारा नामित स्कूल के विभागों/केन्द्रों से संबंधित विषय अथवा विषयों में विशेष ज्ञान रखने वाले तीन विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 8. प्रो. जगदीश अरोड़ा, निदेशक इनफिलबनेट, अहमदाबाद | सदस्य (28.06.2015 तक) |
| | 9. प्रो. कर्मेशु, कंप्यूटर विज्ञान स्कूल, जेएनयू | |
| | 10. प्रो. एस.के. वासन, पूर्व प्रोफेसर, गणित विभाग, जेएमआई | |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध और सजात विषयों के दो प्रोफेसर | 11. प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा | |
| | 12. प्रो. अंबरीश कुमार महाजन | सदस्य (03.10.2016 तक) |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| मानविकी एवं भाषा स्कूल | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. स्कूल के अधिष्ठाता | अध्यक्ष |
| | 2. स्कूल के विभागों के विभागाध्यक्षगण | सदस्य |
| | 3. स्कूल के केन्द्रों के निदेशकगण | सदस्य |
| | 4. स्कूल के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक सहायक प्रोफेसर | - | |
| शैक्षणिक परिषद द्वारा नामित स्कूल के विभागों/केन्द्रों से संबंधित विषय अथवा विषयों में विशेष ज्ञान रखने वाले तीन विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 5. प्रो. हरीश सी. नारंग, पूर्व प्रोफेसर, जेएनयू | सदस्य (28.06.2015 तक) |
| | 6. प्रो. जसबीर जैन, पूर्व प्रोफेसर, अंग्रेजी, राजस्थान विश्वविद्यालय | |
| | 7. प्रो. अपूर्वानंद, हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय | |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध और सजात विषयों के दो प्रोफेसर | 8. प्रो. अरविंद अग्रवाल | |
| | 9. प्रो. हंस राज शर्मा | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| समाज विज्ञान स्कूल | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. स्कूल के अधिष्ठाता | अध्यक्ष |
| | 2. स्कूल के विभागों के विभागाध्यक्षगण | सदस्य |
| | 3. स्कूल के केन्द्रों के निदेशकगण | सदस्य |
| | 4. स्कूल के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक सहायक प्रोफेसर | - | सदस्य |
| शैक्षणिक परिषद द्वारा नामित स्कूल के विभागों/केन्द्रों से संबंधित विषय अथवा विषयों में विशेष ज्ञान रखने वाले तीन विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 5. प्रो. अंजलि गांधी, प्रोफेसर, समाज कार्य विभाग, जेएमआई | सदस्य (28.06.2015 तक) |
| | 6. प्रो. रवि श्रीवास्तव, प्रोफेसर अर्थशास्त्र, क्षेत्रीय विकास अध्ययन केन्द्र, (सीएसआरडी), जेएनयू | |
| | 7. प्रो. वेंकटेश, प्रोफेसर शासन एवं लोक नीति, टाटा समाज विज्ञान संस्थान, मुंबई | |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध और सजात विषयों के दो प्रोफेसर | 8. प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा | |
| | 9. प्रो. आई.वी. मल्हन | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| शिक्षा स्कूल | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. स्कूल के अधिष्ठाता | अध्यक्ष |
| | 2. स्कूल के विभागों के विभागाध्यक्षगण | सदस्य |
| | 3. स्कूल के केन्द्रों के निदेशकगण | सदस्य |
| | 4. स्कूल के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक सहायक प्रोफेसर | 5. डॉ. नवनीत शर्मा, सहायक प्रोफेसर, अध्यापक शिक्षा विभाग | सदस्य |
| शैक्षणिक परिषद द्वारा नामित स्कूल के विभागों/केन्द्रों से संबंधित विषय अथवा विषयों में विशेष ज्ञान रखने वाले तीन विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 6. प्रो. विनोद खादरिया, प्रोफेसर, जाकिर हुसैन शैक्षिक अध्ययन केन्द्र, जेएनयू, नई दिल्ली | सदस्य (28.06.2015 तक) |
| | 7. प्रो. एजाज मसीह, अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय, जेएमआई, नई दिल्ली | |
| | 8. प्रो. रामा मैथ्यू, अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय | |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध और सजात विषयों के दो प्रोफेसर | 9. प्रो. अरविंद अग्रवाल | |
| | 10. प्रो. हंस राज शर्मा | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. स्कूल के अधिष्ठाता | अध्यक्ष |
| | 2. स्कूल के विभागों के विभागाध्यक्षगण | सदस्य |
| | 3. स्कूल के केन्द्रों के निदेशकगण | सदस्य |
| | 4. स्कूल के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक सहायक प्रोफेसर | 5. डॉ. गीतांजलि उपाध्याय, सहायक प्रोफेसर, मानव संसाधन प्रबंधन एवं संगठनात्मक व्यवहार विभाग | सदस्य (27.06.2016 तक) |
| | 6. डॉ. मनप्रीत अरोड़ा, सहायक प्रोफेसर, लेखा तथा वित्त विभाग | |
| शैक्षणिक परिषद द्वारा नामित स्कूल के विभागों/केन्द्रों से संबंधित विषय अथवा विषयों में विशेष ज्ञान रखने वाले तीन विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 7. प्रो. जय के. मित्रा, पूर्व अधिष्ठाता, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़ (एफएमएस), दिल्ली विश्वविद्यालय | सदस्य (28.06.2015 तक) |
| | 8. प्रो. नंद धमीजा, पूर्व प्रोफेसर, भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली | |
| | 9. श्री नैवेद इकरम खाँ, पूर्व सीईओ एवं प्रमुख बाह्य संबंध, भारती एयरटेल, नई दिल्ली | सदस्य (28.06.2015 तक) |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध और सजात विषयों के दो प्रोफेसर | 10. प्रो. हंस राज शर्मा | |
| | 11. प्रो. अरविंद अग्रवाल | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. स्कूल के अधिष्ठाता | अध्यक्ष |
| | 2. स्कूल के विभागों के विभागाध्यक्षगण | सदस्य |
| | 3. स्कूल के केन्द्रों के निदेशकगण | सदस्य |
| | 4. स्कूल के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक सहायक प्रोफेसर | - | सदस्य |
| शैक्षणिक परिषद द्वारा नामित स्कूल के विभागों/केन्द्रों से संबंधित विषय अथवा विषयों में विशेष ज्ञान रखने वाले तीन विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 5. प्रो. एस.पी. बंसल, एचपीयू, शिमला | सदस्य (28.06.2015 तक) |
| | 6. प्रो. अशोक आएमा, जम्मू विश्वविद्यालय | |
| | 7. प्रो. एस. इनायत अली जैदी, निदेशक, पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन कार्यक्रम, जेएमआई, नई दिल्ली | |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध और सजात विषयों के दो प्रोफेसर | 8. प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा | |
| | 9. प्रो. हंस राज शर्मा | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| ललित कला एवं कला शिक्षा स्कूल | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. स्कूल के अधिष्ठाता | अध्यक्ष |
| | 2. स्कूल के विभागों के विभागाध्यक्षगण | सदस्य |
| | 3. स्कूल के केन्द्रों के निदेशकगण | सदस्य |
| | 4. स्कूल के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक सहायक प्रोफेसर | - | सदस्य |
| शैक्षणिक परिषद द्वारा नामित स्कूल के विभागों/केन्द्रों से संबंधित विषय अथवा विषयों में विशेष ज्ञान रखने वाले तीन विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 5. प्रो. घज़न्फर एच. जैदी, पूर्व अधिष्ठाता, ललित कला संकाय, जेएमआई | सदस्य (28.06.2015 तक) |
| | 6. प्रो. प्रमजीत सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य, दिल्ली कला स्कूल, दिल्ली | |
| | 7. प्रो. रजिन्दर भण्डारी, ललित कला विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ | |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध और सजात विषयों के दो प्रोफेसर | 8. प्रो. अरविंद अग्रवाल | |
| | 9. प्रो. आई.वी. मल्हन | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. स्कूल के अधिष्ठाता | अध्यक्ष |
| | 2. स्कूल के विभागों के विभागाध्यक्षगण | सदस्य |
| | 3. स्कूल के केन्द्रों के निदेशकगण | सदस्य |
| | 4. स्कूल के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य (04.07.2016 तक) |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम में प्रत्येक विभाग/केन्द्र के एक सहायक प्रोफेसर | 5. डॉ. रामप्रवेश राय, सहायक प्रोफेसर, जनसंचार एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया<br>6. डॉ. अर्चना कटोच, सहायक प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं सृजनात्मएक लेखन विभाग | |
| शैक्षणिक परिषद द्वारा नामित स्कूल के विभागों/केन्द्रों से संबंधित विषय अथवा विषयों में विशेष ज्ञान रखने वाले तीन विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 7. प्रो. ओबेद सिद्दकी, जनसंचार अनुसंधान केन्द्र (एमसीआरसी), जेएमआई | सदस्य (28.06.2015 तक) |
| | 8. प्रो. गीता बेमजाई, भारतीय जनसंचार संस्थान, नई दिल्ली | |
| | 9. प्रो. इफ्तिखार अहमद, अधिष्ठाता, फिल्म एवं टेलीविज़न संस्थान, पुणे | |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध और सजात विषयों के दो प्रोफेसर | 10. प्रो. अरविंद अग्रवाल | |
| | 11. प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

## पाठ्य समितियां

विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभागों / केंद्रों की पाठ्य समितियों का गठन किया गया है तथा इनमें निम्नलिखित सदस्य हैं :

| **भौतिकी एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग** | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | 4. डॉ. बी.सी. चौहान | सदस्य (18.04.2015 तक) |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | 5. डॉ. अयान चटर्जी | सदस्य (26.12.2015 तक) |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 6. प्रो. आई. वी. मल्हन | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 7. प्रो. पी.के. अहलूवालिया, प्रोफेसर, भौतिकी, हि.प्र. विश्वविद्यालय, शिमला | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 8. प्रो. रमेश सी. वर्मा, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| **पर्यावरण विज्ञान विभाग** | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | 4. डॉ. अंकित टंडन | सदस्य (18.02.2017 तक) |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 5. प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 6. प्रो. आई. वी. मल्हन | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 7. प्रो. अरुण के. अत्री, पर्यावरण विज्ञान स्कूल, जेएनयू | |
| | 8. प्रो. राज कुमार रामपाल, पीजी विभाग, पर्यावरण विज्ञान विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| गणित विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | 4. डॉ. सचिन कुमार श्रीवास्तव | सदस्य (29.09.2015 तक) |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 5. प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 6. प्रो. एच.आर. शर्मा | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 7. प्रो. बालकिशन दास, गणित विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय | |
| | 8. प्रो. डी.एस. जमवाल, गणित विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू | सदस्य (26.08.2015 तक) |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | 4. श्री केशव सिंह रावत | सदस्य (29.09.2016 तक) |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 5. प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | - | सदस्य |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 6. प्रो. खुर्रम मुश्तफा, कंप्यूटर विज्ञान विभाग, जेएमआई | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 7. प्रो. हुजूर सरन, आईआईटी, दिल्ली | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | 4. डॉ. डिंपल पटेल | सदस्य (29.09.2016 तक) |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 5. प्रो. अरविंद अग्रवाल | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 6. प्रो. एच.आर. शर्मा | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 7. डॉ. एच.के. कौल, निदेशक, डेलनेट, नई दिल्ली | |
| | 8. डॉ. जगतार सिंह, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| अंग्रेजी एवं यूरोपीय भाषा विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | - | सदस्य |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 4. प्रो. अरविंद अग्रवाल | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 5. प्रो. एच. आर. शर्मा | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषयक विशेषज्ञ जो विश्विद्यालय की सेवा में न हों | 6. प्रो. अनिल रैना, अंग्रेजी एवं सांस्कृतिक अध्ययन विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ | |
| | 7. प्रो. गुरुपदेश सिंह, जीएनडीयू, अमृतसर | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| हिंदी एवं भारतीय भाषा विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | - | सदस्य |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 4. प्रो. अरविंद अग्रवाल | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 5. प्रो. एच.आर. शर्मा | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 6. प्रो. अब्दुल बिस्मिल्लाह, हिंदी विभाग, जेएमआई, नई दिल्ली | |
| | 7. प्रो. हरि मोहन शर्मा, हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | 4. श्री इंदरवीर सिंह | सदस्य (29.09.2016 तक) |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 5. प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 6. प्रो. अरविंद अग्रवाल | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 7. प्रो. जसबीर सिंह, अर्थशास्त्र विभाग, जम्मू विश्वविद्यालय | |
| | 8. प्रो. ए.आर. बिलग्रामी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, जेएमआई, नई दिल्ली | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| समाज कार्य विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | 4. डॉ. आशुतोष प्रधान | सदस्य (18.04.2015 तक) |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | - | सदस्य |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 5. प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 6. प्रो. एच.आर. शर्मा | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 7. प्रो. ए.एस. कोहली, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, समाज कार्य विभाग, जेएमआई, नई दिल्ली | |
| | 8. प्रो. संजय भट्ट, समाज कार्य स्कूल, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| अध्यापक शिक्षा विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | 4. डॉ. नवनीत शर्मा | सदस्य (06.11.2017 तक) |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 5. प्रो. अरविंद अग्रवाल | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 6. डॉ. रोशन लाल शर्मा | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 7. प्रो. अनिता रामपाल, शिक्षा संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली | |
| | 8. प्रो. ए.के. सिंह, प्रोफेसर, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय (न्यूपा), नई दिल्ली | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| लेखा तथा वित्त विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | - | सदस्य |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 4. प्रो. एच. आर. शर्मा | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 5. प्रो. आई.वी. मल्हन | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 6. प्रो. (श्रीमती) मधु विज़, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़, दिल्ली विश्वविद्यालय | |
| | 7. प्रो. एम.एस. तुरान, हरियाणा स्कूल ऑफ बिज़नेस, गुरु जंबेश्वर यूनीवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, हिसार | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| एचआरएम एवं संगठनात्मक व्यवहार विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | - | सदस्य |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 4. प्रो. अरविंद अग्रवाल | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 5. प्रो. एच.आर. शर्मा | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 6. प्रो. (श्रीमती) अनु सिंह लैथर, विश्वविद्यालय व्यवसाय स्कूल, जीजीएसआईपी विश्वविद्यालय, दिल्ली | |
| | 7. प्रो. (श्रीमती) नीलू रोहमेत्रा, व्यवसाय स्कूल, जम्मू विश्वविद्यालय | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| विपणन एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | - | सदस्य |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 4. प्रो. एच. आर. शर्मा | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 5. प्रो. आई.वी. मल्हन | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 6. प्रो. सुनील शर्मा, प्रबंधन अध्ययन संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय | |
| | 7. प्रो. रवि शंकर, प्रबंधन अध्ययन विभाग, आईआईटी, दिल्ली | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | - | सदस्य |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 4. प्रो. अरविंद अग्रवाल | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 5. प्रो. एच. आर. शर्मा | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 6. प्रो. दीपक राज गुप्ता, जम्मू विश्वविद्यालय | |
| | 7. प्रो. के.के. कामरा, पर्यटन प्रबंधन विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| दृश्य कला विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | - | सदस्य |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 4. प्रो. अरविंद अग्रवाल | सदस्य (03.07.2015 तक) |
| | 5. डॉ. रोशन लाल शर्मा | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 6. प्रो. रजिन्दर भण्डारी, ललित कला विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ | |
| | 7. प्रो. सद्रे आलम, ललित कला संकाय, जेएमआई | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | 4. डॉ. अर्चना | सदस्य (04.07.2016) |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 5. प्रो. अरविंद अग्रवाल | सदस्य |
| | 6. डॉ. रोशन लाल शर्मा | सदस्य (03.07.2015) |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 7. प्रो. सुभाष सी. धुलिया, निदेशक, पत्रकारिता स्कूल, इग्नू, नई दिल्ली | |
| | 8. प्रो. वीर बाला अग्रवाल, हि.प्र. विश्वविद्यालय, शिमला | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| जनसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | - | - |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 4. प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा | सदस्य (03.07.2015) |
| | 5. प्रो. आई.वी. मल्हन | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 6. प्रो. एम. कासिम, एजेके–एमसीआरसी, जेएमआई, नई दिल्ली | |
| | 7. प्रो. अरबिंद सिन्हा, एसोसिएट निदेशक, मुद्रा इंस्टीट्यूटल ऑफ कॉम्युनिकेशन (एमआईसीए), अहमदाबाद | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

## पाठ्यचर्या विकास समितियाँ (सीडीसी)

| कंप्यूटेशनल बायोलॉजी एवं बायोइंफॉर्मेटिक्स केन्द्र | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठाता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठाता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | 4. डॉ. यूसुफ अख्तर | सदस्य (11.02.2016 तक) |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 5. प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा | सदस्य (04.07.2015 तक) |
| | - | सदस्य |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 6. प्रो. आलोक भट्टाचार्य, जेएनयू, नई दिल्ली | सदस्य (04.07.2015 तक) |
| | 7. प्रो. टी.सी. भल्ला, हि.प्र. विश्वविद्यालय, शिमला | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

| उद्यमिता एवं नवोन्मेष केन्द्र | | |
|---|---|---|
| **संघटन** | | |
| पदेन सदस्य | 1. विभाग के विभागाध्यक्ष | अध्यक्ष एवं संयोजक |
| | 2. स्कूल के अधिष्ठाता अथवा उनके/उनकी नामिती | सदस्य |
| | 3. विभाग के सभी प्रोफेसर | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक एसोसिएट प्रोफेसर | - | सदस्य |
| वरिष्ठता के अनुसार चक्रानुक्रम से विभाग के एक सहायक प्रोफेसर | - | सदस्य |
| कुलपति द्वारा नामित सम्बद्ध अथवा सजात विषयों से जुड़े विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों में से दो अध्यापक | 4. प्रो. अरविंद अग्रवाल | सदस्य (04.07.2015 तक) |
| | 5. प्रो. आई.वी. मल्हन | |
| कुलपति द्वारा नामित दो विषय विशेषज्ञ जो विश्वविद्यालय की सेवा में न हों | 6. प्रो. एस.एस. खंका, राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान, फरीदाबाद | |
| | 8. प्रो. सुधीर के जैन, प्रबंधन अध्ययन विभाग, आईआईटी, दिल्ली | |
| पदेन सदस्यों को छोड़कर सभी सदस्यों का कार्यकाल अधिसूचना जारी होने की तिथि से तीन वर्ष होगा। | | |

## वित्त समिति

केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 की दूसरी अनुसूची में समाहित प्रथम परिनियम के परिनियम 17 के साथ पठित धारा 24 और उसके बाद एमएचआरडी के पत्र सं. 54–1/2014–डेस्क(यू) दिनांक 18–3–2014 के अनुसार विश्वविद्यालय की वित्त समिति का गठन किया गया है। इस समिति में निम्नलिखित सदस्य हैं :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कुलपति**<br>हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय | अध्यक्ष |
| 2. | **प्रति–कुलपति,**<br>हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय | सदस्य |
| 3. | **श्रीमती आशा स्वरूप,**<br>(कोर्ट की नामिती) | सदस्य |
| 4. | **प्रोफेसर एन.सत्यमूर्ति,**<br>(कार्यकारिणी परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 5. | **श्री सैय्यद शहीद महदी,**<br>(कार्यकारिणी परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 6. | **डॉ बी.एस.गिल,**<br>(कार्यकारिणी परिषद के नामिती) | सदस्य |
| 7. | **संयुक्त सचिव और वित्तीय सलाहकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी)**<br>अथवा एमएचआरडी के वित्त ब्यूरो से उनके/उनकी नामिती जो उप सचिव, भारत सरकार के पद से कम न हों<br>(कुलाध्यक्ष के/की नामिती) | |
| 8. | **संयुक्त सचिव (केन्द्रीय विश्वविद्यालय एवं भाषाएं) मानव संसाधन विकास मंत्रालय**<br>अथवा उनके/उनकी नामिती जो संयुक्त सचिव, भारत सरकार के पद से कम न हों<br>(कुलाध्यक्ष के/की नामिती) | सदस्य |
| 9. | **संयुक्त सचिव (के.विवि.), यूजीसी**<br>अथवा अध्यक्ष, यूजीसी द्वारा नामित अन्य संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी<br>(कुलाध्यक्ष के/की नामिती) | सदस्य |
| विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी वित्त समिति के पदेन सचिव हैं।<br>वर्ष के दौरान वित्त समिति की दो बैठकें दिनांक 09.08.2014 एवं 17.01.2015 को आयोजित की गईं । | | |

# स्थापना के बाद से विकास

विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति द्वारा दिनांक 20 जनवरी, 2010 को कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत विश्वविद्यालय का कार्य प्रारंभ हो गया। विश्वविद्यालय के भौतिक और शैक्षणिक संरचनात्मक रूपरेखा को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए कार्यकलाप प्रारंभ किए गए। **वर्ष 2009–10 से 2014–15** के दौरान अब तक की गई प्रगति/प्राप्त उपलब्धियां हैं :–

## अब तक विकसित भौतिक सुविधाएं और शैक्षणिक अवसंरचना :

**स्थायी परिसरों के लिए भूमि एवं भवन :** विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर(रों) का विकास और निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है। वास्तविक निर्माण और विकास कार्य विश्वविद्यालय को राज्य सरकार द्वारा सभी दृष्टियों से विल्लंगम रहित भूमि हस्तांतरित होने के बाद ही प्रारंभ किया जा सकता है।

## भवन का निर्माण और परिसर का विकास

विकास और निर्माण कार्य भूमि का हस्तांतरण और विश्वविद्यालय द्वारा इस पर कब्जा अपेक्षित होने के कारण अब तक प्रारंभ नहीं हो सका है।

## अस्थायी भवन

- **कैंप कार्यालय** : राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय को कुलपति के निवास–सह–कार्यालय हेतु किराया आधार पर हिमाचल प्रदेश सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग के संस्कृति सदन (राइटर्स होम) को आबंटित कर दिया। चूंकि धर्मशाला में विश्वविद्यालय का कार्यालय स्थापित करने के लिए कोई अन्य भवन उपलब्ध नहीं कराया जा सकता था इसलिए विश्वविद्यालय ने इसी भवन में अपना कैंप कार्यालय स्थापित किया है। कैंप कार्यालय माड्यूलर फर्नीचर के साथ पूर्णतया कार्यशील है तथा इसमें कुलपति के कार्यालय, विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए चार चैम्बर, बैठक आदि के लिए पूर्णतया सज्जित बोर्ड कक्ष, कार्यालय स्टाफ के लिए आठ कक्ष, भंडार कक्ष, रसोई घर तथा स्वागत कक्ष, 24 लाइनों वाला ईपीबीएएक्स, मल्टीमीडिया प्रोजेक्टर, फोटो कॉपियर, 19 पर्सनल कंप्यूटर, लोकल एरिया नेटवर्क (एलएएन) तथा वाईफाई के साथ 04 एमबीपीएस इंटरनेट कनेक्टिविटी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं ।
- **कुलपति का अस्थायी निवास :** राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए आकलन अनुसार एक आवासीय भवन किराया पर लिया गया और इसे कुलपति के आवास के लिए प्रकार्यात्मक रूप से सज्जित किया गया है ।
- **लड़कों और लड़कियों के लिए अस्थायी छात्रावास :** विश्वविद्यालय द्वारा कांगड़ा बाइपास पर 110 बोर्डर्स लड़कों के लिए और लोअर बड़ोल, दारी, धर्मशाला में 45 बोर्डर्स महिला छात्रावास भाड़े पर लिया गया।
- **अस्थायी शैक्षणिक खंड :** राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय का अस्थायी परिसर स्थापित करने के लिए संस्थागत भवन (धर्मशाला के निकट शाहपुर में एक नया राजकीय महाविद्यालय भवन) आबंटित किया। यह भवन विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ किए गए अध्ययन कार्यक्रमों हेतु पर्याप्त मात्र एवं समुचित है। जिला प्रशासन की सहायता से विश्वविद्यालय द्वारा प्राथमिकता के आधार पर परिसर में जल एवं विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था कर दी गई है। यह धर्मशाला से 30 किलोमीटर या लगभग 45 मिनट की दूरी पर स्थित है। अस्सी हजार (80,000) वर्गफीट से अधिक के निर्मित क्षेत्र में यह अस्थायी शैक्षणिक खंड माड्यूलर फर्नीचर से सज्जित है। अस्थायी शैक्षणिक खंड में सृजित और उपलब्ध कराई गई सुविधाएं **तालिका 1** में दी गई हैं।

**तालिका 1**

**विश्वविद्यालय के अस्थायी शैक्षणिक खंड में सृजित और विकसित सुविधाओं का विवरण**

| सुविधाएं | विवरण |
|---|---|
| कक्षाएं/व्याख्यान थियेटर | • छः अत्याधुनिक कक्षाएं जिनमें प्रत्येक में 45 छात्रों के बैठने की क्षमता है<br>• छः अत्याधुनिक व्याख्यान थियेटर जिनमें प्रत्येक में 90 छात्रों के बैठने की क्षमता है<br>• सामूहिक चर्चा, परियोजनाओं (प्रोजेक्ट्स), कार्यशालाओं आदि के लिए एक कक्षा जिसमें 20 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता है |
| सेमिनार कक्ष/सम्मेलन हॉल | • एक सम्मेलन हॉल जिसमें 200 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता है<br>• एक सेमिनार हॉल जिसमें 70 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता है |
| प्रयोगशालाएं | • तीन प्रयोगशालाएं जो विज्ञान के अध्ययन कार्यक्रमों हेतु बुनियादी सिविल अवसंरचना से युक्त है<br>• सूचना प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला जहाँ 41 कॉनसोल्स की व्यवस्था है<br>• डिजीटल भाषा लैब जहाँ 41 कॉनसोल्स की व्यवस्था की जा रही है |
| कार्यालय स्थल/<br>वर्क स्टेशन/काउन्टर | • विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए तीन चैम्बर एवं कार्यालय<br>• अस्थायी शैक्षणिक खंड के लिए केन्द्रीय कार्यालय जिसमें स्वागत कक्ष, रोकड़ काउन्टर, एक केबिन एवं स्टाफ के लिए छः वर्क स्टेशन हैं<br>• परीक्षा एवं अन्य गोपनीय रिकार्डों के लिए एक स्ट्रौंग रूम |
| संकाय कक्ष/कक्षक/वर्क स्टेशन | • प्रोफेसर/विभागाध्यक्ष/अधिष्ठाताओं के लिए पूर्णतया सज्जित आठ केबिन<br>• स्कूलों/विभागों के कार्यालयों के लिए आठ वर्कस्टेशन<br>• एसोसिएट प्रोफेसरों/सहायक प्रोफेसरों के लिए बहत्तर वर्कस्टेशन |
| पुस्तकालय एवं सूचना संसाधन केन्द्र (एलआईआरसी) | • विषयसूची (कैटलॉग) एवं ई–रिसोर्स का इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रयोग के लिए 16 टर्मिनल<br>• 15,000 पुस्तकों के लिए स्टैक<br>• पत्रिकाओं/जर्नलों के लिए रैक<br>• पठन कक्ष जिसमें एक साथ लगभग 40 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता है<br>• लगभग 100 व्यक्तियों के लिए लॉकर<br>• पुस्तकालय–अध्यक्ष चैंबर<br>• भंडार कक्ष<br>• फोटोकॉपी की सुविधा<br>• 'इनफिलबनेट' से विश्वविद्यालय पुस्तकालयों के सॉफ्टवेयर (एसओयूएल)<br>• 'इनफिलबनेट' के माध्यम से ई–रिसोर्स |
| अन्य सुविधाएं | • शुद्ध पेयजल की सुविधाएं<br>• विश्वविद्यालय ने आउटसोर्स करते हुए वेंडर के माध्यम से भुगतान आधार पर संयुक्त रूप से छात्रों एवं स्टाफ के लिए फोटोकॉपी की सुविधा उपलब्ध करायी है ।<br>• विश्वविद्यालय द्वारा एक छोटा जिम/कार्यकलाप कक्ष/बैडमिंटन, वॉलीबॉल एवं बास्केट बॉल के लिए बुनियादी सुविधाओं से युक्त एक खेल का मैदान स्थापित किया गया है।<br>• विश्वविद्यालय नैसकेफे आउटलेट के माध्यम से कैंटीन सुविधा प्रदान करने की प्रक्रिया चल रही है |
| इंटरनेट कनेक्टिविटी | • कैंप कार्यालय में इनफिलबनेट द्वारा आप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) के माध्यम से 04 एमबीपीएस कनेक्टिविटी उपलब्ध करायी गयी है ।<br>• विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क (एनकेएन) के अंतर्गत 1 जीबीपीएस कनेक्टिविटी स्वीकृत की गई है – आप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) पहले ही लगा दिया गया है तथा टैब, शाहपुर में यह सुविधा कार्यशील हो गई है। |
| एलएएन/वाईफाई | • संपूर्ण अस्थायी शैक्षणिक खंड में लोकल एरिया नेटवर्क एवं वाईफाई कनेक्टिविटी एनएमईआईसीटी के अन्तर्गत उपलब्ध कराई गई है। |
| ई–गवर्नेंस पहल | • नौकरी और प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।<br>• वर्तमान में संपूर्ण ऑफिस ऑटोमेशन और ई–गवर्नेंस के लिए इन्टरप्राइज–वाइड रिसोर्स प्लानिंग हेतु संपूर्ण समाधान के कार्यान्वयन की दिशा में विश्वविद्यालय सक्रियता से कार्य कर रहा है। |
| भाषा प्रयोगशाला | • विश्वविद्यालय द्वारा टर्नकी आधार पर 41 कॉनसोल्स से युक्त डिजिटल भाषा प्रयोगशाला की स्थापना की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। |
| कंप्यूटिंग सुविधा | • अस्थायी शैक्षणिक खंड (टैब) में 32 पर्सनल कंप्यूटरों से युक्त कंप्यूटिंग सुविधा है। |
| संचार सुविधा | • पांच लैंडलाइन टेलीफोन कनेक्शन<br>• 64 लाइन ईपीबीएक्स सिस्टम |

# भर्ती एवं नियुक्तियां

## सांविधिक अधिकारीगण

विश्वविद्यालय के प्रथम कुलसचिव और प्रथम वित्त अधिकारी के पदों को विज्ञापित किया गया था, इनके साक्षात्कार लिए गए थे तथा इन पदों के लिए चयन किया गया था और इन पदों को वर्ष 2011–12 के दौरान भर भी लिया गया। प्रथम कुलसचिव द्वारा त्यागपत्र के कारण दिनांक 10.07.2013 से यह पद रिक्त होने पर प्रथम कुलसचिव की शेष अवधि अर्थात् 30.03.2013 तक के लिए प्रथम कुलसचिव का पद विज्ञापित किया गया। प्रथम कुलसचिव की शेष अवधि के लिए चयन हेतु चयन समिति गठित की गई और चयन समिति द्वारा संस्तुति और उस पर अनुमोदन के उपरांत वर्ष 2013–14 के दौरान पुनः भर लिया गया। प्रथम कुलसचिव तथा प्रथम वित्त अधिकारी के 03 वर्षों के कार्यकाल के समापन से पहले कुलसचिव तथा वित्त अधिकारी के नियमित पदों को वर्ष 2013–14 के दौरान विज्ञापित किया गया, साक्षात्कार और चयन कर लिए गए। इन नियमित पदों को भर लिया गया है।

परीक्षा नियंत्रक के पद को वर्ष 2011–12 के दौरान विज्ञापित किया गया था और चयन समिति की बैठक वर्ष 2012–13 में आयोजित की गई थी, परंतु इस पद को भरा नहीं जा सका। परीक्षा नियंत्रक के पद को 2013–14 के दौरान पुनः विज्ञापित किया गया। पुस्तकालय अध्यक्ष के पद को 2011–12 में विज्ञापित किया गया था, जिसे 2013–14 के दौरान पुनः विज्ञापित किया गया। इन पदों को भरने की प्रक्रिया चल रही है ।

## शिक्षण संकाय

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा 20 विभिन्न विभागों के लिए 1:2:4 के अनुपात में कुल 140 पदों को स्वीकृत किया गया था । इन स्वीकृत पदों में से 11 स्कूलों के अंतर्गत 18 विभिन्न विभागों/केन्द्रों के लिए 126 संकाय सदस्यों के पदों को सृजित किया गया था। इसके अलावा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वर्ष 2013 में अध्यापक शिक्षा विभाग के अंतर्गत बीएड/एमएड के लिए 13 शिक्षण पदों (2 प्रोफेसर, 3 एसोसिएट प्रोफेसर और 8 सहायक प्रोफेसर) के पदों को भी स्वीकृत किया गया । इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने पांच नए विभागों को खोलने का अनुमोदन प्रदान करते हुए कुल 35 शिक्षण पदों को भी स्वीकृत किया है । इस प्रकार 31.03.2015 तक सभी विभागों एवं केन्द्रों/अध्ययन कार्यक्रमों के लिए 1:2:4 के अनुपात में कुल 188 शिक्षण पदों (27 प्रोफेसर, 53 एसोसिएट प्रोफेसर और 108 सहायक प्रोफेसर) को स्वीकृत किया गया है जिसमें से 31.03.2015 तक नियमित रूप से नियुक्त 05 प्रोफेसर, 11 एसोसिएट प्रोफेसर और 51 सहायक प्रोफेसर कार्यरत हैं ।

2013–14 के दौरान रिक्त 14 प्रोफेसरों, 27 एसोसिएट प्रोफेसरों और 23 सहायक प्रोफेसर के पदों को विज्ञापित किया गया था परंतु प्रशासनिक कारणों से चयन समितियों की बैठकें आयोजित नहीं हो सकीं । इन पदों को भरने की प्रक्रिया चल रही है ।

## प्रशासनिक/शिक्षकेतर कर्मीगण

वित्त समिति और कार्यकारिणी परिषद के अनुमोदन और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सहमति से 31.03.2015 तक अन्य शैक्षणिक स्टाफ के 04 पदों (लाइब्रेरियन, डिप्टी लाइब्रेरियन एवं 02 सहायक लाइब्रेरियन) और शिक्षकेतर स्टाफ के 117 पदों (वर्ग क–13; वर्ग ख–31; एवं वर्ग ग–73) को सृजित किया गया है । ये पद कुलसचिव, वित्त अधिकारी और परीक्षा नियंत्रक के सांविधिक पदों के अतिरिक्त हैं। वर्ष 2011–12, 2012–13 एवं 2013–14 के दौरान विभिन्न शिक्षकेतर कर्मियों के पदों के लिए चयन समितियों की बैठकें आयोजित की गईं । 31.03.2015 के अनुसार 23 नियमित शिक्षकेतर स्टाफ (वर्ग क–03; वर्ग ख–05; एवं वर्ग ग–15) कार्यरत हैं ।

शिक्षकेतर पदों के लिए संवर्ग भर्ती नियम (सीआरआर) को तैयार किया जा रहा है और इसे अंतिम रूप दिए जाने के बाद ही विश्वविद्यालय द्वारा शेष पदों पर भर्ती की आगामी कार्रवाई की जाएगी ।

वर्ष के दौरान प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए आतंरिक लेखा परीक्षा अधिकारी के पद को जनवरी, 2015 में विज्ञापित किया गया है और इस पद को भरने की प्रक्रिया चल रही है।

## सेवाओं की आउटसोर्सिंग

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सहायक सेवाओं के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से 75 व्यक्तियों तक का अनुमोदन किया गया था जिसमें से वर्ष के दौरान 73 व्यक्तियों की सेवाएं ली जा रही हैं।

# विज़न दस्तावेज एवं कार्यनीतिक योजना

विश्वविद्यालय ने अपना विज़न दस्तावेज तैयार कर लिया है जिसमें शैक्षणिक ढाँचा, पाठ्यचर्या रूपरेखा, अध्ययन कार्यक्रम, प्रवेश एवं शुल्क नीति, शासन एवं प्रशासन, संकाय सदस्य एवं जनशक्ति आवश्यकताएं, परिसर नक्शा, भौतिक ढाँचा, कार्य की चरणबद्धता एवं कार्यान्वयन योजना का ब्योरा दिया गया है । इस विज़न दस्तावेज पर प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, शैक्षिक योजनाकर्ताओं एवं प्रशासकों और संस्थान निर्माताओं जैसे प्रतिभागियों के साथ शिमला में आयोजित दो दिवसीय विचार–मंथन सत्र में व्यापक रूप से चर्चा की गई । विचार–मंथन सत्र के दौरान प्राप्त सुझावों एवं टिप्पणियों के आधार पर दस्तावेज को संशोधित किया गया है । विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद एवं कार्यकारी परिषद द्वारा यथा अनुमोदित संशोधित दस्तावेज को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग/मानव संसाधन विकास मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा यथा विकसित एवं अनुमोदित विज़न दस्तावेज और कार्यनीतिक योजना में विश्वविद्यालय के निम्नलिखित पहलू शामिल हैं :

1. **विज़न, मिशन, उद्देश्य एवं स्वॉट (एसडब्ल्यूओटी) विश्लेषण** (प्रारंभ, परिसर का स्थान, क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र, विज़न , मिशन, उद्देश्य, प्रमुख विशेषताएं, कार्य योजना एवं स्वॉट विश्लेषण)
2. **हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय की शैक्षणिक ढाँचा** (शैक्षणिक संगठन, स्कूल, विभाग एवं अध्ययन केन्द्र)
3. **पाठ्यचर्या रूपरेखा एवं अध्ययन कार्यक्रम** (पाठ्यचर्या ढाँचा जिसमें मार्गदर्शी सिद्धांत, विद्यार्थी–केन्द्रित दृष्टिकोण, उच्च शिक्षा के प्रति समग्र दृष्टिकोण, गहन शिक्षा पर जोर, अनुसंधान एवं छात्रवृत्ति सम्बद्धता, फीडबैक, मूल्यांकन एवं समीक्षा पर आधारित, चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली, कुल अधिगम परिणाम (टीएलओ) पर आधारित, कुल छात्र प्रयास (टीएसई) पर आधारित मूल्यांकन, क्रेडिट देने संबंधी प्रणाली, पाठ्यक्रम की विषय–सूची, विस्तृत पाठ्यक्रम रूपरेखा शामिल हैं; पाठ्य कार्यक्रम जिसमें मानक यूजी/पीजी/आरडी कार्यक्रम, नवान्वेषित बहुविषयक, माड्यूलर कार्यक्रम, नवान्वेषित यूजी कार्यक्रम, नवान्वेषित पीजी कार्यक्रम, नवान्वेषित आरडी कार्यक्रम, प्रकाशन कार्यों के लिए क्रेडिट की संगणना, शिक्षण सहायकवृत्ति के लिए क्रेडिटों की संगणना, परीक्षा, आकलन एवं मूल्यांकन, ग्रेडिंग प्रणाली, डिग्री प्रदान करना शामिल हैं ।
4. **प्रवेश, शुल्क, शासन एवं प्रशासन से संबंधित सामान्य नीतियां** (प्रवेश नीति–प्रतिभा खोज, पूर्णकालिक एवं अंशकालिक कार्यक्रमों, शुल्क नीति एवं शुल्क संरचना, शासन एवं प्रशासन, आईसीटी, आईटी समाकलन एवं ईआरपी, आउटरीच कार्यक्रम तथा सामुदायिक नेटवर्किंग)
5. **संकाय सदस्य एवं जनशक्ति योजना** (संकाय सदस्यों की आवश्याकताएं, योग्य संकाय सदस्यों, प्रशासनिक, शिक्षकेतर एवं सहायक स्टाफ को आकर्षित करने के लिए कार्यनीतियां)
6. **भौतिक ढाँचा** (मार्गदर्शी सिद्धांत, जोनिंग तथा परिसर का नक्शा, भौतिक अवसंरचना)
7. **वित्तीय परिणाम, चरणबद्धता एवं कार्यान्वयन योजना** (पूंजीगत निवेश, चरणबद्धता एवं कार्यान्वयन योजना के लिए सकल वित्तीय आवश्यकताएं, अवसंरचना विकास में सार्वजनिक निजी भागीदारी की संभावना, सकल वार्षिक आवर्ती व्यय, आवर्ती व्यय का वार्षिक बहिर्प्रवाह, लागत वसूली एवं आय के अन्य स्रोत, विकास के लिए कार्यनीतियां)

**धीरे–धीरे परंतु समयबद्ध तरीके से विश्वविद्यालय के विज़न और कार्यनीतिक योजना को परिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों को तैयार करते हुए इनके माध्यम से कार्य–रूप में परिणत किया जा रहा है। अब तक विश्वविद्यालय द्वारा विज़न को कार्य–रूप देने के लिए 05 परिनियमों और 46 अध्यादेशों को तैयार किया गया है।**

# परिनियमों और अध्यादेशों का बनाया जाना

## परिनियमों का बनाया जाना

विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय में सुचारू कार्य के लिए काफी उद्यम के बाद अपेक्षित परिनियमों का निर्माण किया गया। यह एक लंबी प्रक्रिया है और बारीकियों का ध्यान रखते हुए अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। तथापि, विश्वविद्यालय ने अनेक परिनियमों को बनाकर उन पर कुलाध्यक्ष का अनुमोदन भी प्राप्त कर लिया। अभी तक शैक्षणिक परिषद और कार्यकारिणी परिषद के अनुमोदन तथा तत्पश्चात विश्वविद्यालय के कुलाध्याक्ष की सहमति प्राप्त करने के बाद विश्वविद्यालय के निम्नलिखित परिनियम बनाए गए हैं :–

| परिनियम | शीर्षक |
|---|---|
| **वर्ष 2013–14 तक तैयार, अनुमोदित और अधिसूचित** | |
| 16 (4) | विभागाध्यक्ष की नियुक्तियां |
| 16 (5) | केन्द्रों के निदेशकों की नियुक्तियां |
| 40 | स्कूल, विभागों और अध्ययन केन्द्रों की स्थापना |
| 41 | योजना एवं अनुवीक्षण बोर्ड का गठन |
| 42 | अधिष्ठाता, छात्र कल्याण की विश्वविद्यालय के अधिकारी के रूप में नियुक्ति |

## अध्यादेशों का बनाया जाना

प्रथम परिनियम के साथ पठित केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के अंतर्गत विश्वविद्यालय से सभी ऐसे विषयों पर अपना पहला अध्यादेश बनाने की अपेक्षा की गई है जिसके लिए अधिनियम और परिनियमों द्वारा अध्यादेशों के निर्माण का अधिदेश दिया गया है । अध्यादेशों का निर्माण श्रमसाध्य कार्य था, विशेष रूप से इसलिए कि विश्वविद्यालय ने अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों, पाठ्यचर्या रूपरेखा, परीक्षा प्रणाली आदि को नवीन रूप प्रदान करने का लक्ष्य रखा था। तथापि, बहुत ही कम समय में शैक्षणिक परिषद और कार्यकारिणी परिषद के अनुमोदन से निम्नलिखित अध्यादेशों को तैयार कर लिया गया और इसे अधिसूचित किया गया :

| अध्यायदेश | शीर्षक |
|---|---|
| **वर्ष 2010–11 के दौरान तैयार, अनुमोदित और अधिसूचित** | |
| 1. | विभागों और केन्द्रों का अध्ययन स्कूलों के अंतर्गत निर्धारण |
| 2. | विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों का प्रवेश |
| 3. | अधिष्ठाता की नियुक्ति, कार्य, कर्तव्य और उत्तरदायित्व |
| 4. | पाठ्य समिति का गठन, इसके सदस्यों का कार्यकाल और इसकी शक्तियां एवं कार्य |
| 5. | विभागाध्यक्ष के कार्य और कर्तव्य |
| 6. | केन्द्र निदेशकों के कार्य और कर्तव्य |
| 7. | अधिष्ठाता, छात्र कल्याण के कार्य और उत्तरदायित्व |
| 8. | कुलपति की परिलब्धियां तथा सेवा के निबंधन और शर्तें |
| 9. | प्रति–कुलपति की परिलब्धियां, सेवा के निबंधन और शर्तें |
| 10. | कुलसचिव की परिलब्धियां, सेवा के निबंधन और शर्तें, कार्य और उत्तरदायित्व |
| 11. | वित्त अधिकारी की परिलब्धियां, सेवा के निबंधन और शर्तें |
| 12. | परीक्षा नियंत्रक की परिलिब्धियां, सेवा के निबंधन और शर्तें |
| 13. | पुस्तकालय–अध्यक्ष की परिलब्धियां, सेवा के निबंधन और शर्तें |
| 14. | अध्यापकों और अन्य शैक्षणिक कर्मियों की सेवा के निबंधन और शर्तें और आचरण संहिता |
| 15. | शैक्षणिक कर्मियों के लिए छुट्टी नियमावली |
| 16. | प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर और अन्य शैक्षणिक कर्मियों के पदों की नियुक्ति के लिए चयन समिति द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया/प्रतिमानक |

| | |
|---|---|
| 17. | छात्र–छात्राओं के आवास की शर्तें और विश्वविद्यालय के आवासाध्यक्ष (प्रोवोस्ट) एवं छात्रपाल (वार्डन) के कार्य, कर्तव्य, उत्तरदायित्व और नियुक्ति की प्रक्रिया |
| 18. | अनुशासन का संवर्धन और विश्वविद्यालय के कुलानुशासक (प्राक्टर) की नियुक्ति की प्रक्रिया, कार्य, कर्तव्य और उत्तरदायित्व |
| 19. | विश्वविद्यालय भवन समिति |
| 20. | विश्वविद्यालय पुस्तकालय समिति |
| 21. | लैंगिक उत्पीड़न के संबंध में संवेदनीकरण, प्रतिषेध और प्रतितोष (स्पर्श) |
| 22. | स्कूल बोर्ड का गठन, शक्तियां और कार्य |
| 23. | यात्रा और विराम भत्ता नियमावली |
| 24. | अध्यापक और अन्य शैक्षणिक कर्मियों के अलावा कर्मचारियों की नियुक्ति के तरीके और परिलब्धियों सहित संवर्ग भर्ती नियमावली |
| 25. | पूर्व–छात्र संघ |
| 26. | क्रीड़ा और खेल समिति |
| 27. | विद्वत निकायों अथवा संघों सहित अन्य विश्वविद्यालयों, संस्थानों और अन्य एजेंसियों के साथ सहकारिता और सहयोग की प्रक्रियाएं |
| 28. | कर्मचारियों और छात्र–छात्राओं के लिए शिकायत निवारण समिति |
| 29. | परीक्षाओं/डिग्रियों की मान्यता हेतु समतुल्यता संबंधी स्थायी समिति |
| 30. | अनुसंधान डिग्री कार्यक्रम के अलावा अध्ययन कार्यक्रमों के लिए शिक्षण माध्यम, परीक्षा, मूल्यांकन और ग्रेडिंग प्रणाली |
| 31. | पाठ्यचर्या रूपरेखा, अध्ययन कार्यक्रम और डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट प्रदान किए जाने के संबंध में शर्तें |
| 32. | विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं द्वारा देय शुल्क और अन्य प्रभार |
| 33. | क्रेडिटों का हस्तांतरण |
| **वर्ष 2011–12 के दौरान तैयार, अनुमोदित और अधिसूचित** | |
| 34. | हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय मोटर वाहन नियमावली |
| 35. | हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय वस्तु एवं सेवा प्रापण नियमावली 2010 |
| 36. | वित्तीय शक्ति प्रत्यायोजन अनुसूची |
| 37. | प्रशासनिक शक्ति प्रत्यायोजन अनुसूची |
| 38. | सूचना का अधिकार नियमावली 2011 |
| 39. | हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय (चिकित्सा परिचर्या) नियमावली 2011 |
| 40. | प्रक्रियाधीन ( हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय पेंशन नियमावली) |
| 41. | दर्शन निष्णात (एम.फिल) कार्यक्रम के लिए शिक्षण माध्यम, परीक्षा, मूल्यांकन और ग्रेडिंग प्रणाली |
| 42. | विद्या वाचस्पति (पीएचडी) कार्यक्रम के लिए शिक्षण माध्यम, परीक्षा, मूल्यांकन और ग्रेडिंग प्रणाली |
| **वर्ष 2012–13 के दौरान तैयार, अनुमोदित और अधिसूचित** | |
| 43. | दीक्षांत समारोह |
| 44. | योजना और अनुवीक्षण बोर्ड की शक्तियाँ और कार्य |
| **वर्ष 2013–14 के दौरान तैयार, अनुमोदित और अधिसूचित** | |
| 45. | छात्र परिषद के गठन संबंधी हि.प्र.के.वि. नियमावली |
| 46. | हि.प्र.के.वि. वार्षिक निष्पादक मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) नियमावली, 2013 |

# परिनियम 40 के अन्तर्गत यथा अनुमोदित स्कूल, विभाग और अध्ययन केन्द्र

विश्वविद्यालय द्वारा अपने विज़न दस्तावेज के आधार पर विश्वविद्यालय के स्कूलों, विभागों और केन्द्रों की स्थापना के लिए परिनियम और अध्यादेशों को तैयार किया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा अनेक विभागों और केन्द्रों से युक्त 17 स्कूलों को स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया था। जबकि तीन स्कूलों और उसके विभागों एवं केन्द्रों के अनुमोदन को आस्थगित कर दिया गया, माननीय कुलाध्यक्ष द्वारा 14 स्कूलों और उनके विभागों एवं केन्द्रों को अनुमोदित किया गया। परिनियम के अन्तर्गत यथाअनुमोदित स्कूलों और उनके विभागों एवं केन्द्रों की सूची **तालिका 2** में दी गई है :–

**तालिका 2**
**विश्वविद्यालय के स्कूल, विभाग और अध्ययन केन्द्र**

| क्रम.सं. | स्कूल | स्कूल के महाविद्यालय/विभाग/केन्द्र |
|---|---|---|
| **परिनियमों एवं अध्यादेशों के अन्तर्गत पहले ही अनुमोदित स्कूल/महाविद्यालय/विभाग/केन्द्र** | | |
| 1. | **चिकित्सा विज्ञान स्कूल** | |
| | • चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय<br>• चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय | |
| 2. | **स्वास्थ्य एवं सम्बद्ध विज्ञान स्कूल** | |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• नर्सिंग एवं रोगी देखभाल विभाग<br>• शारीरिक चिकित्सा विभाग<br>• पुनर्वास विज्ञान विभाग<br>• भैषज विज्ञान विभाग<br>• रोग विज्ञान एवं नैदानिक विज्ञान विभाग<br>• पोषण एवं आहार प्रौद्योगिकी विभाग<br>**अध्ययन केन्द्र**<br>• अपराध विज्ञान एवं न्यायिक विज्ञान केन्द्र<br>• चिकित्सालय एवं स्वास्थ्यरक्षण प्रबंधन केन्द्र | |
| 3. | **अभियांत्रिकी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी स्कूल** | |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• सिविल एवं पर्यावरणीय अभियांत्रिकी विभाग<br>• विद्युत अभियांत्रिकी एवं ऊर्जा प्रौद्योगिकी विभाग<br>• इलेक्ट्रॉनिक एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग<br>• यांत्रिकी एवं वांतरिक्ष अभियांत्रिकी विभाग<br>• रसायनिक अभियांत्रिकी एवं रसायनिक प्रौद्योगिकी विभाग<br>• कंप्यूटर अभियांत्रिकी एवं रोबोटिक्स विभाग<br>• भैषज प्रौद्योगिकी विभाग<br>• जैव प्रौद्योगिकी एवं जीनोम विभाग<br>**अध्ययन केन्द्र**<br>• नवोत्पन्न प्रौद्योगिकियां एवं नवप्रवर्तन केन्द्र<br>• भूकंप विज्ञान एवं अभियांत्रिकी केन्द्र<br>• कौशल विकास एवं सामुदायिक पॉलीटेक्निक केन्द्र | |
| 4. | **भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल** | |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• भौतिकी एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग<br>• माईक्रोवेव एवं इलेक्ट्रॉनिक विभाग<br>• रसायन एवं रासायनिक विज्ञान विभाग<br>• नैनोविज्ञान एवं पदार्थ विभाग<br>**अध्ययन केन्द्र**<br>• ऊर्जा अध्ययन केन्द्र<br>• भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान में विशलेषणात्मक तकनीक संबंधी केन्द्र<br>• मूल विज्ञान में अन्तर–विषयक अनुसंधान केन्द्र | |

| | |
|---|---|
| 5. | **जैविक विज्ञान स्कूल** |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• जन्तु विज्ञान विभाग<br>• पादप विज्ञान विभाग<br>• संरचनात्मक जीव विज्ञान विभाग<br>• सूक्ष्म जैविकी विभाग<br>• जैव रसायन एवं अणुजैविकी विभाग<br>**अध्ययन केन्द्र**<br>• अभिकलनात्मक जीव विज्ञान एवं जैवसूचना केन्द्र<br>• मानव जैविक रसायन एवं अनुवांशिकी केन्द्र<br>• जैव चिकित्सा अभियांत्रिकी एवं जैव अभियांत्रिकी केन्द्र |
| 6. | **पृथ्वी विज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल** |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• भू–विज्ञान विभाग<br>• भूगोल विभाग<br>• पर्यावरण विज्ञान विभाग<br>• वायुमंडलीय एवं भूमंडलीय विज्ञान विभाग<br>**अध्ययन केन्द्र**<br>• जलवायु परिवर्तन, महासागरीय विज्ञान एवं हिमनद अध्ययन केन्द्र<br>• जल विज्ञान एवं जलीय ऊर्जा केन्द्र<br>• प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं मानव पारिस्थितकी केन्द्र |
| 7. | **गणित, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान स्कूल** |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• गणित विभाग<br>• सांख्यिकी एवं बीमांकिक विज्ञान विभाग<br>• कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान विभाग<br>• पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग<br>**अध्ययन केन्द्र**<br>• मल्टी–मीडिया प्रणाली विकास केन्द्र |
| 8. | **मानविकी एवं भाषा स्कूल** |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• दर्शनशास्त्र एवं मानव मूल्य विभाग<br>• तुलनात्मक धर्म एवं सभ्यता विभाग<br>• इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग<br>• भाषा विज्ञान एवं व्युत्पत्ति विज्ञान विभाग<br>• अंग्रेजी एवं यूरोपीय भाषा विभाग<br>• हिंदी एवं भारतीय भाषा विभाग<br>• संस्कृत एवं पाली विभाग<br>• उर्दू विभाग<br>**अध्ययन केन्द्र**<br>• संचार एवं भाषा प्रयोगशाला केन्द्र<br>• तुलनात्मक साहित्य एवं अनुवाद अध्ययन केन्द्र<br>• भारत–अरब एवं ईरानी अध्ययन केन्द्र<br>• भारत–तिब्बत एवं चीनी भाषा अध्ययन केन्द्र |
| 9. | **समाज विज्ञान स्कूल** |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग<br>• राजनीति विज्ञान एवं अन्तर्राष्ट्रीय संबंध विभाग<br>• लोक नीति एवं सार्वजनिक प्रणाली प्रबंधन विभाग<br>• समाज शास्त्र एवं समाज नृविज्ञान विभाग<br>• समाज कार्य विभाग<br>• मनोविज्ञान एवं व्यवहार विज्ञान विभाग<br>• परिवार एवं सामुदायिक विज्ञान विभाग<br>**अध्ययन केन्द्र**<br>• शांति अध्ययन एवं मतभेद समाधान केन्द्र<br>• दक्षिण एशिया अध्ययन केन्द्र<br>• रक्षा एवं रणनीति अध्ययन केन्द्र<br>• सामाजिक बहिष्करण एवं समावेशी नीति अध्ययन केन्द्र |

| | |
|---|---|
| | • महिला संबंधी अध्ययन केन्द्र<br>• दलित एवं अल्पसंख्यक संबंधी अध्ययन केन्द्र<br>• ग्रामीण एवं जनजाति संबंधी अध्ययन केन्द्र |
| 10. | **शिक्षा स्कूल** |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• शैक्षिक अध्ययन विभाग<br>• अध्यापक शिक्षा विभाग<br>• विशेष शिक्षा विभाग<br>• आरंभिक बाल्यावस्था संबंधी शिक्षा विभाग<br>**अध्ययन केन्द्र**<br>• शिक्षा नीति अनुसंधान केन्द्र<br>• शैक्षिक प्रौद्योगिकी एवं नवप्रवर्तन केन्द्र |
| 11. | **व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल** |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• लेखा तथा वित्त विभाग<br>• मानव संसाधन प्रबंधन एवं संगठनात्मक व्यवहार विभाग<br>• उत्पादन एवं प्रचालन प्रबंधन विभाग<br>• विपणन एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विभाग<br>• प्रबंधन विज्ञान विभाग<br>• परिवर्तन प्रबंधन एवं संगठन विकास विभाग<br>• अंतरराष्ट्रीय व्यापार, व्यवसाय एवं वित्त विभाग<br>**अध्ययन केन्द्र**<br>• कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिकता एवं कार्पोरेट शासन केन्द्र<br>• उद्यमिता एवं नवोन्मेष केन्द्र |
| 12. | **पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल** |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग<br>• होटल एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग<br>• आयोजन, व्यापार मेला एवं प्रदर्शनी प्रबंधन विभाग<br>**अध्ययन केन्द्र**<br>• पारिस्थितकीय, साहसिक खेलादि, स्वास्थ्य एवं सांस्कृतिक पर्यटन संवर्धन संबंधी केन्द्र |
| 13. | **ललित कला एवं कला शिक्षा स्कूल** |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• अभिनय कला विभाग<br>• दृश्य कला विभाग<br>• कला इतिहास, कला शिक्षा एवं कला विवेचना विभाग<br>**केन्द्र**<br>• पहाड़ी भाषा, कला, संस्कृति एवं हस्तशिल्प लौकिकीकरण और संरक्षण केन्द्र |
| 14. | **पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल** |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन विभाग<br>• जनसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग<br>• फोटोग्राफी, फिल्म एवं टेलीवीजन विभाग<br>• विज्ञापन और विपणन संचार विभाग<br>**केन्द्र**<br>• मीडिया अध्ययन एवं विकास संचार केन्द्र |
| **परिनियमों एवं अध्यादेशों के अन्तर्गत अनुमोदन के लिए शेष स्कूल/महाविद्यालय/विभाग/केन्द्र** | |
| 15. | **योजना, वास्तुकला एवं अभिकल्प स्कूल** |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• वास्तुकला विभाग<br>• भूदृश्य वास्तुकला विभाग<br>• आंतरिक अभिकल्प विभाग<br>• योजना विभाग<br>• अभिकल्प विभाग<br>**अध्ययन केन्द्र**<br>• शहरी नवीकरण और वास्तुकला संरक्षण केन्द्र |

| | |
|---|---|
| 16. | **विधि एवं न्याय शास्त्र स्कूल** |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• संवैधानिक विधि विभाग<br>• प्रशासनिक विधि विभाग<br>• दंड–विधि विभाग<br>• कॉर्पोरेट एवं कराधान विधि विभाग<br>• श्रम–विधि एवं औद्योगिक संबंध विभाग<br>• अन्तरराष्ट्रीय विधि विभाग<br>• स्वीय विधि विभाग<br>**अध्ययन केन्द्र**<br>• तुलनात्मक विधि एवं न्यायशास्त्र केन्द्र<br>• साइबर विधि एवं साइबर अपराध अध्ययन केन्द्र<br>• विश्व व्यापार संगठन, विश्व बौद्धिक संपदा संगठन एवं बौद्धिक संपदा अधिकार संबंधी विधि अध्ययन केन्द्र<br>• मानवाधिकार केन्द्र<br>• पर्यावरणीय विधि केन्द्र |
| 17. | **शारीरिक शिक्षा, क्रीड़ा एवं खेलकूद स्कूल** |
| | **अध्ययन विभाग**<br>• खेलकूद विभाग<br>• इंडोर क्रीड़ा एवं खेलकूद विभाग<br>• कोर्ट क्रीड़ा एवं खेलकूद विभाग<br>• फील्ड क्रीड़ा एवं खेलकूद विभाग<br>• जल क्रीड़ा विभाग<br>• घुड़सवारी विभाग<br>• निशानेबाजी एवं तीरंदाजी विभाग<br>• साहसिक खेल एवं ट्रेकिंग विभाग<br>**अध्ययन केन्द्र**<br>• खेल मनोविज्ञान केन्द्र<br>• खेल चिकित्सा केन्द्र<br>• खेल भौतिक चिकित्सा (फिजियोथेरापी) केन्द्र<br>• योग एवं स्वस्थता संबंधी अन्य रहन–सहन एवं आहार संबंधी अध्ययन केन्द्र |

# 2014–15 तक प्रारंभ स्कूल, विभाग और अध्ययन केन्द्र

11वीं योजना एवं 12वीं योजना के दौरान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विश्वविद्यालय को अधिकतम 25 विभागों/अध्ययन केन्द्रों को प्रारंभ करने का अनुमोदन दिया गया। तदनुसार, आयोग द्वारा 188 संकाय सदस्यों की स्वीकृति दी गई। भौतिक सुविधाओं और अवसंरचना की कमी को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा 11 स्कूलों के अन्तर्गत 21 विभागों/केन्द्रों को प्रारंभ किया गया और 15 स्नातकोत्तर और 17 अनुसंधान डिग्री कार्यक्रमों की शुरूआत की गई। 31 मार्च, 2015 तक विभिन्न स्कूलों में प्रारंभ विभागों/केन्द्रों की सूची **तालिका–3** में दी गई है।

तालिका 3
2014–15 तक प्रारंभ अध्ययन कार्यक्रम

| प्रारंभ स्कूल/विभाग/केन्द्र | अध्ययन कार्यक्रम | वर्ष |
|---|---|---|
| **भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल** | | |
| • भौतिकी एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग | एम.एससी. भौतिकी (सैद्यांतिक भौतिकी में विशेषज्ञता) | 2011 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2011 |
| **जैविक विज्ञान स्कूल** | | |
| • कंप्यूटेशनल जीव विज्ञान एवं जैव सूचना विज्ञान केन्द्र | एम.एससी. (कंप्यूटेशनल जीव विज्ञान/जैव सूचना विज्ञान ) | 2011 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2011 |
| **पृथ्वी विज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल** | | |
| • पर्यावरण विज्ञान विभाग | एम.एससी. (पर्यावरण विज्ञान) | 2011 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2011 |
| **गणित, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान स्कूल** | | |
| • गणित विभाग | एम.एससी. गणित (औद्योगिक गणित में विशेषज्ञता) | 2011 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2011 |
| • सांख्यिकी एवं बीमांकिक विज्ञान | एम.एससी. सांख्यिकी एवं बीमांकिक विज्ञान | 2014 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2014 |
| • कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान विभाग | एम.एससी. (सूचना प्रौद्योगिकी) | 2011 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2011 |
| • पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग | एम.लिब. साइंस (समाकलित दोहरा डिग्री कार्यक्रम) | 2010 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2010 |
| **मानविकी एवं भाषा स्कूल** | | |
| • अंग्रेजी एवं यूरोपीय भाषा विभाग | एम.ए. (अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य) | 2011 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2010 |
| • हिंदी एवं भारतीय भाषा विभाग | एम.ए. (हिंदी) | 2011 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2011 |
| **समाज विज्ञान स्कूल** | | |
| • अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग | एम.ए. (अर्थशास्त्र) | 2010 |
| | एम.फिल./पीएचडी | 2010 |
| • समाज कार्य विभाग | एमएसडब्ल्यू | 2010 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2010 |
| • समाज शास्त्र एवं समाज नृविज्ञान विभाग | एमए (समाज शास्त्र एवं समाज नृविज्ञान विभाग) | 2014 |

| | | |
|---|---|---|
| | एम.फिल / पीएचडी | 2014 |
| **शिक्षा स्कूल** | | |
| • अध्यापक शिक्षा विभाग | एम.ए.(शिक्षा) | 2011 |
| | एम.फिल / पीएचडी | 2011 |
| **व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल** | | |
| • वित्त तथा लेखा विभाग<br>• मानव संसाधन प्रबंधन एवं संगठनात्मक व्यवहार विभाग<br>• विपणन एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विभाग<br>• उद्यमशीलता एवं नवप्रवर्तन केन्द्र | एम.बी.ए.<br>फंक्शनल विशेषज्ञता – विपणन, वित्त, एचआरएम, प्रचालन प्रबंधन;<br>सेक्टोरल विशेषज्ञता–उद्यमशीलता विकास, वित्तीय बाज़ार, बीमा, अन्तरराष्ट्रीय व्यवसाय, आईटी | 2010 |
| | एम.फिल / पीएचडी | 2010 |
| **पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल** | | |
| • पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग | एमबीए (पर्यटन एवं यात्रा में विशेषज्ञता) | 2011 |
| | एम.फिल. / पीएचडी | 2011 |
| **ललित कला एवं कला शिक्षा स्कूल** | | |
| • दृश्य कला विभाग | एम.एफ.ए. (चित्रकला) | 2011 |
| **पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल** | | |
| • पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन विभाग | एम.ए. (पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन) | 2011 |
| • जनसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग | एम.ए. (नवमीडिया संचार) | 2011 |

# पाठ्यचर्या रूपरेखा

## एकल सामान्य प्रवेश परीक्षा पर आधारित प्रवेश

विश्वविद्यालय ने अपने सभी अध्ययन कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए अभिक्षमता आधारित सामान्य प्रवेश परीक्षा शुरू की है। विश्वविद्यालय में प्रवेश चाहने वाले अभ्यर्थियों को अध्ययन कार्यक्रमों की वरीयता–क्रम दर्शाते हुए एक ही प्रवेश फॉर्म भरना होगा तथा उन्हें केवल एक ही प्रवेश परीक्षा देने की आवश्यकता होगी । तदनुसार विश्वविद्यालय ने निम्नलिखित को शुरू किया है :

क. सभी विषय के लिए स्नातक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए एकल सामान्य प्रवेश परीक्षा के रूप में **हीट (उच्च शिक्षा अभिक्षमता परीक्षा)**

ख. सभी विषयों के लिए स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए एकल सामान्य प्रवेश परीक्षा के रूप में **फीट (उत्तरोत्तर शिक्षा अभिक्षमता परीक्षा)**

ग. सभी विषयों के लिए एमफिल/पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए एकल सामान्य प्रवेश परीक्षा के रूप में **ट्रीट (अनुसंधान प्रवेश अभिक्षमता परीक्षा)**

## नवाचारी कार्यक्रम एवं पाठ्यचर्या रूपरेखा

उच्च शिक्षा में सुधार संबंधी लक्ष्यों से मार्गदर्शन तथा विश्व की सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों के अनुभवों से सीख लेते हुए विश्वविद्यालय ने कई नवान्वेषण किए हैं जिनका ब्योरा निम्नानुसार है :

**सेमेस्टर आधारित शैक्षणिक कैलेण्डर :** विश्वविद्यालय के सभी शैक्षणिक कार्यक्रम – स्नातक (यूजी), स्नातकोत्तर (पीजी) एवं एमफिल/पीएचडी अर्थात अनुसंधान डिग्री (आरडी) सेमेस्टर प्रणाली पर आधारित हैं जिनकी रूपरेखा शिक्षण दिवसों की प्रभावी संख्या और अध्यापन–अधिगम इनपुट के संदर्भ में वैश्विक पद्धतियों के अनुरूप तैयार की गई है ।

**व्यापक चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली पर आधारित कार्यक्रम :** विश्वविद्यालय ने मुख्यतया विश्व की सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों की तर्ज पर व्यापक चयन आधारित क्रेडिट प्रणाली (सीसीबीसीएस) शुरू की है ।

**अध्ययन कार्यक्रम, क्रेडिट के संदर्भ में परिभाषित किए गए हैं** : पारंपरिक प्रणाली में शोधपत्रों/पाठ्यक्रमों के विपरित छात्र द्वारा निम्नलिखित संचित करना अपेक्षित है :

क. स्नातक डिग्री अर्जित करने के लिए 120 यूजी क्रेडिट

ख. स्नातकोत्तर डिग्री अर्जित करने के लिए 80 पीजी क्रेडिट

ग. एमफिल डिग्री अर्जित करने के लिए 60 आरडी क्रेडिट

घ. पीएचडी डिग्री अर्जित करने के लिए 120 आरडी क्रेडिट

**छात्र गतिशीलता एवं क्रेडिट हस्तांतरण :** विश्वविद्यालय ने भारत एवं विश्व के अन्य विश्वविद्यालयों से अपने छात्रों द्वारा क्रेडिट संचय को सुगम बनाने के लिए एक रूपरेखा तैयार की है । विश्वविद्यालय ने हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के संगत अध्यादेश के अनुसार समतुल्यता नियत करने एवं अन्य विश्वविद्यालयों से अपने छात्रों द्वारा अर्जित क्रेडिट के हस्तांतरण को स्वीकृत करने के लिए एक सुगठित तंत्र विकसित किया है ।

**अध्ययन कार्यक्रम को तैयार करने में नवीनता :** अध्ययन विभाग, अध्ययन कार्यक्रमों की कोई रूपरेखा तैयार करने के बजाए केवल (क) अपने संकाय सदस्यों की निपुणता एवं विशेषज्ञता के आधार पर पाठ्यक्रमों की रूपरेखा तैयार और प्रस्तावित करेंगे (ख) प्रस्तावित प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए पूर्वापेक्षा एवं सह–अपेक्षा विनिर्दिष्ट करेंगे और (ग) अध्ययन कार्यक्रम को पूरा करने के लिए आवश्यक क्रेडिट संचित करने हेतु उपलब्ध पाठ्यक्रमों को चुनने में छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे । इस प्रकार छात्र की जरूरतों और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए (पारंपरिक अध्यापक–केन्द्रित दृष्टिकोण के विपरीत) ''विद्यार्थी–केन्द्रित दृष्टिकोण'' पर बल दिया गया है जिससे कि शिक्षा ग्रहण करने में विषय, रीति और गति के संबंध में व्यापक विकल्प उपलब्ध हो सके।

**अधिगम के समग्र दृष्टिकोण पर आधारित क्रेडिटों का संगणन :** हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय में एक क्रेडिट को 30 घंटे के कुल छात्र प्रयासों (टीएसई) के बराबर परिभाषित किया गया है जिसमें **(क)** 10 घंटे के व्याख्यान/आयोजित कक्षा कार्यकलाप/संपर्क घंटे **(ख)** 5 घंटे के प्रयोगशाला कार्य/प्रायोगिक/क्षेत्र कार्य/अनुशिक्षण/शिक्षक के नेतृत्व में कार्यकलाप और **(ग)** 15 घंटे के अन्य कार्य अर्थात स्वतंत्र व्यक्तिगत/सामूहिक कार्य; अनिवार्य/वैकल्पिक कार्य; प्लेसमेंट; साहित्य सर्वेक्षण/पुस्तकालय कार्य; आंकड़ा संग्रहण/क्षेत्र कार्य; शोधपत्र/परियोजनाएं (प्रोजेक्ट)/शोध निबंध/शोध प्रबंध लिखना; सेमिनार आदि। इस प्रकार, आंतरिक जिज्ञासा से प्रेरित गहन शिक्षा और स्वतंत्र रूप से स्व–प्रवर्तित शिक्षा और पढ़ाए गए विषय–वस्तु में संतुलन स्थापित करते हुए विषय में निपुणता पर जोर दिया जाता है ।

**सभी अध्ययन कार्यक्रमों का माड्यूलर स्वरूप होना :** विश्वविद्यालय के सभी अध्ययन कार्यक्रमों की रूपरेखा माड्यूलर रूप में तैयार की गई है जिसमें पाठ्यक्रम छोड़ने एवं समकक्ष (लैटेरल) प्रविष्टि का विकल्प है । जहाँ अधिकतर छात्र बिना किसी रूकावट के अपना यूजी/पीजी/आरडी पूरा कर लेते हैं, वहीं कुछ छात्र अपने व्यक्तिगत बाध्यकारी कारणों से बीच में ही अध्ययन पाठ्यक्रम छोड़ने के लिए बाध्य हो जाते हैं । इसलिए, विश्वविद्यालय द्वारा कार्यक्रम के बीच में अध्ययन छोड़ने के संबंध में सुगठित ढाँचा विकसित किया गया है, जिसके अन्तर्गत परिसर में बिताए गए समय की अवधि तथा उनके द्वारा संचित क्रेडिट के आधार पर उनको सर्टिफिकेट/डिप्लोमा/एडवांस डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा । उदाहरण के लिए, यदि कोई विद्यार्थी दो सेमेस्टर के बाद अध्ययन छोड़ना चाहते हैं तो वह ऐसा कर सकता/सकती है और उसको उपयुक्त सर्टिफिकेट/डिप्लोमा/एडवांस डिप्लोमा भी प्रदान किया जाएगा तथा वह दो वर्ष के भीतर पुनः इस स्तर से आगे अपना अध्ययन शुरू कर सकता/सकती है । इस प्रकार,

**यूजी कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त छात्र को निम्नलिखित प्रदान किया जा सकता है :**

- सर्टिफिकेट (यदि वह 40 यूजी क्रेडिट के साथ 2 सेमेस्टर के बाद अध्ययन छोड़ता/छोड़ती है);
- डिप्लोमा (यदि वह 80 यूजी क्रेडिट के साथ 4 सेमेस्टर के बाद अध्ययन छोड़ता/छोड़ती है);
- बैचलर डिग्री (यदि वह 120 यूजी क्रेडिट के साथ 6 पूर्ण सेमेस्टरों को पूरा करने के लिए बना रहता/रहती है)।

**पीजी कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त छात्र को निम्नलिखित प्रदान किया जा सकता है :**

- एडवांस डिप्लोमा (यदि वह 40 पीजी क्रेडिट के साथ 2 सेमेस्टर के बाद अध्ययन छोड़ता/छोड़ती है); या
- मास्टर डिग्री (यदि वह 80 पीजी क्रेडिट के साथ 4 पूर्ण सेमेस्टर के लिए बना रहता/रहती है) ।

इसके अतिरिक्त, अध्ययन छोड़ने वाले छात्र यदि अगले दो वर्ष के भीतर विश्वविद्यालय में वापस आ जाते हैं तो वे अपनी डिग्री पूर्ण एवं प्राप्त करने के लिए पार्श्विक रूप से अध्ययन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पात्र होंगे ।

**सभी अध्ययन कार्यक्रमों का बहुविषयक/अन्तर–विषयक होना :** विश्वविद्यालय के अध्ययन विभागों की रूपरेखा मूल विषयों के इर्द–गिर्द तैयार की जाती है (ताकि संकाय सदस्य अनुसंधान की अपनी विशिष्टता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करते रह सकें) । तथापि, विश्वविद्यालय का प्रत्येक अध्ययन कार्यक्रम बहुविषयक होता है क्योंकि छात्र को पूरे विश्वविद्यालय में प्रदान किए जाने वाले कई प्रकार के पाठ्यक्रमों से आवश्यक संख्या में क्रेडिट संचित करने का अधिकार दिया गया है (अर्थात एक छात्र संगीत के साथ गणित, दर्शनशास्त्र के साथ भौतिकी, मानविकी के साथ तकनीकी पाठ्यक्रमों और इसी प्रकार अन्य पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्राप्त करने के लिए हकदार होगा) । तदनुसारः

क. पीजी स्तर पर छात्र को निम्नानुसार क्रेडिट संचित करना होगा :

- विभाग व्यापी पाठ्यक्रमों के जरिए 70 प्रतिशत क्रेडिट
- विश्वविद्यालय व्यापी पाठ्यक्रमों के जरिए 30 प्रतिशत क्रेडिट

ख. व्यवसाय एवं प्रबंधन विज्ञान स्कूल द्वारा प्रदत्त पीजी कार्यक्रमों के मामले में छात्र को निम्नलिखित के लिए क्रेडिट संचित करना होगा :

- विभाग व्यापी पाठ्यक्रम के जरिए 30 प्रतिशत क्रेडिट
- स्कूल व्यापी पाठ्यक्रमों के जरिए 40 प्रतिशत क्रेडिट

- विश्वविद्यालय व्यापी पाठ्यक्रमों के जरिए 30 प्रतिशत क्रेडिट

**सभी कार्यक्रमों का व्यापक सतत आंतरिक आकलन पर आधारित होना :** सभी विषयों और सभी स्तरों पर सभी अध्ययन पाठ्यक्रमों में छात्रों का आकलन क्विज, दत्तकार्य (असाइनमेंट), स्वतंत्र कार्य, सामूहिक कार्य, मध्यावधि एवं अंतिम सत्र की समाप्ति पर परीक्षा के आधार पर व्यापक सतत आंतरिक आकलन के जरिए किया जाएगा । सामान्य सिद्धांत के रूप में व्यापक सतत आंतरिक आकलन में निम्नलिखित घटक शामिल होंगे :

| | |
|---|---|
| सतत आंतरिक आकलन | 25 प्रतिशत |
| मध्यावधि परीक्षा | 25 प्रतिशत |
| अंतिम सत्र परीक्षा | 50 प्रतिशत |

**सभी अध्ययन कार्यक्रमों में ग्रेडिंग प्रणाली का होना :** विश्वविद्यालय में अंक, ग्रेड प्वाइंट, लेटर ग्रेड एवं कक्षा (क्लास) के संदर्भ में छात्रों के कार्य–निष्पादन मूल्यांकन का आधार छः (6) प्वाइंट स्केल पर आधारित ग्रेडिंग प्रणाली होगी । एक सेमेस्टर के अन्तर्गत छात्र के कुल कार्य–निष्पादन और दूसरे सेमेस्टर से आगे सतत कार्य–निष्पादन को (क) ग्रेड प्वाइंट औसत (जीपीए); (ख) भारित औसत अंक (डब्ल्यूएएम); (ग) संचयी ग्रेड प्वाइंट औसत (सीजीपीए); और (घ) समग्र भारित प्रतिशत अंक (ओडब्ल्यूपीएम) द्वारा इंगित किया जाएगा ।

**नवान्वेषित अनुसंधान डिग्री कार्यक्रम :** विश्वविद्यालय का पूर्णकालिक अनुसंधान डिग्री (आरडी) कार्यक्रम एक कठिन एवं विस्तृत कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य अनुसंधान कौशलों को तीक्ष्ण करना, अध्यापन क्षमता विकसित करना, गुणवत्तायुक्त अनुसंधान प्रकाशित करना तथा सेमिनारों एवं सम्मेलनों में सक्रिय भागीदारी करना है । तदनुसार, शोध उपाधि प्राप्त करने के लिए छात्र को पाठ्यक्रम संबंधी कार्य, अध्यापन सहायकवृत्ति, प्रकाशन कार्य एवं शोध निबंध/शोध प्रबंध के जरिए क्रेडिट संचित करना आवश्यक होता है । एमफिल एवं पीएचडी कार्यक्रमों के लिए अवधि एवं क्रेडिट आवश्यकताएं निम्नानुसार है :

**क) एमफिल के लिए :** एमफिल डिग्री प्राप्त करने हेतु संबंधित आरडी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करना, जिसके लिए छात्र को निम्नानुसार कुल 60 आरडी क्रेडिट संचित करना आवश्यक होगा :

| | |
|---|---|
| i) पाठ्यक्रम संबंधी कार्य : | 20 क्रेडिट |
| ii) शोध निबंध : | 20 क्रेडिट |
| iii) प्रकाशन : | 10 क्रेडिट |
| iv) अध्यापन सहायकवृत्ति : | 10 क्रेडिट |

**ख) पीएचडी के लिए :** पीएचडी डिग्री प्राप्त करने हेतु संबंधित आरडी कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करना, जिसके लिए छात्र को निम्नानुसार कुल 120 आरडी क्रेडिट संचित करना आवश्यक होगाः

| | |
|---|---|
| i) पाठ्यक्रम संबंधी कार्य : | 20 क्रेडिट |
| ii) शोध निबंध : | 60 क्रेडिट |
| iii) प्रकाशन : | 20 क्रेडिट |
| iv) अध्यापन सहायकवृत्ति : | 20 क्रेडिट |

**ग)** अनुसंधान डिग्री (आरडी) कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त छात्रों को अपने प्रवेश के बाद के पहले दो सेमेस्टरों में निर्धारित पाठ्यक्रम संबंधी कार्य को पूरा करना आवश्यक होता है । अनुसंधान डिग्री कार्यक्रम की अधिकतम निर्धारित अवधि के बावजूद यदि छात्र दो सेमेस्टरों में निर्धारित पाठ्यक्रम संबंधी कार्य पूरा नहीं कर पाता है तो उसके प्रवेश को रद्द कर दिया जाएगा तथा उसके नाम को विश्वविद्यालय की पंजिका से हटा दिया जाएगा । इसके अतिरिक्त अनुसंधान कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त किसी भी छात्र को शोध निबंध कार्य को करने की अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक निर्धारित पाठ्यक्रम संबंधी कार्य पूरा न हो जाए ।

**घ)** अनुसंधान डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश के लिए औपचारिकताएं पूरी करने के शीघ्र बाद प्रत्येक छात्र को इस बारे में निर्धारित प्रारूप (फार्मेट) में लिखित में यह प्रस्तुत करना आवश्यक होता है कि क्या वह एमफिल के लिए या पीएचडी डिग्री के लिए अध्ययन करना चाहता/चाहती है ।

**ङ.)** यदि अनुसंधान डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश प्राप्त छात्र के पास इस विश्वविद्यालय या अन्य विश्वविद्यालय की एमफिल डिग्री है तो पाठ्यक्रम संबंधी कार्य, प्रकाशन एवं अध्यापन सहायकवृत्ति के लिए क्रेडिट आवश्यकताओं को तदनुसार समायोजन किया जा सकता है । तथापि, ऐसे छात्रों के लिए पाठ्यक्रम संबंधी कार्य, प्रकाशन कार्य एवं अध्यापन सहायकवृत्ति के लिए शेष क्रेडिट के साथ–साथ शोध निबंध कार्य हेतु पूर्ण 60 आरडी क्रेडिट पूरा करना आवश्यक होगा ।

**च) प्रकाशन कार्य के लिए क्रेडिट की संगणना :** एमफिल एवं पीएचडी डिग्री के लिए प्रकाशित कार्य हेतु क्रेडिट की संगणना निम्नानुसार की जानी है :

- राष्ट्रीय सेमिनारों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं में प्रकाशित प्रत्येक सामान्य शोधलेख/ प्रस्तुत शोधपत्र के लिए 2 क्रेडिट;
- अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनारों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं में प्रस्तुत प्रत्येक शोधपत्र के लिए 4 क्रेडिट;
- राष्ट्रीय स्तर के अनुमोदित संदर्भ–जर्नल में प्रत्येक शोधपत्र के लिए 5 क्रेडिट;
- अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के अनुमोदित संदर्भ–जर्नल में प्रत्येक शोधपत्र के लिए 10 क्रेडिट;
- आरडी कार्यक्रम के लिए छात्रों को पंजीकृत करने वाले प्रत्येक विभाग/केन्द्र को प्रकाशन के लिए अनुमोदित जर्नलों की अद्यतन सूची रखनी होगी ।

**छ) अध्यापन सहायकवृत्ति के लिए क्रेडिट की संगणना :** एमफिल एवं पीएचडी डिग्री के लिए अध्यापन सहायकवृत्ति हेतु क्रेडिट की संगणना निम्नानुसार की जानी है :

- दो क्रेडिटों के एक सेमेस्टर पाठ्यक्रम के स्वतंत्र अध्यापन के लिए 10 क्रेडिट
- दो क्रेडिटों के एक सेमेस्टर पाठ्यक्रम के सह–अध्यापन कार्य के लिए 5 क्रेडिट
- आकलन, मूल्यांकन, परीक्षा, पाठ्यक्रम विकास, पठन सूची आदि के विकास में सहभागिता के प्रत्येक 3 घंटे के लिए 1 क्रेडिट (इस श्रेणी के अंतर्गत दावा किए गए कार्य की मात्रा की संपरीक्षा करने एवं इसको प्रमाणित करने का दायित्व संबंधित पर्यवेक्षक का है) ।

# प्रारंभ किए गए अध्ययन कार्यक्रम

**वर्ष 2014–15 तक निम्नलिखित अध्ययन कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं :**

| 2014–15 तक प्रारंभ अध्ययन कार्यक्रम एवं स्थान | | | |
|---|---|---|---|
| **प्रारंभ स्कूल/विभाग/केन्द्र** | **अध्ययन कार्यक्रम** | **वर्ष** | **स्थान** |
| **भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल** | | | |
| • भौतिकी एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग | एम.एससी. भौतिकी (सैद्यांतिक भौतिकी में विशेषज्ञता) | 2011 | 30 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2011 | 10 |
| **जैविक विज्ञान स्कूल** | | | |
| • कंप्यूटेशनल जीव विज्ञान एवं जैव सूचना विज्ञान केन्द्र | एम.एससी. (कंप्यूटेशनल जीव विज्ञान/जैव सूचना विज्ञान ) | 2011 | 30 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2011 | 10 |
| **पृथ्वी विज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल** | | | |
| • पर्यावरण विज्ञान विभाग | एम.एससी. (पर्यावरण विज्ञान) | 2011 | 30 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2011 | 10 |
| **गणित, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान स्कूल** | | | |
| • गणित विभाग | एम.एससी. गणित (औद्योगिक गणित में विशेषज्ञता) | 2011 | 30 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2011 | 10 |
| • कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान विभाग | एम.एससी. (सूचना प्रौद्योगिकी) | 2011 | 30 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2011 | 10 |
| • पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग | एम.लिब. साइंस (समाकलित दोहरा डिग्री कार्यक्रम) | 2010 | 30 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2010 | 10 |
| **मानविकी एवं भाषा स्कूल** | | | |
| • अंग्रेजी एवं यूरोपीय भाषा विभाग | एम.ए. (अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य) | 2011 | 30 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2010 | 10 |
| • हिंदी एवं भारतीय भाषा विभाग | एम.ए. (हिंदी) | 2011 | 30 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2011 | 10 |
| **समाज विज्ञान स्कूल** | | | |
| • अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग | एम.ए. (अर्थशास्त्र) | 2010 | 30 |
| | एम.फिल./पीएचडी | 2010 | 10 |
| • समाज कार्य विभाग | एमएसडब्ल्यू | 2010 | 30 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2010 | 10 |
| **शिक्षा स्कूल** | | | |
| • अध्यापक शिक्षा विभाग | एम.ए.(शिक्षा) | 2011 | 30 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2011 | 10 |
| **व्यवसाय एवं प्रबंधन विज्ञान स्कूल** | | | |
| • वित्त तथा लेखा विभाग<br>• मानव संसाधन प्रबंधन एवं संगठनात्मक व्यवहार विभाग<br>• विपणन एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विभाग<br>• उद्यमशीलता एवं नवप्रवर्तन केन्द्र | एम.बी.ए.<br>फंक्शनल विशेषज्ञता – विपणन, वित्त, एचआरएम, प्रचालन प्रबंधन;<br>सेक्टोरल विशेषज्ञता–उद्यमशीलता विकास, वित्तीय बाज़ार, बीमा, अन्तरराष्ट्रीय व्यवसाय, आईटी | 2010 | 90 |
| | एम.फिल/पीएचडी | 2010 | 30 |
| **पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल** | | | |
| • पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग | एमबीए (पर्यटन एवं यात्रा में विशेषज्ञता) | 2011 | 30 |
| | एम.फिल./पीएचडी | 2011 | 10 |
| **ललित कला एवं कला शिक्षा स्कूल** | | | |
| • दृश्य कला विभाग | एम.एफ.ए. (चित्रकला) | 2011 | 10 |
| **पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल** | | | |
| • पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन विभाग | एम.ए. (पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन) | 2011 | 30 |
| • जनसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग | एम.ए. (नवमीडिया संचार) | 2011 | 30 |

## शैक्षणिक सत्र 2014–15 के दौरान आवेदन एवं प्रवेश (31.03.2015 के अनुसार)

| स्कूल/विभाग/केन्द्र/पाठ्यक्रम | स्थान | आवेदन | प्रति सीट आवेदक | प्रवेश दिया गया |
|---|---|---|---|---|
| 1. भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल | | | | |
| भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान विभाग | | | | |
| एम.एससी. (भौतिकी) सैद्यांतिक भौतिकी में विशेषज्ञता | 30 | 651 | 22 | 26 |
| एम.फिल/पीएचडी | 10 | 96 | 10 | 06 |
| 2. जैविक विज्ञान स्कूल | | | | |
| कंप्यूटेशनल बायोलॉजी एवं बायोइंफॉर्मेटिक्स केन्द्र | | | | |
| एम.एससी. (कंप्यूटेशनल जीव विज्ञान/जैव सूचना विज्ञान ) | 30 | 177 | 04 | 22 |
| एम.फिल/पीएचडी | 10 | 125 | 13 | 04 |
| 3.पृथ्वी विज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल | | | | |
| पर्यावरण विज्ञान विभाग | | | | |
| एम.एससी. (पर्यावरण विज्ञान) | 30 | 478 | 16 | 26 |
| एम.फिल/पीएचडी | 10 | 154 | 15 | 07 |
| 4. गणित, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान स्कूल | | | | |
| गणित विभाग | | | | |
| एम.एससी. गणित (औद्योगिक गणित में विशेषज्ञता) | 30 | 528 | 18 | 31 |
| एम.फिल/पीएचडी | 10 | 43 | 04 | 01 |
| कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान विभाग | | | | |
| एम.एससी. (सूचना प्रौद्योगिकी) | 30 | 454 | 15 | 27 |
| एम.फिल/पीएचडी | 10 | – | – | – |
| पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग | | | | |
| एम.लिब. साइंस (समाकलित दोहरा डिग्री कार्यक्रम) | 30 | 86 | 03 | 16 |
| एम.फिल/पीएचडी | 10 | 24 | 02 | 01 |
| 5. मानविकी एवं भाषा स्कूल | | | | |
| अंग्रेजी एवं यूरोपीय भाषा विभाग | | | | |
| एम.ए. (अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य) | 30 | 201 | 07 | 19 |
| एम.फिल/पीएचडी | 10 | 92 | 09 | 06 |
| हिंदी एवं भारतीय भाषा विभाग | | | | |
| एम.ए. (हिंदी) | 30 | 59 | 02 | 03 |
| एम.फिल/पीएचडी | 10 | – | – | – |
| 6.समाज विज्ञान स्कूल | | | | |
| अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग | | | | |
| एम.ए. (अर्थशास्त्र) | 30 | 246 | 08 | 11 |
| एम.फिल./पीएचडी | 10 | 39 | 04 | 02 |
| समाज कार्य विभाग | | | | |
| एमएसडब्ल्यू | 30 | 429 | 14 | 30 |
| एम.फिल/पीएचडी | 10 | 56 | 06 | 02 |
| 7.शिक्षा स्कूल | | | | |
| अध्यापक शिक्षा विभाग | | | | |
| एम.ए.(शिक्षा) | 30 | 48 | 02 | 01 |
| एम.फिल/पीएचडी | 10 | 78 | 08 | 02 |
| 8.व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल | | | | |
| एम.बी.ए. | 90 | 1948 | 22 | 87 |
| एम.फिल/पीएचडी | 30 | 159 | 05 | 04 |
| 9.पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल | | | | |
| पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग | | | | |
| एमबीए (पर्यटन एवं यात्रा में विशेषज्ञता) | 30 | 1082 | 36 | 28 |
| एम.फिल./पीएचडी | 10 | 32 | 03 | 02 |
| 10. ललित कला एवं कला शिक्षा स्कूल | | | | |
| दृश्य कला विभाग | | | | |
| एम.एफ.ए. (चित्रकला) | 10 | – | – | – |
| 11. पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया | | | | |
| पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन विभाग | | | | |
| एम.ए. (पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन) | 30 | 181 | 06 | 04 |
| एम.फिल./पीएचडी | 10 | 65 | 07 | 03 |
| जनसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग | | | | |
| एम.ए. (नवमीडिया संचार) | 30 | 231 | 08 | 04 |
| एम.फिल/पीएचडी | 10 | 50 | 05 | 02 |

# विद्यार्थियों का नामांकन तथा संकाय एवं कर्मीगण

इस तथ्य के बावजूद कि विश्वविद्यालय ने सीमित भौतिक सुविधाओं और अवसंचरना के साथ कार्य प्रचालन प्रारंभ किया था, अपने अधिकतर अध्ययन कार्यक्रमों के लिए बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त करने में समर्थ हो पाया। विद्यार्थियों को प्रवेश देते समय अपने सभी अध्ययन कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय द्वारा भारत सरकार की आरक्षण नीति का अनुपालन किया गया। विश्वविद्यालय की नामावली में दिनांक 31–03–2015 तक कुल 782 विद्यार्थी हैं। विश्वविद्यालय ने अनुसूचित जाति/जनजाति और अन्य पिछड़े वर्ग को आरक्षण देने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के दिशानिर्देशों का अनुपालन किया है। वर्ष 2010–11 से 2014–15 के दौरान नामांकित विद्यार्थियों की कार्यक्रमवार और श्रेणीवार स्थिति **तालिका–4 एवं तालिका–5** में दी गई है :–

## 2010–11/2011–12 से 2014–15 के दौरान नामांकित विद्यार्थी

**तालिका संख्या 4 : 2013–14 और 2014–15 के दौरान नामांकित श्रेणीवार/कार्यक्रमवार स्नात्तकोतर विद्यार्थियों की संख्या**

| स्कूल/विभाग/पीजी कार्यक्रम का नाम | वार्षिक इनटेक | नामांकन | | | | | | | | कुल नामांकन | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | कुल | | | | | |
| | | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | कुल | महिला | अल्पसंख्यक | पीडब्ल्यूडी |
| **1. भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल** | | | | | | | | | | | | | |
| **भौतिकी एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.एससी. (भौतिकी) सैद्यांतिक भौतिकी में विशेषज्ञता (2013–14) | 30 | 2 | 3 | – | 2 | 2 | 6 | 4 | 11 | 26 | 18 | – | – |
| एम.एससी. (भौतिकी) सैद्यांतिक भौतिकी में विशेषज्ञता (2014–15) | 30 | 1 | 4 | – | 2 | 2 | 6 | 3 | 12 | 26 | 18 | – | – |
| **2. जैविक विज्ञान स्कूल** | | | | | | | | | | | | | |
| **कंप्यूटेशनल बायोलॉजी एवं बायोइंफॉर्मेटिक्स केन्द्र** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.एससी. (कंप्यूटेशनल जीव विज्ञान/जैव सूचना वि.) (2013–14) | 30 | 3 | 1 | 1 | –. | 3 | 1 | 7 | 2 | 18 | 9 | 1 | – |
| एम.एससी. (कंप्यूटेशनल जीव विज्ञान/जैव सूचना वि.) (2014–15) | 30 | 1 | 3 | – | 1 | 1 | 4 | 2 | 8 | 22 | 17 | 2 | – |
| **3. पृथ्वी विज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल** | | | | | | | | | | | | | |
| **पर्यावरण विज्ञान विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.एससी. (पर्यावरण विज्ञान) (2013–14) | 30 | 2 | 3 | 1 | 2 | 1 | 6 | 4 | 11 | 28 | 21 | 1 | – |
| एम.एससी. (पर्यावरण विज्ञान) (2014–15) | 30 | 1 | 2 | 2 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 26 | 17 | . | – |
| **4. गणित, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान स्कूल** | | | | | | | | | | | | | |
| **गणित विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.एससी. गणित (औद्योगिक गणित में विशेषज्ञता) (2013–14) | 30 | 2 | 3 | – | 1 | 2 | 6 | 4 | 10 | 26 | 19 | – | – |
| एम.एससी. गणित (औद्योगिक गणित में विशेषज्ञता) (2014–15) | 30 | 2 | 3 | – | – | 5 | 3 | 7 | 6 | 30 | 19 | 2 | 1 |
| **कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.एससी. (सूचना प्रौद्योगिकी) (2013–14) | 30 | 1 | – | 2 | – | 2 | 2 | 5 | 2 | 22 | 10 | 2 | 1 |
| एम.एससी. (सूचना प्रौद्योगिकी) (2014–15) | 30 | 3 | – | – | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 27 | 12 | – | – |
| **पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.लिब. साइंस (समाकलित दोहरा डिग्री कार्यक्रम) (2013–14) | 30 | – | 1 | – | – | 1 | 1 | 1 | 2 | 13 | 6 | 1 | – |
| एम.लिब. साइंस (समाकलित दोहरा डिग्री कार्यक्रम) (2014–15) | 30 | 2 | 2 | – | 2 | 1 | 1 | 3 | 5 | 16 | 11 | 1 | – |
| **5. मानविकी एवं भाषा स्कूल** | | | | | | | | | | | | | |
| **अंग्रेजी एवं यूरोपीय भाषा विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.ए. (अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य) (2013–14) | 30 | 1 | – | – | – | – | – | 1 | – | 9 | 5 | – | – |
| एम.ए. (अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य) (2014–15) | 30 | 2 | – | 1 | – | 1 | 2 | 4 | 2 | 19 | 13 | – | – |
| **हिंदी एवं भारतीय भाषा विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.ए. (हिंदी) (2013–14) | 30 | 1 | 1 | 1 | – | – | – | 2 | 1 | 3 | 2 | – | – |
| एम.ए. (हिंदी) (2014–15) | 30 | – | – | 1 | 2 | – | – | 1 | 2 | 7 | 6 | 1 | – |

## तालिका संख्या 4 : 2013–14 और 2014–15 के दौरान नामांकित श्रेणीवार/ कार्यक्रमवार स्नात्तकोतर विद्यार्थियों की संख्या

| स्कूल/विभाग/पीजी कार्यक्रम का नाम | वार्षिक इनटेक | नामांकन | | | | | | | | कुल नामांकन | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | कुल | | | | | |
| | | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | कुल | महिला | अल्पसंख्यक | पीडब्ल्यूडी |
| **6. समाज विज्ञान स्कूल** | | | | | | | | | | | | | |
| **अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.ए. (अर्थशास्त्र) (2013–14) | 30 | 1 | 1 | – | – | 2 | 2 | 3 | 3 | 14 | 10 | – | – |
| एम.ए. (अर्थशास्त्र) (2014–15) | 30 | – | – | 1 | 1 | 1 | 1 | 2 | 2 | 11 | 7 | 2 | – |
| **समाज कार्य विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.एस.डब्ल्यू. (2013–14) | 30 | 4 | 1 | 1 | – | 8 | 1 | 13 | 2 | 27 | 6 | 15 | – |
| एम.एस.डब्ल्यू. (2014–15) | 30 | 3 | 1 | 4 | 1 | 8 | – | 15 | 2 | 30 | 7 | 10 | – |
| **7. शिक्षा स्कूल** | | | | | | | | | | | | | |
| **अध्यापक शिक्षा विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.ए. (शिक्षा) (2013–14) | 30 | – | – | – | – | – | – | – | – | 5 | 5 | – | – |
| एम.ए. (शिक्षा) (2014–15) | 30 | 1 | – | – | – | – | – | – | – | 1 | – | – | – |
| **8. व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल** | | | | | | | | | | | | | |
| **वित्त तथा लेखा विभाग/एचआरएम एवं संगठनात्मक व्यवहार विभाग/विपणन एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.बी.ए. (2013–14) | 91 | 6 | 8 | 5 | 2 | 19 | 5 | 30 | 15 | 87 | 42 | 5 | – |
| एम.बी.ए. (2014–15) | 90 | 11 | 2 | 3 | 3 | 17 | 8 | 31 | 13 | 87 | 33 | 9 | 2 |
| **9. पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल** | | | | | | | | | | | | | |
| **पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एमबीए (पर्यटन एवं यात्रा में विशेषज्ञता) (2013–14) | 30 | 4 | 1 | 2 | 1 | 2 | – | 8 | 2 | 24 | 9 | 1 | – |
| एमबीए (पर्यटन एवं यात्रा में विशेषज्ञता) (2014–15) | 30 | 3 | 1 | 2 | 1 | 10 | – | 15 | 2 | 28 | 6 | 3 | – |
| **10. ललित कला एवं कला शिक्षा स्कूल** | | | | | | | | | | | | | |
| **दृश्य कला विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.एफ.ए. (चित्रकला) (2013–14) | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| एम.एफ.ए. (चित्रकला) (2014–15) | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| **11. पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया** | | | | | | | | | | | | | |
| **पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.ए. (पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन) (2013–14) | 30 | – | – | – | – | – | – | – | – | 4 | 1 | – | – |
| एम.ए. (पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन) (2014–15) | 30 | – | – | – | – | – | 1 | – | 1 | 4 | 3 | 2 | – |
| **जनसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग** | | | | | | | | | | | | | |
| एम.ए. (नवमीडिया संचार) (2013–14) | 30 | 1 | – | – | – | 4 | 1 | 5 | 1 | 14 | 8 | 2 | – |
| एम.ए. (नवमीडिया संचार) (2014–15) | 30 | – | – | – | – | – | – | – | – | 4 | 3 | – | – |
| **कुल** | **961** | **58** | **39** | **27** | **24** | **91** | **61** | **176** | **124** | **658** | **343** | **60** | **4** |

| तालिका 5 : वर्ष 2010–11 से 2014–15 के दौरान वर्गवार / कार्यक्रमवार शोधार्थियों के नामांकन की कुल संख्या (2010,2011, 2013 एवं 2014) | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्कूल का नाम/विभाग/ आरडी कार्यक्रम/अध्येतावृत्तियां | नामांकन | | | | | | | | कुल नामांकन | | | |
| | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | कुल | | | | | |
| | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | कुल | महिला | अल्पसंख्यक | पीडब्ल्यूडी |
| **1. भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **भौतिकी एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | **1** | – | **2** | – | **1** | **3** | **4** | **3** | **11** | **5** | – | – |
| • यूजीसी गैर–नेट अध्येतावृत्ति / छात्रवृत्ति | 1 | – | 2 | – | 1 | 3 | 4 | 3 | 11 | 5 | – | – |
| **2. जैविक विज्ञान स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **कंप्यूटेशनल बायोलॉजी एवं बायोइंफॉर्मेटिक्स केन्द्र** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | **1** | **1** | – | – | – | **2** | **1** | **3** | **11** | **6** | **1** | – |
| • राजीव गांधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति | 1 | – | – | – | – | – | 1 | – | 1 | – | – | – |
| • आईसीएसएसआर अध्येतावृत्ति | – | – | – | – | – | – | – | – | 1 | 1 | – | – |
| • यूजीसी गैर–नेट अध्येतावृत्ति / छात्रवृत्ति | 1 | 1 | – | – | – | 2 | 1 | 3 | 9 | 5 | 1 | – |
| **3. पृथ्वी विज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **पर्यावरण विज्ञान विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | **1** | **3** | **2** | **1** | **1** | **3** | **4** | **7** | **18** | **12** | – | – |
| • यूजीसी नेट / यूजीसी–सीएसआईआर जेआरएफ | – | – | – | – | – | 1 | . | 1 | 1 | 1 | – | – |
| • यूजीसी गैर–नेट अध्येतावृत्ति / छात्रवृत्ति | 1 | 3 | 2 | 1 | 1 | 2 | 4 | 6 | 17 | 11 | – | – |
| **4. गणित, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **गणित विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | **–** | **–** | **–** | **–** | **–** | **–** | **–** | **–** | **6** | **3** | **–** | **–** |
| • यूजीसी नेट / यूजीसी–सीएसआईआर जेआरएफ | – | – | – | – | – | – | – | – | 1 | – | – | – |
| • यूजीसी गैर–नेट अध्येतावृत्ति / छात्रवृत्ति | – | – | – | – | – | – | – | – | 5 | 3 | – | – |
| **कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | **–** | **–** | **–** | **–** | **–** | **–** | **–** | **–** | **1** | **1** | **–** | **–** |
| • यूजीसी गैर–नेट अध्येतावृत्ति / छात्रवृत्ति | – | – | – | – | – | – | – | – | 1 | 1 | – | – |
| **पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | **–** | **1** | **–** | **–** | **–** | **–** | **–** | **1** | **2** | **1** | **–** | **–** |
| • यूजीसी गैर–नेट अध्येतावृत्ति / छात्रवृत्ति | – | 1 | – | – | – | – | – | 1 | 2 | 1 | – | – |
| **5. मानविकी एवं भाषा स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **अंग्रेजी एवं यूरोपीय भाषा विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | **1** | **3** | **1** | – | **1** | – | **3** | **3** | **10** | **3** | – | – |
| • राजीव गांधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति | – | 1 | – | – | – | – | – | 1 | 1 | 1 | – | – |
| • यूजीसी गैर–नेट अध्येतावृत्ति / छात्रवृत्ति | 1 | 2 | 1 | – | 1 | – | 3 | 2 | 9 | 2 | – | – |
| **हिंदी एवं भारतीय भाषा विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | – | **1** | – | **1** | **1** | – | **1** | **2** | **3** | **2** | – | – |
| • यूजीसी नेट / यूजीसी–सीएसआईआर जेआरएफ | – | 1 | – | 1 | – | – | – | 2 | 2 | 2 | – | – |
| • यूजीसी गैर–नेट अध्येतावृत्ति / छात्रवृत्ति | – | – | – | – | 1 | – | 1 | – | 1 | – | – | – |
| **6. समाज विज्ञान स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | **2** | – | – | – | – | – | **2** | – | **3** | **1** | – | – |
| • यूजीसी नेट / यूजीसी–सीएसआईआर जेआरएफ | 1 | – | – | – | – | – | 1 | – | 1 | – | – | – |
| • राजीव गांधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति | 1 | – | – | – | – | – | 1 | – | 1 | – | – | – |
| • अध्यापक अभ्यर्थी | – | – | – | – | – | – | – | – | 1 | 1 | – | – |
| **समाज कार्य विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | **1** | **1** | **–** | **1** | **3** | **–** | **4** | **2** | **6** | **2** | **2** | **–** |
| • यूजीसी नेट / यूजीसी–सीएसआईआर जेआरएफ | 1 | – | – | 1 | 1 | – | 2 | 1 | 3 | 1 | 1 | – |
| • यूजीसी गैर–नेट अध्येतावृत्ति / छात्रवृत्ति | – | 1 | – | – | 2 | – | 2 | 1 | 3 | 1 | 1 | – |

| तालिका 5 : वर्ष 2010–11 से 2014–15 के दौरान वर्गवार / कार्यक्रमवार शोधार्थियों के नामांकन की कुल संख्या (2010,2011, 2013 एवं 2014) | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्कूल का नाम/विभाग/ आरडी कार्यक्रम/अध्येतावृत्तियां | नामांकन | | | | | | | | कुल नामांकन | | | |
| | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | कुल | | | | | |
| | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | पु. | म. | कुल | महिला | अल्पसंख्यक | पीडब्ल्यूडी |
| **7. शिक्षा स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **अध्यापक शिक्षा विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | **3** | **2** | **–** | **–** | **–** | **–** | **3** | **2** | **9** | **5** | **–** | **1** |
| • यूजीसी गैर–नेट अध्येतावृत्ति / छात्रवृत्ति | 2 | 1 | – | – | – | – | 2 | 1 | 6 | 3 | – | 1 |
| • आईसीएसएसआर अध्येतावृत्ति | 1 | 1 | – | – | – | – | 1 | 1 | 3 | 2 | – | – |
| **8. व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **वित्त तथा लेखा विभाग/एचआरएम एवं संगठनात्मक व्यवहार विभाग/विपणन एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | **5** | **1** | **1** | **1** | **6** | **3** | **12** | **5** | **28** | **7** | **4** | **–** |
| • यूजीसी नेट / यूजीसी–सीएसआईआर जेआरएफ | 1 | – | 1 | – | 5 | – | 7 | – | 13 | – | 1 | – |
| • आईसीएसएसआर अध्येतावृत्ति | – | – | – | – | – | 1 | – | 1 | 6 | 3 | 1 | – |
| • राजीव गांधी राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति | 3 | 1 | – | – | – | – | 3 | 1 | 4 | 1 | – | – |
| • यूजीसी गैर–नेट अध्येतावृत्ति / छात्रवृत्ति | 1 | – | – | 1 | 1 | 2 | 2 | 3 | 5 | 3 | 2 | – |
| **9. पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| • एमफिल/पीएचडी | **1** | **–** | **–** | **–** | **1** | **–** | **2** | **–** | **8** | **–** | **–** | **–** |
| • यूजीसी नेट / यूजीसी–सीएसआईआर जेआरएफ | 1 | – | – | – | – | – | 1 | – | 1 | – | – | – |
| • यूजीसी गैर–नेट अध्येतावृत्ति / छात्रवृत्ति | – | – | – | – | 1 | – | 1 | – | 7 | – | – | – |
| **10. ललित कला एवं कला शिक्षा स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **दृश्य कला विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| **11. पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया** | | | | | | | | | | | | |
| **पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | **1** | – | – | – | **1** | **1** | **2** | **1** | **5** | **1** | – | – |
| • यूजीसी गैर–नेट अध्येतावृत्ति / छात्रवृत्ति | 1 | – | – | – | 1 | 1 | 2 | 1 | 5 | 1 | – | – |
| **जनसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| एमफिल/पीएचडी | – | **1** | **1** | – | – | **1** | **1** | **2** | **3** | **2** | – | – |
| • यूजीसी गैर–नेट अध्येतावृत्ति / छात्रवृत्ति | – | 1 | 1 | – | – | 1 | 1 | 2 | 3 | 2 | – | – |
| **कुल** | **17** | **14** | **7** | **4** | **15** | **13** | **39** | **31** | **124** | **51** | **7** | **1** |

## संकाय एवं कर्मीगण

| | संकाय | | | | | | गैर–तकनीकी/तकनीकी | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रोफेसर | एसोसिएट प्रोफेसर | सहायक प्रोफेसर | अभ्यागत | अंशकालिक/अतिथि | कुल संकाय की संख्या | वर्ग ए | वर्ग बी | वर्ग सी | तकनीकी | आउटसोर्स | कुल शिक्षकेतर |
| 1. भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल | | | | | | | | | | | | |
| भौतिकी एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | 02 | 09 | | | | | | |
| तैनात | – | 02 | 04 | – | 02 | 08 | – | – | – | 01 | 02 | 03 |
| 2. जैविक विज्ञान स्कूल | | | | | | | | | | | | |
| कंप्यूटेशनल बायोलॉजी एवं बायोइंफॉर्मेटिक्स केन्द्र | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | – | 07 | | | | | | |
| तैनात | – | – | 04 | – | – | 04 | – | – | – | – | – | – |
| 3. पृथ्वी विज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल | | | | | | | | | | | | |
| पर्यावरण विज्ञान विभाग | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | – | 07 | | | | | | |
| तैनात | 01 | 02 | 03 | – | – | 06 | – | – | – | – | 04 | 04 |
| 4. गणित, कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान स्कूल | | | | | | | | | | | | |
| गणित विभाग | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | – | 07 | | | | | | |
| तैनात | – | – | 03 | – | – | 03 | – | – | – | – | 02 | 02 |
| कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान विभाग | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | 01 | 08 | | | | | | |
| तैनात | – | – | 02 | – | 01 | 03 | | | | – | 02 | 02 |
| पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | – | 07 | | | | | | |
| तैनात | 01 | – | 02 | – | – | 03 | | | | – | 02 | 02 |
| सांख्यिकी एवं बीमांकिक विज्ञान विभाग | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | – | 07 | | | | | | |
| तैनात | – | – | – | – | – | – | | | | – | – | – |
| 5. मानविकी एवं भाषा स्कूल | | | | | | | | | | | | |
| अंग्रेजी एवं यूरोपीय भाषा विभाग | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | – | 07 | | | | | | |
| तैनात | – | 01 | 04 | – | – | 05 | | | | – | 02 | 02 |
| हिंदी एवं भारतीय भाषा विभाग | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | – | 07 | | | | | | |
| तैनात | – | – | 02 | – | – | 02 | | | | – | – | – |

| | संकाय | | | | | | गैर–तकनीकी/तकनीकी | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रोफेसर | एसोसिएट प्रोफेसर | सहायक प्रोफेसर | अभ्यागत | अंशकालिक/अतिथि | कुल संकाय की संख्या | वर्ग ए | वर्ग बी | वर्ग सी | तकनीकी | आउटसोर्स | कुल शिक्षकेतर |
| **6. समाज विज्ञान स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | – | 07 | | | | | | |
| तैनात | 01 | – | 03 | – | – | 04 | – | – | 01 | – | 01 | 02 |
| **समाज कार्य विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | – | 07 | | | | | | |
| तैनात | 01 | 01 | 02 | – | – | 04 | – | – | 01 | – | 01 | 02 |
| **समाजशास्त्र एवं समाज नृविज्ञान विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | – | 07 | | | | | | |
| तैनात | – | – | – | – | – | – | | | | – | – | – |
| **7. शिक्षा स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **अध्यापक शिक्षा विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 03 | 05 | 12 | – | – | 20 | | | | | | |
| तैनात | – | 01 | 04 | – | – | 05 | – | – | – | – | 02 | 02 |
| **8. व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **वित्त तथा लेखा विभाग/एचआरएम एवं संगठनात्मक व्यवहार विभाग/विपणन एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 03 | 06 | 12 | – | – | 21 | | | | | | |
| तैनात | 01 | 02 | 09 | – | – | 12 | – | – | – | – | 02 | 02 |
| **9. पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | 02 | 09 | | | | | | |
| तैनात | – | – | 04 | – | 02 | 06 | – | – | – | – | 01 | 01 |
| **10. ललित कला एवं कला शिक्षा स्कूल** | | | | | | | | | | | | |
| **दृश्य कला विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | – | 07 | | | | | | |
| तैनात | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| **11. पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया** | | | | | | | | | | | | |
| **पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | – | 07 | | | | | | |
| तैनात | – | 01 | 03 | – | – | 04 | – | – | – | – | 01 | 01 |
| **जनसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग** | | | | | | | | | | | | |
| स्वीकृत | 01 | 02 | 04 | – | – | 07 | | | | | | |
| तैनात | – | 01 | 02 | – | – | 03 | – | – | – | – | 02 | 02 |

# राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सम्बद्धता और सहयोग

## उच्चस्तरीय संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन

विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न शिक्षा विषयों में अध्ययन कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं और विद्यार्थियों को सर्वोत्तम अवसर उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा उच्चस्तरीय उच्चतर शैक्षिक और अनुसंधान संस्थानों और सरकारी तथा राज्यस्तरीय निकायों/प्राधिकरणों/बोर्ड के साथ समझौता किया गया है।

## आईआईएम–अहमदाबाद के साथ समझौता ज्ञापन

व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल, हि.प्र.के.वि. ने आईआईएमए द्वारा विकसित केसों और तकनीकी नोट्स को ऐक्सेस एवं असीमित संख्या में डाउनलोड करने के लिए भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद के साथ एक करार हस्ताक्षरित किया है। आईआईएम–ए द्वारा केसों के विकास के साथ–साथ शिक्षणशास्त्र में केस अध्ययन तकनीकों के प्रयोग के लिए स्कूल के संकाय सदस्यों को आवश्यक प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता भी दी जाएगी।

## यूनिवर्सिटी ऑफ अप्लायड साइंसेस, फ्रैंकफर्ट, जर्मनी के साथ समझौता ज्ञापन

यूनिवर्सिटी ऑफ अप्लायड साइंसेज, फ्रैंकफर्ट, जर्मनी और हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा ज्ञान आधारित उपक्रम, भावी प्रौद्योगिकी विकास के लिए पर्याप्त तकनीकी और प्रबंधन कौशल, नवान्वेषित एवं प्रभावी अनुसंधान हेतु सूचना विनिमय एवं कार्य, मानव संसाधन विकास तथा अनुसंधान एवं विकास हेतु अकादमिक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए अकादमिक एवं अनुसंधान कार्यक्रमों, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों के विनिमय तथा प्रकाशन एवं अन्य सम्बद्ध क्षेत्रों में मिल–जुलकर काम करने के लिए एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया है। समझौता ज्ञापन का कार्य क्षेत्र समाज कार्य, प्रबंधन, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी व यूरोपीय भाषाएं, भौतिक, जैविक विज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान, शिक्षा आदि के नामोद्दिष्ट विषयों में अनुसंधान एवं अध्यापन में सहयोग करना है। यह समझौता ज्ञापन पाँच वर्षों तक लागू रहेगा जिसे परस्पर करार के माध्यम से आगे बढ़ाया जा सकता है।

## टीबीआरएल के साथ समझौता ज्ञापन

टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लैबरोट्रीज (टीबीआरएल), चंडीगढ़ और हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला द्वारा आपसी सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया जिससे कि परस्पर समझ, सूचनाओं एवं सुविधाओं तथा हिप्रकेवि के भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल और टीबीआरएल में उपलब्ध विशेषज्ञता के आदान–प्रदान से भारतीय उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान को सुदृढ़ किया जा सके। टीबीआरएल रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के रक्षा अनुसंधान विकास संगठन का एक अंग है। अनुसंधान एवं विकास तथा मानव संसाधन विकास की दृष्टि से यह रक्षा–शिक्षा जगत की भागदारी में एक प्रभावी कदम है। यह समझौता ज्ञापन पाँच वर्षों अर्थात् 2018 तक प्रभावी रहेगा जिसे परस्पर करार के साथ आगे भी बढ़ाया जा सकता है। समझौता ज्ञापन के अन्तर्गत, परस्पर हित वाले अनुसंधान कार्यक्रमों और सम्मेलनों को संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। इस करार से उभयमान क्षेत्रों में पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करना भी संभव हो पाएगा जो टीबीआरएल द्वारा चलाए जा रहे अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों के लिए भी समान रूप से उपयोगी होगा। इस कदम से महत्वपूर्ण रक्षा क्षेत्रों में अग्रणी प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान करने के भी अवसर सृजित होंगे। टीबीआरएल की सुविधाएं पीजी, एम.फिल और पीएचडी कार्यक्रमों के लिए अनुसंधान और परियोजना कार्यों के लिए भी उपलब्ध हो पाएंगी।

## आईएचबीटी, पालमपुर के साथ समझौता ज्ञापन

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय और हिमाचल जैव संपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर द्वारा उच्चतर शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में सहयोग के लिए 2013 में एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया। दोनों संस्थानों ने

कंप्यूटेशनल जीव विज्ञान, जैवसूचना विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान और बायोलोजिकल विज्ञान के क्षेत्रों में सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रमों को प्रारंभ करने का संकल्प लिया। इन सहयोगात्मक परियोजनाओं और शैक्षणिक विनिमय एवं संयुक्त अनुसंधान से जुड़े कार्यकलापों से हिप्रकेवि के विद्यार्थियों को भी लाभ पहुँचेगा।

## इनफ्लिबनेट के साथ समझौता ज्ञापन

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा शोधार्थियों की सुविधा के लिए इनफ्लिबनेट के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया जिससे कि वे अपने शोध प्रबंधों को ''शोधगंगा : भारतीय इलेक्ट्रॉनिक शोध प्रबंधों एवं शोध–निबंधों का संग्रह स्थल'' पर जमा करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इससे विश्वविद्यालय को यूजीसी द्वारा शोध–प्रबंधों की बैकफाइलों के डिजिटाइजेशन के संबंध में विश्वविद्यालयों को प्रत्यक्ष रूप से अथवा इनफ्लिबनेट केन्द्रों के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले सभी संसाधनों तक अथवा शोध–प्रबंधों और शोध–निबंधों में साहित्यिक चोरी के निवारण के लिए सॉफ्टवेयर टूलों तक पहुँच प्राप्त होगा। इनफ्लिबनेट के साथ यह समझौता ज्ञापन शोधार्थियों को ''शोधगंगोत्री : प्रगत्याधीन भारतीय अनुसंधान का एक संग्रह स्थल'' में अपने सारसंग्रहों को भी जमा करने की सुविधा प्राप्त होगी। धीरे–धीरे इलेक्ट्रॉनिक थीसिस और डिजरटेशन (डीटीडी) बहुत सामान्य हो जाएगा और इटीडी और आइआर जैसे इन प्रयासों के आधार पर अनुदान प्रदान करने वाली एजेंसियां और प्रत्यायन निकायों यथा एनएएसी (नैक) और एआईसीटीई नवप्रवर्तक विश्वविद्यालयों के संबंध में निर्णय ले पाएंगी।

## यूजीसी की फैकल्टी रिचार्ज स्कीम

यूजीसी ने अनुसंधान और शिक्षण की सहज योग्यता रखने वाले उच्च गुणवत्ता वाले संकाय उपलब्ध कराने के नवीन साधन के रूप में ''मूल विज्ञान अनुसंधान का सुदृढ़ीकरण'' की अपनी योजना के अन्तर्गत एमएचआरडी/यूजीसी अधिकृत समिति द्वारा समन्वित यूजीसी रिचार्ज कार्यक्रम प्रारंभ किया है। ये पद मूल विज्ञान यथा भौतिकी, गणित, रसायनशास्त्र, जीव विज्ञान और इंजीनियरिंग एवं पृथ्वी विज्ञान में सहायक प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसर के स्तर पर होंगे। इस योजना को वर्तमान में संकायों की अत्यधिक कमी से गुजर रहे भारतीय विश्वविद्यालयों में नवीन प्रतिभा को लाने और संकाय संसाधनों को बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत यूजीसी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 1000 संकायों को शामिल करने की योजना बनाई गई है जिससे कि संकाय संसाधनों का कायाकल्प हो सके। प्रारंभ में 'फैकल्टी रिचार्ज' पद पाँच वर्षों की अवधि के लिए होंगे। इसका लाभ उठाने के लिए हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा **मूल विज्ञान में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर स्तर** पर योग्य संकायों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए यूजीसी के साथ समझौता ज्ञापन किया गया है । यूजीसी ने 03 एफआरपी यूजीसी–सहायक प्रोफेसरों (भौतिकी में 02 और जीव विज्ञान में 01) को हिप्रकेवि में नियुक्त किया है । रिपोर्ट प्रस्तुत करने तक विश्वविद्यालय में तीन सहायक प्रोफेसरों में से एक सहायक प्रोफेसर ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है ।

## यूजीसी द्वारा हिप्रकेवि में जनजातीय अध्ययन चेयर की स्वीकृति

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के परिनियम 40 में समाज विज्ञान स्कूल के अंतर्गत ग्रामीण एवं जनजातीय अध्ययन केन्द्र की स्थापना का उपबंध किया गया है। यूजीसी ने जनजातीय अध्ययन चेयर की स्थापना को अनुमोदित कर दिया है। इस चेयर की स्थापना से इस महत्वपूर्ण अध्ययन क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान एवं प्रकाशनों को प्रारंभ करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच व फोरम मिलेगा।

जनजातीय अध्ययन चेयर द्वारा डेटाबेस तैयार करने और विशेष नीतियों तथा कार्यक्रमों के अनुसंधान, मॉनीटरिंग और मूल्यांकन हेतु कार्यनीतियों को विकसित करने के लिए अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों में वैज्ञानिक तथा संपूर्ण सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास के लिए चेयर द्वारा क्षमता निर्माण तथा मानव संसाधन विकास तथा

फील्ड ऑउटरीच और एक्सटेंशन सेवाओं के जरिए कार्यात्मक अनुसंधान के लिए भी लोगों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

इस चेयर का मुख्य उद्देश्य जनजातीय संस्कृतियों एवं जनजातीय भाषाओं पर अनुसंधान प्रारंभ और साझा करना; जनजातीय अध्ययन के क्षेत्र में विचार–मंच के रूप में कार्य करना; विश्वविद्यालय/अंतर महाविद्यालय पीजी और अन्य विश्वविद्यालयों/स्वायत्त संस्थानों/अनुसंधान केन्द्रों/पीजी केन्द्रों को शामिल करते हुए अंतर शोध स्तरीय संवाद, चर्चा बैठकों, ग्रीष्मकालीन/शीतकालीन संस्थानों के लिए एक फोरम प्रदान करना; जनजातीय अध्ययन के प्रति केन्द्रित उच्चतर शिक्षा के अध्यापकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का डिजाइन तथा कार्यान्वयन; जनजातीय अध्ययन क्षेत्र में लोकनीति निर्माण में विश्वविद्यालयों/अकादमिक की भूमिका को सुदृढ़ करना; लघुकालीन पाठ्यक्रम संचालित करना; जनजातीय मुद्दों से जुड़े प्रकाशनों को प्रारंभ करना जिसमें जनजातीय अध्ययन पर जर्नल प्रारंभ करना, शामिल है, जिसमें जनजातीय भाषाओं के मौखिक साहित्य पर फोकस किया जाएगा। इससे शब्दकोश परियोजनाओं तथा बहुभाषायी शिक्षा पर ध्यान केन्द्रित करने वाले शैक्षिक प्रयत्नों में रुचि जागृत होगी; तथा जनजातीय अध्ययन के क्षेत्र में एक्सटेंशन और नेटवर्किंग–गतिविधियों में भी सहभागिता बढ़ेगा।

इस चेयर द्वारा अभिकल्पित कुछ अन्य ठोस योजनाएं हैं : भूमि, वन और उसके प्रबंधन पर जनजातीय अधिकारों से जुड़े जनजातीय विकास के उभरते मुद्दों की पहचान करना। शैक्षिक तथा स्वास्थ्य अवसंरचना विकास आदि; रोजगार और पोषणीय आजीविका के उपायों की पहचान और बढ़ावा; अनुसंधान विकासात्मक व परामर्शी जैसे कार्यकलापों के लिए अनुसंधान एवं शैक्षिक संस्थानों के साथ साझेदारी करना आदि।

इस चेयर की अध्यक्षता एक प्रोफेसर द्वारा की जाएगी जिसकी सहायता के लिए एक पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्च एसोसिएट, 3 कनिष्ठ अध्येता और 2 तकनीकी सहायक होंगे। चेयर की स्थापना के व्यय के लिए यूजीसी द्वारा 25 लाख रुपए की राशि संस्वीकृत की गई है।

## केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड के साथ सहयोग

केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड के देशभर में कार्यकलाप के साथ कांगड़ा जिला में भी कतिपय कार्य–सुविधाएं हैं। बोर्ड पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय को अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए सहमत हो गया है। हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय का केन्द्रीय भूमिगत जल बोर्ड के साथ समझौता ज्ञापन प्रक्रियाधीन है।

## डेटाबेस एवं सॉफ्टवेयर्स के लिए लाइसेंस युक्त ऐक्सेस

व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल, हिप्रकेवि के लिए सेंटर फॉर मॉनीटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) प्रोवेस (PROWESS) और इंडस्ट्री आऊटलूक (INDUSTRY OUTLOOK) डेटाबेसों तक लाइसेंस युक्त ऐक्सेस प्राप्त है। विद्यार्थियों के विश्लेषनात्मक और अनुसंधान कौशलों को बढ़ाने के लिए एसपीएसएस (SPSS) और ई–व्यू (E-View) का लाइसेंसशुदा प्रयोग किया जा रहा है।

## कार्लस्टैड यूनिवर्सिटी, स्वीडेन के साथ समझौता ज्ञापन हेतु आशय–पत्र हस्ताक्षरित

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में अपना सर्वोच्च स्थान बनाने के लिए सभी संभव उपाय हेतु सदैव तत्पर रहता है । इसी दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए हिप्रकेवि और कार्लस्टैड यूनिवर्सिटी, स्वीडेन के मध्य निकट भविष्य में समझौता ज्ञापन हेतु आशय–पत्र हस्ताक्षरित किया गया है । इस आशय–पत्र को दोनों विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्यों की उपस्थिति में हिप्रकेवि के कुलपति प्रो. योगिन्द्र सिंह वर्मा और कार्लस्टैड यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. असा बर्जेनहाइम द्वारा हस्ताक्षरित किया गया । प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा, कुलपति, हिप्रकेवि ने कहा कि दोनों संस्थान शैक्षणिक दौरा, संयुक्त शिक्षण कार्यक्रमों, संयुक्त अनुसंधान कार्यकलापों और प्रकाशनों,

सेमिनारों और शैक्षणिक बैठकों, अकादमिक सामग्री और अन्य सूचना विनिमय तथा विद्यार्थियों के विनिमय के माध्यम से सुदृढ़ शैक्षणिक वातावरण निर्माण की दिशा में कार्य करेंगे ।

प्रो. वर्मा और प्रो. बर्जेनहाइम ने इस पर बल दिया कि दोनों संस्थान स्वीकृत विशिष्ट कार्यकलापों को बढ़ाने एवं समन्वय हेतु संपर्क अधिकारी पदनामित करेंगे। प्रो. वर्मा ने यह भी कहा कि समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित करने के लिए यह आशय–पत्र दोनों देशों के प्राधिकृत प्राधिकरणों से अनुमोदन मिलने के बाद समझौता ज्ञापन में परिणत हो जाएगा ।

प्रस्तावित समझौता ज्ञापन पांच वर्षों की अवधि तक प्रभावी रहेगा और दोनों में से कोई भी बारह महीने पूर्व अग्रिम सूचना देकर अथवा इससे पूर्व परस्पर स्वीकृति के अनुसार करार समाप्त कर सकता है ।

## ला सापिएंजा यूनिवर्सिटी, इटली के साथ समझौता ज्ञापन हेतु आशय–पत्र हस्ताक्षरित

हिप्रकेवि और ला सापिएंजा यूनिवर्सिटी ऑफ रोम, इटली द्वारा निकट भविष्य में समझौता ज्ञापन हेतु एक आशय–पत्र हस्ताक्षरित किया गया है । यह आशय–पत्र हिप्रकेवि के कुलपति प्रो. योगिन्द्र सिंह वर्मा और प्रो. इवजेनियों गॉडियो, रेक्टर, सापिएंजा यूनिवर्सिटी ऑफ रोम द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है । समझौता ज्ञापन करने की प्रक्रिया प्रो. टिटो मार्सी, सापिएंजा द्वारा हिप्रकेवि में 20 फरवरी 2015 को उनकी यात्रा के दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्यों की उपस्थिति में प्रारंभ हुई थी । पांच वर्षों के लिए इस प्रस्तावित समझौता ज्ञापन में शैक्षणिक दौरा, संयुक्त शिक्षण कार्यक्रमों, संयुक्त अनुसंधान कार्यकलाप और प्रकाशन, सेमिनारों और शैक्षणिक बैठकों में भागीदारी, शैक्षणिक सामग्री और अन्य सूचना, विद्यार्थियों के आदान–प्रदान आदि क्षेत्र में परस्पर सहयोग शामिल हैं।

# पुस्तकालय एवं सूचना संसाधन

विश्वविद्यालय के अस्थायी शैक्षणिक खंड, शाहपुर में एक कार्यशील केन्द्रीय पुस्तकालय स्थित है जिसे विश्वविद्यालय द्वारा पढ़ाए जा रहे विषयों से जुड़ी पर्याप्त संख्या में पुस्तकों, जर्नलों और संदर्भ सामग्री से विकसित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ई–संसाधनों के लिंक पहले ही उपलब्ध कराए गए हैं। ई–लर्निंग संसाधन उपलब्ध कराने के लिए इसे और विकसित किया जा रहा है। पुस्तकालय के पास ऑनलाइन जर्नलों को पढ़ने के लिए इनफ्लिबनेट सुविधा उपलब्ध है। सामान्य संदर्भ सामग्री के अतिरिक्त पुस्तकालय के पास मुख्यतः कंप्यूटेशनल बायोलॉजी, अर्थशास्त्र, शिक्षा, अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य, पर्यावरण अध्ययन एवं जैविक विज्ञान, हिंदी भाषा एवं साहित्य, सूचना प्रौद्योगिकी, पत्रकारिता एवं नव मीडिया, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, प्रबंधन विज्ञान, गणित, भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान, मनोविज्ञान, समाज कार्य एवं समाजशास्त्र, यात्रा एवं पर्यटन प्रबंधन से जुड़ी पुस्तकें हैं। वर्ष 2010 में स्थापना के बाद समय के बीतने के साथ विश्वविद्यालय पुस्तकालय द्वारा पुस्तकों के संग्रहण, जर्नलों और इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के अभिदान को तेजी से बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में पुस्तकालय में 18,010 पुस्तकें (17,350 पुस्तकें, 07 धारावाहिक प्रकाशन, 653 दान में प्राप्त) हैं।

**सदस्यता :** पुस्तकालय की सदस्यता विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ को उपलब्ध है। अन्य को परिचय पत्र प्रस्तुत करने पर परामर्श सुविधा दी जाती है। पुस्तकालय सभी कार्यदिवसों पर पूर्वाह्न 09:00 से अपराह्न 05:30 बजे तक खुला रहता है।

**अद्यतन संसाधन :**

1. पुस्तक : 17,350 (1557 हिंदी पुस्तकों और 165 द्विभाषी शब्दकोश सहित)
2. धारावाहिक प्रकाशन : 07
3. दान में प्राप्त : 653 (68 हिंदी पुस्तकों सहित)
4. गोडरेज स्टीक बुक्स रैक्स : डबल फेस्ड : 11+2, प्रत्येक में जोड़ने योग्य और सिंगल फेस्ड : 4+1 प्रत्येक में जोड़ने योग्य
5. गोडरेज पिरियोडिकल डिस्प्ले रैक्स : 6
6. बुक केस : 33

वर्ष के दौरान (01–04–2014 से 31–03–2015) 4300 (346 हिंदी पुस्तकों सहित) पुस्तकों की खरीद की गई और पहले की 13,050 पुस्तकों को मिलाकर इसकी संख्या अब 17,350 हो गई। इसमें धारावाहिक प्रकाशन और दान में प्राप्त पुस्तकें शामिल नहीं हैं। 31.03.2015 तक विश्वविद्यालय को विद्वानों से 653 उच्चस्तरीय पुस्तक (68 हिंदी पुस्तकों सहित) प्राप्त हुई हैं। 5 अथवा अधिक पुस्तकों का दान करने वाले व्यक्ति/कार्यालय का विवरण इस प्रकार है :

| नाम | दान में प्राप्त पुस्तकों की संख्या |
|---|---|
| संस्थापक कुलपति, हि.प्र.के.वि कार्यालय | 13 |
| डॉ. ओम अवस्थी (पूर्व प्रोफेसर, जीएनडीयू, अमृतसर) | 50 (थीसिस–हिंदी) |
| श्री अविनाश राणा, हि.प्र.के.वि. विद्यार्थी | 05 |

2. एक सत्र की अध्यक्षता की, यूजीसी प्रायोजित राष्ट्रीय सेमिनार, विषय 'कॉर्पोरेट रेगूलेटरी रिफॉर्म्स–पर्सपेक्टिव, इश्यूज एंड चैलेंजेज अंडर न्यू कंपनी लॉ', जलंधर चैप्टर, एनआईआरसी, आईसीएसआई, डीएवी कॉलेज, जलंधर, 21 मार्च, 2015
3. हिप्रकेवि का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में निर्णायक की भूमिका, वार्षिक फेस्ट, द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन, रैत।
4. नेट परीक्षा में यूजीसी पर्यवेक्षक का कार्य किया।

### डॉ. मोहिंदर सिंह

1. सदस्य, संपादन मंडल, 'इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टी डिसिप्लिनरी अडवांस्ड रिसर्च' (आईजेएमएआर) (आईएसएसएस 2348–7623)।

## विपणन एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विभाग

### डॉ. भगवान सिंह

1. एमबीए का विषय विशेषज्ञ, पाठ्य समिति, हिमाचल प्रदेश टेक्नीकल यूनिवर्सिटी, हमीरपुर, हिप्र।
2. परामर्शदाता एवं मार्गदर्शक : इंडकेयर कॉलेज ऑफ लॉ (आइसीएल), नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा की बेवसाइट विकास की कार्यनीति एवं सृजनात्मकता हेतु, 1–2 जनवरी, 2015

### चमन लाल

1. परीक्षक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली।
2. परीक्षक, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला।
3. परीक्षक, हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय, हमीरपुर।

## पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल

## पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग

### देबाशीष साहू

1. सदस्य, ग्लोबल सोसाइटी फॉर हेल्थ एंड एजुकेशनल ग्रोथ, नई दिल्ली (एनजीओ)।
2. कश्मीर के बाढ़ पीड़ितों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहतकोष' में अंशदान किया।
3. गुजरात में गरीब बच्चों को शिक्षा, भोजन और निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने में जुटी 'वर्ल्ड विज़न इंडिया–गुजरात' एनजीओ से जुड़ा होना।
4. गरीबों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कराने में सहायक 'हेल्पलाइन फॉउण्डेशन–नई दिल्ली' नामक सामाजिक संगठन के साथ सम्बद्ध।

### डॉ. एस. सुंदररमण

1. अन्य संस्थानों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया।
2. अन्य विश्वविद्यालय के लिए पेपर सेटर का कार्य किया।

### डॉ. सुमन शर्मा

1. एमबीए पर्यटन एवं यात्रा के तृतीय सत्र के विद्यार्थियों के लिए नेतृत्व विकास कैंप का समन्वय किया, 26 अक्टूबर–02 नवंबर, 2014

## पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल

### डॉ. प्रदीप नायर

1. एशिया पैसेफिक मीडिया एजुकेटर (एपीएमई) के संपादकीय सलाहकार बोर्ड में नियुक्त। यह सेज और स्कूल ऑफ आर्ट्स, इंग्लिश एंड मीडिया यूनिवर्सिटी ऑफ वोलोगॉंग, आस्ट्रेलिया द्वारा एक अंतरराष्ट्रीय रेफरीड जर्नल है।
2. सेज और सोसाइटी फॉर पब्लिक हेल्थ एजुकेशन (एसओपीएचई), वाशिंगटन डीसी द्वारा प्रकाशित इंटरनेशनल पीअर–रिव्यूड जर्नल 'पेडागोगी इन हेल्थ प्रोमोशन' के लिए समीक्षक नियुक्त।

## पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन विभाग

### डॉ. अर्चना कटोच

1. पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, रीजनल स्टडी सेंटर, खनियारा, धर्मशाला में एमएससी (I एवं II सेमेस्टर) के जून 2014 सत्र की प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए बाह्य परीक्षक का कार्य किया, 10 सितंबर, 2014
2. बीए–II, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय परीक्षा, सेट–I (सितंबर 2014) और सेट–II (मार्च 2015), 20 जुलाई, 2014

**डॉ. हर्ष मिश्रा**

1. राष्ट्रीय हिंदी पत्रिका 'तहलका' में एक लेख, अंक 15, खंड 6, अगस्त, 2014
2. राष्ट्रीय अंग्रेजी दैनिक हिंदुस्तान टाइम्स के लखनऊ संस्करण के एक्सप्रेशंस कॉलम में बाल श्रम की चिंताओं को व्यक्त करते हुए एक लेख 'लेट्स यूज़ सत्यार्थी–मलाला नोबेल ऐज़ कैटेलिस्ट फॉर चेंज'।
3. दैनिक जागरण समूह द्वारा प्रकाशित द्विभाषी दैनिक आई–नेक्स्ट के लखनऊ संस्करण में एक संपादकीय लेख।

**पत्रकारिता एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग**

**कुलदीप सिंह**

1. टॉप टेन न्यूज़ बुलेटिन के दो एपिसोड का निर्माण, एसओजेएमएनएल के वसुंधरा मनकोटिया और मोहम्मद शारिक (IV सेमेस्टर के विद्यार्थी) द्वारा एंकरिंग।
2. विशेष न्यूज बुलेटिन 'पक्के इरादे' के दो एपिसोड का निर्माण, एसओजेएमएनएम के गौरव मंडयाल (IV सेमेस्टर का विद्यार्थी) और श्रद्धा शर्मा (II सेमेस्टर की विद्यार्थी) द्वारा एंकरिंग।

# विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सेमिनार/संगोष्ठी/सम्मेलन/कार्यशाला/अभिविन्यास कार्यक्रम

## ❖ विश्वविद्यालय स्तर पर

### स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के नवीन बैच के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम

विश्वविद्यालय द्वारा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के नवीन बैच (2014–15) के लिए टैब कैंपस, शाहपुर में 4–6 अगस्त, 2014 के दौरान तीन दिवसीय इंडक्शन/ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ओरिंएटेशन कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रो. फुरकान कमर, हिप्रकेवि के संस्थापक कुलपति और भारतीय विश्वविद्यालय संघ, नई दिल्ली के महासचिव ने विश्वविद्यालय के नवीन प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों को अभिप्रेरित एवं शिक्षित किया। विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सही शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य को सभी दृष्टियों से पूर्ण मनुष्य का निर्माण है, जो मानवीय अस्तित्व के पाँच पहलुओं, नामतः शारीरिक, बौद्धिक, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक दृष्टियों से पूर्ण विकसित हो। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का पाबंद, मेहनती और समर्पित रहने के लिए उद्बोधित किया। प्रो. कमर ने कहा कि लौकिक शिक्षा से भौतिक जगत के अप्रत्यक्ष ज्ञान का भान होता है। आध्यात्मिक शिक्षा से मनुष्य में अंतर्निहित देवत्व का उद्भास होता है। लौकिक और आध्यात्मिक शिक्षा दोनों मनुष्य के लिए आवश्यक हैं जिसके बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगिंदर सिंह वर्मा ने मुख्य अतिथि और विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के विज्ञान युग में नैतिक मूल्यों से अधिक ऐन्द्रिक लाभ हमारा ध्यान ज्यादा आकृष्ट करता है। जीवन में इन मूल्यों को विकसित करने का प्रमुख सोपान मूल्यों के प्रति जागरूक होना है। इसके परिणाम स्वरूप सर्वांगीण वैश्विक दृष्टिकोण का विकास होगा, जो आदर्श शिक्षा का प्राथमिक उद्देश्य होता है और इससे हम सार्वभौमिक मानव व्यवस्था की ओर अग्रसर होते हैं।

इंडक्शन/ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान नवीन विद्यार्थियों को स्कूल/विभागों और केन्द्रों; विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली, कुरिकुलम, परीक्षा, मूल्यांकन प्रणालियों आदि; पुस्तकालय और विश्वविद्यालय के अन्य संसाधनों के बारे में अवगत कराया गया। विद्यार्थियों को जेंडर संबधी मुद्दों और रैगिंग निषेध संबंधी प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उनके चार्टर तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यकलापों के बारे में भी बताया गया। संबंधित विभागों/केन्द्रों द्वारा कोर्स कंटेट समझाया गया और विद्यार्थियों को विकल्प आधारित क्रेडिट प्रणाली के अंतर्गत विकल्पों को चुनने के लिए कहा गया।

## ❖ स्कूल/विभाग स्तर पर

### भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल

#### भौतिकी एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग

1. 'ई–लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम' विषय पर कार्यशाला।
2. 'फिजिक्स एक्सपेरीमेंट्स यूजिंग डेटा एक्वीजीशन किट एक्सपआईज' विषय पर कार्यशाला, 6 एवं 8 नवंबर, 2014
3. फिजिक्स सोसाइटी द्वारा 'साइंटिफिक राइटिंग एंड प्रेजेंटेशन' विषय पर कार्यशाला, 27 मार्च, 2015

### पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल

#### पर्यावरण विज्ञान विभाग

1. पृथ्वी दिवस समारोह, पर्यावरण विज्ञान स्कूल, हिप्रकेवि, टैब, शाहपुर, 22 अप्रैल, 2014

### गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल

#### गणित विभाग

1. **'टू फेसेस ऑफ एनालिसिस' पर कार्यशाला।**

   गणित विभाग द्वारा टैब कैंपस, शाहपुर में 21–23 अप्रैल, 2014 के दौरान 'टू फेसेस ऑफ एनालिसिस' विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को 'एनालिसिस' के दो विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना था। एनालिसिस आधुनिक शुद्ध गणित का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इसका उपयोग विभिन्न विषयों जैसे डायनामिक्स, जीयोमेट्री, मेकानिक्स, नंबर थियरी और रिप्रेजेंटेशन

थियरी आदि में किया जाता है। इस कार्यशाला के दो प्रमुख संसाधक डॉ. बी.एस. कोमल, पूर्व प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, जम्मू विश्वविद्यालय और डॉ. सुरिंदर सिंह, गुरुनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर थे।

अपने अध्यक्षीय अभिभाषण में प्रो. आई.वी. मल्हन, अधिष्ठाता, गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल, हिप्रकेवि ने सांख्यिकी, भौतिकी, रसायनशास्त्र, जीव विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाज विज्ञान और मनोविज्ञान आदि में गणितीय विश्लेषण के महत्व को बताते हुए पेडागोगी के प्रोफेशन विकास की संभावना तलाशने पर जोर दिया जिससे सफलता एवं उपलब्धि के लिए गणित में अनुसंधान आधारित पद्धतियों का अन्वेषण कर सकें।

प्रो. के.बी. जोशी, अधिष्ठाता, भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल माननीय अतिथि थे और डॉ. सचिन कुमार श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

2. **'अनालिटिकल आस्पकेट्स ऑफ डायनामिक्स' पर कार्यशाला :**

गणित विभाग द्वारा टैब कैंपस, शाहपुर में 11–17 नवंबर, 2014 के दौरान 'एनालिटिकल आस्पेक्टस ऑफ डायनामिक्स' पर एक सप्ताह की कार्यशाला आयोजित की गई। प्रो. सी.एस. अरविंद, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर), सीएएम, बैंगलोर मुख्य अतिथि और संसाधक थे।

कार्यशाला के दौरान देश के विभिन्न भागों के प्रमुख संसाधकों द्वारा डायनामिक्स के विभिन्न पक्षों पर चर्चा की गई। इसके अंतर्गत प्रो. सी.एस. अरविंद द्वारा 'द जीयोडेसिक फ्लो ऑफ हाइपरबोलिक सर्फेसेस' पर व्याख्यान भी शामिल है। उन्होंने गणितीय संकल्पनाओं के ज्यामितीय दृष्टिगोचर हेतु लिनियर अलजेबरा और मल्टीवेरियस कैल्कूलस के महत्व पर प्रकाश डाला।

अपने अध्यक्षीय अभिभाषण में डॉ. ओ.एस.के.एस. शास्त्री, अधिष्ठाता, भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल ने कहा कि भौतिकी की भाषा गणित है। कार्यशाला के आयोजक सचिव डॉ. राकेश कुमार और सह–संयोजक डॉ. एस.के. श्रीवास्तव थे।

## कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान विभाग

1. **'इमेज प्रोसेसिंग एंड कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस' पर कार्यशाला :**

कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना विज्ञान विभाग, गणित, कंप्यूटर और सूचना विज्ञान स्कूल की इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी सोसाइटी द्वारा एमएससी आईटी के विद्यार्थियों के लिए टैब कैंपस, शाहपुर में 1–2 मई, 2014 के दौरान 'ईमेज प्रोसेसिंग एवं कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस' पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इमेज प्रोसेसिंग एवं कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में न्यूनतम अपेक्षाओं की पूर्ति हेतु अद्यतन विकासों से विद्यार्थियों को परिचित कराना था।

डॉ. अनिल कुमार साव, सहायक प्रोफेसर और अध्यक्ष, स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, आईआईटी, मंडी और डॉ. शुभानंद जमवाल, सहायक प्रोफेसर, जम्मू विश्वविद्यालय इस कार्यशाला में विशिष्ट वक्ता थे।

उद्घाटन सत्र में लगभग पचास विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। प्रो. आई.वी. मल्हन, अधिष्ठाता, गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यशाला के संयोजक श्री केशव रावत, सहायक प्रोफेसर थे।

2. **'सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग प्रिंसिपल्स एंड टेक्नीक्स' पर कार्यशाला :**

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय की इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी सोसाइटी द्वारा एमएससी आईटी विद्यार्थियों के लिए टैब कैंपस, शाहपुर में 28 नवंबर, 2014 को 'सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग प्रिंसिपल्स एंड टेक्नीक्स' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग प्रिंसिपल्स एंड टेक्नीक्स के प्रायोगिक अनुभव से युक्त कराना था। इसमें टीम प्रोजेक्ट पर फोकस दिया गया था, जिसमें सॉफ्टवेयर लाइफसाइकलों के विभिन्न चरणों के माध्यम से सॉफ्टवेयर विकास प्रोजेक्ट का कार्यान्वयन किया जा रहा है। इस कार्यशाला के चर्चा विषयों में आवश्यकताएं, हाई एवं लो लेवल डिजाइन, ऐब्सट्रैक्शन, प्रोग्रामिंग स्टाइल, टेस्टिंग, मेनटेनेंश और सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट प्रबंधन शामिल थे। इसमें मेनटेनेंश योग्य सॉफ्टवेयर डिजाइन और विकास और ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड तकनीकों पर विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रो. आई.वी. मल्हन, अधिष्ठाता द्वारा किया गया। कार्यशाला के संयोजक श्री केशव सिंह रावत द्वारा प्रतिभागियों और विशिष्ट वक्ता डॉ. चंद्रकांत वर्मा, कंप्यूटर विज्ञान एवं अनुप्रयोग विभाग, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा का स्वागत किया गया।

3. 'C एवं C++' एवं 'जावा' पर एक दिवसीय कार्यशाला, 04 अप्रैल, 2014

4. 'बिजनेस प्रोसेस सिमूलेशन यूजिंग वेबजीपीएसएस (WEBGPSS) टूल', पर एक दिवसीय कार्यशाला, 10 सितंबर, 2014
5. 'लिनक्स एवं 'C' तथा CPP' पर एक दिवसीय कार्यशाला, 24 मार्च, 2015
6. 'जावा' पर एक दिवसीय कार्यशाला, 27 मार्च, 2015

## पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग

1. **' ऐक्सेस टू इलेक्ट्रॉनिक रिसोर्सेस' पर कार्यशाला :**

लाइब्रेरी एंड इंफॉरमेशन साइंस सोसाइटी, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, हिप्रकेवि द्वारा इन्फ्लिबनेट केंद्र, अहमदाबाद द्वारा टैब कैंपस, शाहपुर में 12 सितंबर, 2014 को 'यूजर्स अवेयरनेस ऑफ ऐक्सेस टू ई–रिसोर्सेस' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

श्री एन. करूणाकर, सहायक प्रोफेसर, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, हिप्रकेवि द्वारा स्वागत अभिभाषण दिया गया। प्रो. इंदरवीर मल्हन, विभागाध्यक्ष, डीएलआईएस और अधिष्ठाता ने इस कार्यशाला के महत्व और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस पर जोर दिया कि सूचना से अन्तर्दृष्टि आती है, विचार सुस्पष्ट होते हैं और नवोन्मेष को गति मिलती है। अतः ई–संसाधनों के बारे में जागरूकता आवश्यक है।

प्रथम तकनीकी सत्र में इन्फ्लिबनेट संसाधक श्री अशोक कुमार राय ने हिप्रकेवि पुस्तकालय को यूजीसी–इंफोनेट कंर्सोटियम के अंतर्गत प्राप्त विभिन्न ई–संसाधनों के बारे में बताते हुए इसके प्रभावी उपयोग से अवगत कराया। उन्होंने पारंपरिक सूचना संसाधनों की तुलना में ई–संसाधनों के लाभों को रेखांकित किया। उन्होंने इन्फ्लिबनेट द्वारा भारतीय विश्वविद्यालयों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं यथा बैंडविड्थ कनेक्टिविटी, ई–कंटेंट, शोधगंगा (भारतीय विश्वविद्यालयों को जमा कराई गई थीसिसों का पूर्ण–पाठ संग्रह स्थल) के बारे में बताया गया। उन्होंने शोधगंगा पोर्टल को भी दिखाया जहां 21000 पूर्ण–पाठ थीसिस उपलब्ध हैं। उन्होंने पीएचडी थीसिसों का बिबलियोग्राफिकल विवरण देने वाली सुविधा इंडकैट के बारे में भी बताया। वर्तमान में 02 लाख से भी अधिक बिबलियोग्राफिकल रिकॉर्ड उपलब्ध हैं।

बाद के तकनीकी सत्रों में, ई–संसाधनों, प्रकाशनों और कंटेट प्रदाताओं द्वारा प्रस्तुतीकरण दिया गया। विले, बलानी इंफोटेक प्रा.लि., ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, अल्सेवियर, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस और इंफॉरमेटिक्स' इंडिया लि. द्वारा अपने–अपने सूचना उत्पादों यथा विले ऑनलाइन लाइब्रेरी, टर्नीटिन, आइथेनटिकेट, प्रोजेक्ट मूज़, एपीएस, एसीएस, एसआईएएम, ऑक्सफोर्ड ऑनलाइन जर्नल्स, स्कोपस, मेंडेली, इजीप्रॉक्सी, जे–गेट और कैंब्रिज जर्नल्स ऑनलाइन पर प्रस्तुतीकरण दिया गया।

इस एक दिवसीय कार्यशाला में लगभग पचास संकाय सदस्यों और शोधार्थियों ने इस कार्यशाला में प्रतिभागिता की और इन्फ्लिबनेट संसाधक और प्रकाशकों तथा कंटेट सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों से खुले तौर पर बातचीत की।

2. **xxx आईएटीएलआईएस राष्ट्रीय सम्मेलन :**

पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा टैब कैंपस, शाहपुर में 27 नवंबर, 2014 को 'रि–इंवेंटिंग एलआईएस एजुकेशन प्रोग्राम्स इन इंडियन यूनिवर्सिटिज' विषय पर xxx आईएटीएलआईएस राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान अपने अध्यक्षीय अभिभाषण में हिप्रकेवि के कुलपति प्रो. योगिंदर एस. वर्मा ने कहा कि इस इंटरनेट युग में, जहां सूचनाएं बहुतायत में उपलब्ध हैं और सूचना आवश्यकताओं और फॉर्मेटों की विविधता की दृष्टि से विश्वसनीय सूचनाओं की तुरंत उपलब्धता और प्रभावी ज्ञान प्रबंधन के लिए सक्षम लाइब्रेरी प्रोफेशनल आज परम आवश्यक हो गए हैं। उन्होंने आगे यह भी कहा कि पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के संकाय न केवल एलआईएस कार्यक्रमों में नवपरिवर्तन अपितु एलआईएस संकाय को भी पुनः ऊर्जावान बनाने के लिए आवश्यक है।

प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रो. आई. वी. मल्हन, स्थानीय आयोजक सचिव ने कहा कि समाज में परिवर्तनों के कारण सूचना व्यवस्थापन एवं प्रचार की नई चुनौतियां उत्पन्न हो गई हैं।

अपने आधार व्याख्यानों ने प्रो. अमिताभ चटर्जी, पूर्व प्रोफेसर, जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता ने कहा कि पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान से जुड़े प्रोफेशनलों और संकाय सदस्यों को अपनी भूमिकाओं और पाठ्यक्रमों को पुनर्डिजाइन करने की आवश्यकता है जिससे कि लाइब्रेरी प्रोफेशनलों को रोजगार योग्य कौशलों से सम्पन्न किया जा सके।

डॉ. के. नवालानी, माननीय अतिथि और पूर्व प्रोफेसर एवं अधिष्ठाता, पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला ने जोर दिया कि सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी ने समाज में बड़े स्तर पर डिजिटल विभाजन कर दिया है।

पुस्तकालय प्रोफेशनलों द्वारा ऐसे सक्षम मानव संसाधन तैयार करने चाहिए जिससे यह खाई पट सके और सूचना चाहने वाले को प्रभावी सूचना प्राप्त करने के सामर्थ्य से सम्पन्न करना चाहिए।

डॉ. जगतार सिंह, अध्यक्ष, भारतीय पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान शिक्षक संघ (आईएटीएलआईएस) और प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला ने विद्यार्थियों को विकल्प आधारित पाठ्यक्रमों को प्रस्तावित करने की जरूरत को रेखांकित करते हुए उनमें प्रोजेक्ट/समस्या/संसाधन आधारित अधिगम बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस अवसर पर प्रो. अमिताभ चटर्जी को 'आईएटीएलआईएस–प्रो. जोगिंदर सिंह रामदेव लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2013' से सम्मानित किया गया। डॉ. शहबत हुसैन, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को आईएटीएलआईएस–प्रो. एस.पी. नारंग रिसर्च प्रोमोशन अवार्ड 2013 से सम्मानित किया गया। यह दोनों पुरस्कार हिप्रकेवि के कुलपति प्रो. योगिंदर एस. वर्मा द्वारा भेंट की गई। डॉ. मनप्रीत अरोड़ा द्वारा मंच संचालन किया गया। डॉ. एच.पी.एस. कालरा, सचिव, आईएटीएलआईएस ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तावित किया।

3. 'डी–स्पेस' पर दो दिवसीय कार्यशाला, 19–20 मई, 2014
4. 'यूज ऑफ डीडीसी इन हाइपरमीडिया ऑर्गेनाइजेशन' पर दो दिवसीय कार्यशाला, 12–13 फरवरी 2015

## मानविकी एवं भाषा स्कूल

### अंग्रेजी एवं यूरोपीय भाषा विभाग

1. **'लिटेरेरी थियरी' पर कार्यशाला :**

अंग्रेजी एवं यूरोपीय भाषा विभाग, हिप्रकेवि द्वारा हिप्रकेवि, टैब, शाहपुर में 21–22 जनवरी, 2015 को 'लिटेरेरी थियरी' पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। अंग्रेजी एवं सांस्कृतिक अध्ययन, पंजाब विश्वविद्यालय के जाने–माने एवं सुविख्यात शिक्षाविद प्रोफेसर अनिल रैना इस कार्यशाला के संसाधक थे।

कार्यशाला के प्रथम दिन के दो तकनीकी सत्रों के दौरान प्रो. रैना ने 'द ट्रैडिशनल अप्रोचेज एंड लिटरेचर एंड द एक्स्ट्रा लिटेरेरी अप्रोचेज (प्री–1960)' पर अपना विचार व्यक्त किया। प्लेटों और अरस्तु से प्रारंभ कर साहित्य अध्ययन के विभिन्न 'लिटेरेरी अप्रोचेज' के विकास–क्रम को स्पष्ट रूप से दर्शाते हुए उन्होंने सन् 1960 तक के साहित्यिक सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा की।

डॉ. रोशन लाल शर्मा, अधिष्ठाता, मानविकी एवं भाषा स्कूल और संयोजक ने ग्रंथों के विभिन्न तरीकों से परीक्षण में साहित्यिक सिद्धांतों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ऐसी कार्यशालाओं की महत्ता पर बल दिया, जिससे विभिन्न दृष्टिकोणों से साहित्य को समझने में विद्यार्थियों को सहायता मिलती है।

कुलपति प्रो. योगिंदर सिंह वर्मा ने अपने उद्घाटन अभिभाषण में ऐसी कार्यशालाओं से अकादमिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को होने वाले लाभों के महत्व को बताया। प्रश्न–उत्तर सत्र में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सक्रियता से भाग लिया। विभिन्न स्कूलों/विभाग के अधिष्ठाताओं/विभागाध्यक्षों ने अन्य संकाय सदस्यों के साथ कार्यशाला में भाग लिया। श्री हेमराज बंसल, सहायक प्रोफेसर ने मंच संचालन किया।

### हिंदी एवं भारतीय भाषा विभाग

1. 'रचनात्कमता : रचनाकार से रचना तक' विषय पर कार्यशाला, 02 फरवरी, 2015
2. 'स्त्री विमर्श : दशा एवं दिशा' विषय पर कार्यशाला, 15 जनवरी, 2015

## समाज विज्ञान स्कूल

### अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग

1. **डेटा एनालिसिस पर कार्यशाला :**

अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग द्वारा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए टैब कैंपस, शाहपुर में 21–22 अप्रैल, 2014 के दौरान 'स्टैटिस्टिकल पैकेज फॉर सोशल साइंटिस्ट्स (एसपीएसएस)' के माध्यम से डेटा एनालिसिस पर एक दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। विभिन्न सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर पैकेजों के माध्यम से डेटा एनालिसिस के लिए जाने–माने विशेषज्ञ प्रो. बालकृष्ण प्रोफेसर, व्यवसाय प्रबंधन, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला द्वारा इस कार्यशाला का संचालन किया गया। उन्होंने अर्थशास्त्र के विभिन्न पक्षों के क्रॉस सेक्सनल, टाइम सीरिज और पैनेल डेटा के विश्लेषण हेतु स्टैटिस्टिकल पैकेजों की अनुप्रयोज्यता पर चर्चा की।

कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रो. एच.आर. शर्मा, विभागाध्यक्ष, अर्थव्यवस्था एवं लोकनीति विभाग ने कहा कि विभिन्न सैद्धांतिक मानकों के प्रयोगाश्रित प्राक्कलन पर इस प्रकार की कार्यशालाओं के

आयोजन से न केवल विद्यार्थियों को अर्थव्यवस्था के कार्य करने के तरीकों की समझ विकसित होती है और आंकड़ों के विश्लेषण से जुड़े आवश्यक कौशलों को अर्जित कर पाते हैं, बल्कि इससे पब्लिक व प्राइवेट दोनों सेक्टरों में उनके रोजगार की संभावना बढ़ जाती है और शोध रिपोर्ट और शोध प्रस्तावों सहित नीतिगत दस्तावेजों को तैयार करने में मदद मिलती है।

2. **'एक्सट्रैक्शन एंड यूज़ ऑफ यूनिट लेवल एनएसएस डेटा' पर कार्यशाला**

अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग, हिप्रकेवि द्वारा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए टैब, शाहपुर में 25–26 मार्च, 2015 के दौरान 'मेथडोलॅाजिकल आस्पेक्ट्स एंड यूजेज ऑफ एनएसएसओ यूनिट लेवल डेटा' पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य एनएसएसओ के विभिन्न चक्रों के इकाई स्तर के आंकड़ों से निस्सारण की प्रक्रियाओं के बारे में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों को परिचित कराना था। प्रो. एच.आर. शर्मा, विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कार्यशाला के विषय में यह कहा कि पारिवारिक इकाई स्तर के एनएसएस डेटा के निस्सारण और उपयोग पर आधारित कार्यशाला से अर्थव्यवस्था के कार्यकरण के विभिन्न पक्षों को समझने हेतु अब तक कम प्रयुक्त बड़े स्तर पर वैज्ञानिक तरीकों से संग्रहित सर्वेक्षण आंकड़ों के उपयोग को बढ़ावा देने में बहुत सहायक होगी।

डॉ. जजाती केसरी परिदा, उपनिदेशक, रिसर्च एवं कोऑर्डिनेशन डिविज़न , नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लेबर इकोनॉमिक्स, नई दिल्ली ने कार्यशाला का संचालन किया। डॉ. परिदा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि इकाई स्तर के आंकड़ों के वास्तविक निस्सारण से पहले शोधकर्ताओं को पारिवारिक आंकड़ा संग्रहण हेतु एनएसएसओ द्वारा तैयार प्रश्नावली और डेटा सेट के दो महत्वपूर्ण फाइलों, नामतः लेआउट फाइल और रीड–मी फाइल से अवश्य परिचित हो जाना चाहिए। उसके बाद उन्होंने एनएसएस के रोजगार एवं बेरोजगारी संबंधी 64 वें और 68 वें चक्रों के विभिन्न चरों पर पारिवारिक डेटा के वास्तविक निस्सारण को प्रदर्शित किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने सक्रियता से भाग लेते हुए संसाधक से अपनी–अपनी शंकाओं का निवारण किया। प्रतिभागियों को विभिन्न डेटा फाइलों से विभिन्न चरों पर डेटा निस्सारण संबंधी छोटा–छोटा अभ्यास भी कराया गया।

3. प्रो. बालकृष्ण, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, व्यवसाय विभाग, एचपीयू, शिमला द्वारा एसपीएसएस पर एक कार्यशाला का संचालन किया गया, 11–12 अगस्त, 2014
4. प्रो. गुरमैल सिंह, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा एसपीएसएस पर एक कार्यशाला का संचालन किया गया, 9–10 सितंबर, 2014

## समाज कार्य विभाग

### समाज विज्ञान में अनुसंधान क्रियाविधि पर कार्यशाला :

1. हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा 17–26 मार्च, 2015 तक समाज विज्ञान में अनुसंधान क्रियाविधि पर दस दिवसीय कार्यशाला का संचालन किया गया। आईसीएसएसआर, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित यह कोर्स हिमाचल प्रदेश अथवा पड़ोसी राज्यों के विश्वविद्यालय में पीएचडी कर रहे पंजीकृत शोधार्थियों के लिए लक्षित था।

**कोर्स के निम्नलिखित मुख्य अकादमिक उद्देश्यों पर जोर दिया गया :**

i. प्रतिभागियों में वैज्ञानिक अनुसंधान क्रियाविधि के अनुप्रयोग के प्रति व्यापक समझ विकसित करना।
ii. वैज्ञानिक अनुसंधान में प्रयुक्त अनुसंधान क्रियाविधि की संकल्पनाओं और सिद्धांतों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करना।
iii. शोधार्थियों को गुणात्मक और मात्रात्मक अनुसंधान डिजाइन के बारे में शिक्षित करना।
iv. प्रतिभागियों को उनके अनुसंधान से जोड़ते हुए अनुसंधान के विभिन्न साधनों और तकनीकों के बारे में वैज्ञानिक समझ विकसित करना।
v. समाज विज्ञान अनुसंधान में एसपीएसएस प्रयोग के विषय में प्रतिभागियों में कौशल विकसित करना और समाज विज्ञान के क्षेत्र में एसपीएसएस का प्रयोग करते हुए डेटा विश्लेषण में प्रतिभागियों को सांख्यिकीय तकनीकों के प्रयोग के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना।
vi. शोधार्थियों को शोध–प्रबंध और शोधपत्र लिखने के संबंध में जागरूक बनाना।

देशभर के 12 राज्यों से 16 विश्वविद्यालयों के विभिन्न विषयों यथा समाज कार्य, समाजशास्त्र, प्रबंधन अध्ययन, पुस्तकालय, शिक्षा, अंग्रेजी आदि के शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया। देश के विभिन्न भागों के 14

संसाधकों ने व्याख्यान दिया और शोधार्थियों के कौशल को उन्नत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने फीडबैक भी जमा किया।

प्रो. अरविंद अग्रवाल, आईसीआरएस पर्यवेक्षक, अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष, समाज कार्य विभाग मुख्य अतिथि थे। कोर्स निदेशक, आईसीएसएसआर, डॉ. आशुतोष प्रधान और कोर्स सह–निदेशक, आईसीएसएसआर, श्री शबाब अहमद ने कार्यक्रम का आयोजन किया। डॉ. रश्मिता रे, आईसीएसएसआर पोस्ट डॉक्टोरल फेलो, समाज कार्य विभाग, हिप्रकेवि प्रबंधक थीं।

## शिक्षा स्कूल

### अध्यापक शिक्षा विभाग

1. **'नेशनल रिपोजिटरी ऑफ ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेस (एनआरओइआर)' पर कार्यशाला :**

   अध्यापक शिक्षा विभाग, शिक्षा स्कूल, हिप्रकेवि द्वारा सीआईइटी, एनसीइआरटी द्वारा 'नेशनल रिपोजिटरी ऑफ एजुकेशनल रिसोर्सेस' पर 28–29 नवंबर, 2014 के दौरान दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के आयोजन का उद्देश्य शोधार्थियों और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को मुक्त ज्ञान संसाधनों तक की पहुँच के बारे में अवगत कराना था।

   प्रो. अमरेन्दर बेहरा, विशेषज्ञ, एनसीइआरटी द्वारा जोर दिया गया कि शिक्षकों और विद्यार्थियों के उपयोग के लिए मुक्त शैक्षिक संसाधनों की अपनी उपलब्धता बढ़ाने की संभावना मौजूद है और उन्हें अधिगम के रचनात्मकतावादी दृष्टिकोण से भी जोड़ने की संभावना मौजूद है। भारत सरकार ने स्कूल स्तर की नीतियों यथा, स्कूल शिक्षा में आईसीटी संबंधी राष्ट्रीय नीति–2012 और आईसीटी@स्कूल स्कीम–2014 के माध्यम से अधिगम संसाधनों के सहयोगात्मक सृजन और व्यापक प्रसार को बढ़ावा दिया गया है। इसके अंतर्गत राज्य और राष्ट्र स्तरीय डिजिटल रिपोजिटरीज़ को स्थापित करने का भी प्रस्ताव है, जिसमें विभिन्न स्तरों के विद्यार्थियों और शिक्षकों की जरूरत के हिसाब से विभिन्न डिजिटल कंटेट संग्रहित होगा।

   कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा, कुलपति, हिप्रकेवि ने ज्ञान की मुक्त रूप से उपलब्धता और मुक्त समाज में इसकी महत्ता को रेखांकित किया। डॉ. मनोज सक्सेना, अधिष्ठाता, शिक्षा स्कूल, हिप्रकेवि ने कार्यशाला के विशेषज्ञ का परिचय देते हुए इस विश्वास की पुष्टि की कि शिक्षा क्षेत्र में ऐसे प्रयत्न ज्ञान के प्रति हमारी समझ पर दूरगामी प्रभाव डालेगा। विभिन्न विषयों के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों और सेंट्रल स्कूल फॉर टिबेटन्स, डल्हौजी तथा शिमला के शिक्षकों सहित लगभग चालीस प्रतिभागियों ने भाग लिया।

2. **शोधपत्र लेखन पर कार्यशाला :**

   अध्यापक शिक्षा विभाग, शिक्षा स्कूल, हिप्रकेवि द्वारा टैब कैंपस, शाहपुर में 18–19 दिसंबर, 2014 के दौरान 'शोधपत्र लेखन' पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

   उद्घाटन सत्र में प्रो. अरविंद अग्रवाल, अधिष्ठाता, समाज विज्ञान स्कूल और परीक्षा नियंत्रक, हिप्रकेवि मुख्य अतिथि थे और प्रो. सुनील बी. मोहंती संसाधक थे। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए प्रो. अग्रवाल ने शोधपत्र की तकनीकियों को रेखांकित करते हुए इस दिशा में प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. मोहंती ने प्रभावी एवं वास्तविक कार्य की आवश्यकताओं पर जोर देते हए कहा कि अनुसंधान पर बल दिया जाए ताकि समाज में व्याप्त विभिन्न समस्याओं का हल प्राप्त हो सके।

   समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. रोशनलाल शर्मा, अधिष्ठाता, मानविकी एवं भाषा स्कूल ने भारत के शोध जर्नलों में प्रकाशित होने वाले शोधपत्रों के लेखन के बारे में समालोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया और कहा कि इसे नई दिशा देने और पुनर्लक्षित करने की जरूरत है ताकि हम इस क्षेत्र में अर्थपूर्ण योगदान कर सकें।

   कार्यशाला के संयोजक डॉ. मनोज कुमार सक्सेना, अधिष्ठाता, शिक्षा स्कूल, हिप्रकेवि ने कार्यशाला की रिपोर्ट प्रस्तुत की और कार्यशाला के दौरान विभिन्न कार्यकलापों को वर्णित किया। सुश्री प्रकृति भार्गव, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा स्कूल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

3. 'गुड पैरेंटिंग' पर एक दिवसीय कार्यशाला ।

## व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल

1. **'क्वांटिटेटिव एनलासिस' (मात्रात्मक विश्लेषण) पर कार्यशाला :**

   हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा क्वांटिटेटिव एनालिसिस और डेटा माइनिंग पर एक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य संकाय सदस्यों और शोधार्थियों

को विभिन्न सांख्यिकीय सॉफ्टवेयरों के प्रयोग में दक्ष बनाना और अनुसंधान की विविध मात्रात्मक तकनीकों से जुड़ी संकल्पनाओं के विषय में स्पष्टता विकसित करना था। इस कार्यशाला का उद्घाटन प्रो. बालकृष्ण बाली, पूर्व अध्यक्ष, वाणिज्य एवं प्रबंधन स्कूल, एचपीयू, शिमला द्वारा 23 अप्रैल, 2014 को किया गया। मैनेजमेंट सोसाइटी, व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल, हिप्रकेवि द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में पैंतालीस से भी अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल के संकाय सदस्य और शोधार्थी शामिल थे।

2. **'तनाव एवं क्रोध प्रबंधन' पर कार्यशाला :**

व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल द्वारा टैब कैंपस, शाहपुर में 28–29 अप्रैल, 2014 के दौरान 'स्ट्रेस एंड ऐंगर मैनेजमेंट' पर एक दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। प्रो. सागर शर्मा, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के जाने–माने मनोवैज्ञानिक और प्रोफेसर एमीरेटस मुख्य संसाधक थे। कार्यशाला में मानव संसाधन प्रबंधन के संदर्भ में तनाव एवं क्रोध प्रबंधन के सभी महत्वपूर्ण यथा सामाजिक–सांस्कृतिक अवरोध, पारंपरिक एवं धार्मिक मान्यताएं, कलंक एवं सामाजिक भेदभाव को शामिल किया गया।

विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रो. सागर शर्मा ने स्पष्ट किया कि भूमंडलीकरण और आर्थिक अस्थिरता के कारण इन दिनों अवसाद और तनाव में वृद्धि हो रही है। सोशल नेटवर्किंग साइटों से जुड़े रहने के बावजूद युवा बहुत हद तक अवसाद की स्थिति से गुजर रहे हैं। प्रो. एच.आर शर्मा ने कहा कि तनाव और अवसाद से मुक्ति का एक ही मार्ग है–वास्तविक दुनिया से जुड़ाव बरकरार रखना। उन्होंने आगे स्पष्ट करते हुए कहा कि जो अपने परिवार व समाज से भावनात्मक जुड़ाव रखते हैं, वे सांसारिक चुनौतियों का आसानी से सामना कर सकते हैं। आजकल हम जिस आभासी दुनिया पर ज्यादा निर्भर हो गए हैं वह अलगाव भाव को व्यक्त करता है और इसे सामान्यतः युवाओं में छद्म जुड़ाव भावना के रूप में देखा जाता है।

हिप्रकेवि के तत्कालीन कुलपति प्रो. फुरकान कमर ने कार्यशाला में विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वोत्तम प्रबंधन पद्धति वह है जो लोगों को उद्देश्यपूर्ण प्रोफेशनल एवं व्यक्तिगत जीवन व्यतीत करने को प्रोत्साहित कर सके। स्व–जनित तनाव से मुक्त होने का सर्वोत्तम मार्ग वैसे लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयत्न करना है, जो प्रतिबद्धता, कठिन परिश्रम और सहज रूप से प्राप्त हो सके।

स्वागत अभिभाषण के दौरान प्रो. योगिंदर एस. वर्मा, प्रति–कुलपति, हिप्रकेवि ने कहा कि यह कार्यशाला तनाव से बाहर निकलने के उपायों और तनाव प्रबंधन की तकनीकियों को सीखने का अवसर प्रदान करती है।

3. **'केस अध्ययन एवं केस लेखन' पर कार्यशाला :**

व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल द्वारा 'केस स्टडी एंड केस राइटिंग' पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 31 जुलाई–02 अगस्त, 2014 तक किया गया। प्रो. एम. आर. दीक्षित, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद द्वारा इस कार्यशाला का संचालन किया गया। इस कार्यशाला में व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल और पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल के 50 प्रतिभागियों द्वारा भागीदारी की गई। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को केस लेखन से जुड़े ज्ञान व कौशल से युक्त करते हुए शिक्षणशास्त्र में टीचर लेड टीचिंग (टीएलटी) की बजाए स्टूडेंट पूल लर्निंग (एसपीएल) को अपनाते हुए इन केसों का उपयोग करना है।

4. **'कॉर्पोरेट वित्त' पर एक इंटरैक्टिव सत्र :**

व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल द्वारा टैब, शाहपुर में 17 अक्टूबर, 2014 को 'कॉर्पोरेट वित्त' पर एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया, जिसके संसाधक श्री संतोष कुमार, सहायक उपाध्यक्ष, कॉर्पोरेट वित्त, यस बैंक, दिल्ली थे। आईआईटी बॉम्बे और आईआईएम, अहमदाबाद के पूर्व छात्र श्री कुमार ने एसबीएमएस के विद्यार्थियों से कॉर्पोरेट जगत के कार्यकरण पर बातचीत की और उन्हें अपनी चुनी हुई विशेषज्ञता के क्षेत्र में करियर का चयन करने के लिए प्रोत्साहित किया। यह इंटरैक्शन स्कूल द्वारा उद्योग जगत के साथ संपर्क को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों का ही भाग था। श्री संतोष ने बैंकिंग उद्योग और कॉर्पोरेट वित्त की भूमिका का भी संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

5. **'एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स' पर कार्यशाला :**

व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल, हिप्रकेवि की मैनेजमेंट सोसाइटी और प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा टैब, शाहपुर में 'एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स' पर 01 सितंबर, 2014 को एक कार्यशाला आयोजित की

गई। उद्योग विशेषज्ञ (मानव संसाधन) श्री करूणेश देव ने कार्यशाला के दौरान एक व्याख्यान दिया। वर्तमान में श्री देव बैंक ऑफ अमेरिका कॉन्टिनम इंडिया प्रा. लि. में मैनेजर ऑपरेशंस के पद पर कार्यरत हैं और उन्हें 12 वर्षों का उद्योग अनुभव प्राप्त है। श्री करूणेश ने प्रबंधन के विद्यार्थियों के लिए 'एम्प्लॉयबिलिटी स्किल्स' के महत्व को बताते हुए कहा कि यह करियर निर्माण के आधार हैं। इन्हें अर्जित करने से अपने मनपसंद प्रोफेशन को चुनने और करियर विकास में सहायता मिलती है।

## पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल

### पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग

1. टूरिज्म सोसाइटी, हिप्रकेवि द्वारा 'रोल ऑफ टूरिज्म स्टेकहोल्डर्स इन लोकल कम्यूनिटी डेवलॉपमेंट' पर एक दिवसीय कार्यशाला, 25 सितंबर, 2014

## पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल

1. **'अंडरस्टैंडिंग फिल्म्स' पर कार्यशाला :**

मीडिया सोसाइटी, पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल द्वारा टैब कैंपस, शाहपुर में 22–23 अप्रैल के दौरान 'अंडरस्टैंडिंग फिल्म्स' पर एक दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। फिल्म निर्माता श्री रमेश शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मूविंग पिक्चर कंपनी इस कार्यशाला के मुख्य संसाधक थे।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि फिल्म एक अत्यधिक जटिल कला रूप है, जो विभिन्न कला रूपों यथा चित्रकला, संगीत और नाटक के विभिन्न पहलुओं को एक साथ प्रस्तुत करती है। शास्त्रीय फिल्म निर्माताओं यथा सर्जेई आइजेन्स्टाइन की फिल्म स्क्रीनिंग के दौरान उन्होंने दर्शक के लिए त्रि–आयामी दृश्य अनुभव सृजन में फिल्म की शक्ति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संग्रथन तकनीक ने, जिसके माध्यम से असंबद्ध दृश्यों को एक साथ लाकर भिन्न अर्थाभिव्यक्ति की जाती है, फिल्म को एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया है। कार्यशाला के प्रथम सत्र में, शास्त्रीय फिल्मों यथा 'एन ऑकर्रेंस ऐट ऑउल क्रीक ब्रिज' 'बैटलशिप पोटेमकिन' और 'गाडफादर' के अंशों की स्क्रिनिंग की गई।

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में श्रोताओं को संबोधित करते हुए तत्कालीन कुलपति प्रो. फुरकान कमर ने कहा कि फिल्म की सृजनात्मक क्षमता और कलात्मक गुणात्कमता के अतिरिक्त इसके निर्माण से जुड़ा टीम वर्क भी कमाल का होता है।

कार्यशाला के दूसरे दिन श्री रमेश शर्मा ने विभिन्न विषयों यथा फिल्म निर्माण प्रक्रिया, स्क्रिप्ट लेखन, एडिटिंग, कोरियोग्राफी और कॉस्ट्यूम डिजाइन पर चर्चा की। निर्माताओं और निदेशकों की भूमिकाओं पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि फिल्म की शूटिंग के दौरान लोगों को मनोभाव से संबद्ध करने के लिए सत्य और यथार्थ भाव का सृजन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वृत्तचित्र निर्माण में अत्यधिक परिश्रम और शोध की आवश्यकता होती है, परंतु समाज से संप्रेषण का यह एक सशक्त माध्यम है।

कार्यशाला के दौरान विभिन्न वृत्तचित्रों यथा जय भीम कॉमरेड, द जर्नलिस्ट एंड द जिहादी– द मर्डर ऑफ डेनियल पर्ल, पोट्रेट ऑफ द डायरेक्टर–राजकपूर को भी दिखाया गया।

2. **फिल्म कार्यशाला और आमंत्रित व्याख्यान :**

मीडिया सोसाइटी द्वारा शिक्षा स्कूल, हिप्रकेवि के सहयोग से टैब कैंपस, शाहपुर में 21 मई, 2014 को एक दिवसीय फिल्म कार्यशाला और आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्रति–कुलपति प्रो. योगिन्द्र वर्मा ने कहा कि ऐसी कार्यशालाओं से विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के बाहर के विशेषज्ञ और शिक्षाविदों से मिलने और विषय पर अपनी समझ को विकसित करने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम के दौरान सुश्री रितु सरीन, महोत्सव निर्देशक, धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने स्कूल के विद्यार्थियों को अपनी अद्यतन फिल्म 'वेन हरि गॉट मैरिइड' दिखाई। चर्चा के क्रम में उन्होंने फिल्म निर्माण की प्रक्रिया को समझाया और स्वतंत्र वृत्तचित्र निर्माताओं द्वारा सामना की जा रही दिक्कतों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रायः स्थानों आदि जिनकी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका होती है, का पर्याप्त समय के लिए उपलब्ध न हो पाना बड़ी चुनौती होती है। पत्रकारिता, जनसंचार और नव मीडिया के विद्यार्थियों ने भी कोर्स के भाग के रूप में निर्मित एक लघु फिल्म दिखाई। वर्तमान सामाजिक वास्तविकताओं को व्यंग्य के माध्यम से दर्शाने वाली इस फिल्म की उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा प्रशंसा की गई। अपराह्न सत्र में श्री अजित कुमार झा, संपादक, द न्यू इंडियन एक्सप्रेस द्वारा विद्यार्थियों से चर्चा की गई।

डॉ. रबीन्द्रनाथ, अधिष्ठाता, जेएमसीएनएम स्कूल, डॉ. अरविंद कुमार झा, अधिष्ठाता, शिक्षा स्कूल और विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के संकाय सदस्य और विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

3. **'डेवलॉपमेंट रिपोर्टिंग : द चेंजिंग पाराडाइम्स' पर पत्रकारिता कार्यशाला :**

पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया द्वारा टैब, शाहपुर में 18 नवंबर, 2014 को 'डेवलॉपमेंट रिपोर्टिंग : द चेंजिंग पाराडाइम्स' पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। श्री शशि शेखर, प्रधान संपादक, हिंदुस्तान मीडिया वेंचर्स मुख्य अतिथि और संसाधक के रूप में कार्यशाला में उपस्थित हुए।

पत्रकारों, हिमाचल प्रदेश के मीडिया एजुकेटरों और हिप्रकेवि के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री शेखर ने जोर दिया कि पत्रकारों को चाहे वे कॉर्पोरेट हाउस में कार्यरत हों अथवा स्वायत्त संस्थानों में प्रोफेशनल सत्यवादी की तरह कार्य करना चाहिए। प्रत्येक समाज को वैसे कुछ व्यक्तियों की आवश्यकता होती है जो सत्य को प्रकाशित कर सके। उन्होंने यह कहा कि किसी भी समाचार, प्रिंट अथवा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का एक ही तत्व होना चाहिए, वह है सत्यता। किसी भी पत्रकार को उसकी विश्वसनीयता और संगठन द्वारा दी गई जिम्मेवारी के लिए जाना जाता है। यह विश्वसनीयता ही है जिसके कारण मीडिया संगठन इस क्षेत्र में पांव जमाए रहते हैं। भारतीय और विदेशी मीडिया पर बात करते हुए श्री शेखर ने कहा कि कार्यान्वयन के स्तर पर दोनों समान स्तर पर हैं, परंतु अंतर यह है कि यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में मीडिया का दृष्टिकोण विशेषीकृत होता है। विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी ने पत्रकारिता की पद्धति को परिवर्तित कर दिया है। यह मोबाइल संचार का युग है। अतः मीडिया अध्ययन से जुड़े विद्यार्थियों को भविष्य के मीडिया के रूप में मोबाइल पर विचार करना होगा।

कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए प्रो. योगिन्द्र एस वर्मा, कुलपति, हिप्रकेवि ने विश्वविद्यालय और समाज के मध्य एक इंटरफेस विकसित करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय के संसाधनों का लाभ आसपास के समुदायों तक भी पहुँचना चाहिए। विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट क्षेत्र में कार्य करने के तरीकों को सीखने के अतिरिक्त यह भी सीखना चाहिए कि अपने मीडिया असाइनमेंट के भाग के रूप में सामान्य जनता से जुड़ी समस्याओं, मुद्दों और चिंताओं को किस प्रकार सामने रख सकते हैं।

कार्यशाला में पत्रकारों, राज्य के मीडिया एजुकेटरों और विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने प्रतिभागिता की।

4. **'चेंजिंग पाराडाइम्स ऑफ पब्लिक रिलेशंस' पर कार्यशाला :**

पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल, हिप्रकेवि ने टैब, शाहपुर में 20–21 नवंबर, 2014 को 'करेंट ट्रेंडस इन द फील्ड ऑफ पब्लिक रिलेशंस' पर एक कार्यशाला आयोजित की। दो दशकों से अधिक के अनुभव से युक्त प्रमुख मीडिया विद्वान प्रो. जयश्री जेथवानी कार्यशाला की मुख्य संसाधक थीं।

कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा, कुलपति, हिप्रकेवि ने प्रत्येक और सभी विद्यार्थी को सर्वोत्तम समावेशी शिक्षा और समुदाय को हितलाभ प्रदान करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दोहराया।

प्रो. जेथवानी ने सिमूलेशन अभ्यासों, समूह चर्चाओं और भिन्न मल्टीमीडिया टूलों सहित नवोन्मेष प्रायोगिक अधिगम तरीकों के माध्यम से जनसंपर्क, कॉर्पोरेट संचार, सामाजिक विपणन और संकटकालीन संचार की संकल्पनाओं से विद्यार्थियों को परिचित कराया। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रचार न होना अच्छा प्रचार है, लेकिन खराब प्रचार हमेशा खराब प्रचार ही है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि संचार प्रसार एवं बढ़ते सूचना स्रोतों के कारण जनसंपर्क वृत्तिकों का कार्य अधिक चुनौतीपूर्ण हो गया है। उन्होंने बदलते समय की चुनौतीपूर्ण मांग से निपटने के लिए विभिन्न नवीन साधनों एवं तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों द्वारा पूरे मनोयोग से कार्यशाला में भाग लिया गया।

5. 'मीडिया एथिक्स' पर श्री अशोक रैना, ट्रिब्यून द्वारा कार्यशाला, 18 नवंबर, 2014

# विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विशेष व्याख्यान/ अतिथि व्याख्यान/आमंत्रित व्याख्यान

## ❖ विश्वविद्यालय स्तर पर

### योजना आयोग, भारत सरकार के उपाध्यक्ष द्वारा द्वितीय स्थापना दिवस व्याख्यान

योजना आयोग, भारत के उपाध्यक्ष श्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया द्वारा 04 अप्रैल, 2014 को टैब, शाहपुर में हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय का द्वितीय स्थापना दिवस व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान का विषय 'इंडियाज़ इकोनॉमिक ऑब्जेक्टिव्स एंड प्रॉस्पेक्ट्स' था। श्री मोंटेक सिंह अहलूवालिया एक विख्यात अर्थशास्त्री, चिंतक और 1980 के बाद भारत में आर्थिक सुधारों को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान के लिए जाने जाते हैं। तत्कालीन कुलपति, हिप्रकेवि प्रो. फुरकान कमर द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई।

सभा को संबोधित करते हुए श्री अहलूवालिया ने कहा कि विकास केवल एक शुद्ध आर्थिक घटना नहीं होती बल्कि समस्त आर्थिक और सामाजिक प्रणाली के पुनर्विन्यास और पुनर्स्थापन को शामिल करते हुए बहुआयामी प्रक्रिया अपनानी होती है जिसमें प्रासंगिक विकास प्रक्रियाओं के माध्यम से जनता के जीवन स्तर अर्थात् आय एवं खपत, खाद्य, चिकित्सा, शिक्षा का स्तर बढ़ता है। उन्होंने प्रगतिशील अर्थव्यवस्था के संदर्भ में कहा कि आर्थिक विकास को जनता के आत्मविश्वास में वृद्धि के लिए सहायक परिस्थितियां सृजित कर और जनता की गतिशीलता बढ़ाकर तथा गरीबी, असमानता तथा बेरोजगारी को दूर कर प्राप्त किया जा सकता है।

विद्यार्थियों से चर्चा के क्रम में युवा विद्यार्थियों को संबोधित करने पर हर्ष प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें अगले तीस वर्षों में बहुत अधिक आर्थिक वृद्धि देखने का अवसर प्राप्त होगा और चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने समावेशी विकास पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रति व्यक्ति आय संरचनात्मक परिवर्तन का माप है और देश की आर्थिक वृद्धि में सूचनात्मक और संचार प्रौद्योगिकियों ने काफी योगदान किया है। इस अवसर पर हिप्रकेवि के तत्कालीन कुलपति प्रो. फुरकान कमर ने कहा कि इस विश्वविद्यालय ने तीन वर्षों की छोटी अवधि में काफी बढ़िया कार्य किया है। प्रो. योगिंद्र सिंह वर्मा, प्रति–कुलपति ने अपने स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय के विज़न और मिशन के बारे में बताया।

### अति विशिष्ट व्याख्यानमाला के अंतर्गत प्रथम आमंत्रित व्याख्यान

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के पब्लिक डिप्लोमेसी प्रभाग की अतिविशिष्ट व्याख्यानमाला के अंतर्गत टैब कैंपस, शाहपुर में 2 अगस्त, 2014 को 'इंडियाज इकोनॉमिक रिलेशंस विद सम मेजर वर्ल्ड पावर्स' विषय पर श्रीमती पार्बती सेन व्यास, राजदूत (सेनि.), अतिविशिष्ट वक्ता का उद्घाटन व्याख्यान आयोजित किया। विदेश मंत्रालय के 'एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिविज़न द्वारा भारत के तहत विभिन्न घटकों में भारतीय विदेश नीति के प्रति बेहतर समझ और जागरूकता लाने के लिए 'अतिविशिष्ट व्याख्यानमाला' प्रारंभ की गई है।

अपने व्याख्यान में श्रीमती व्यास ने भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के विभिन्न चरणों और स्वतंत्रता के बाद विभिन्न सरकारों द्वारा अपनाए गए नीतिगत दृष्टिकोणों को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के चीन, यूएस और यूएई सहित विभिन्न देशों के साथ आर्थिक एवं व्यापार संबंधों पर चर्चा करते हुए अंतरराष्ट्रीय व्यापार के महत्व को उद्घाटित किया। श्रीमती व्यास ने सीमा पार व्यापार की जरूरत पर बल दिया जिससे अर्थव्यवस्था बढ़ेगी और अधिक रोजगार के अवसर जनित होंगे।

सभा में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को संबोधित करते हुए प्रो. योगिन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि अनुभव से विवेकशीलता आती है और ऐसे ज्ञानवान व्यक्तियों द्वारा इस प्रकार के व्याख्यान उच्चतर शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए आज की जरूरत बन गई है। विश्वविद्यालय निरंतर यह प्रयत्न करता रहा है कि विद्यार्थियों को सभी शिक्षा विषयों में अद्यतन नीतियों और विकासों से सुपरिचित रखा जाए।

### 'रिसेपिंग इंडियाज गवर्नेंस' पर कुलाधिपति द्वारा विशेष व्याख्यान

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री अरुण मायरा ने अतिविशिष्ट व्याख्यानमाला–II के अंतर्गत टैब कैंपस, शाहपुर में 01 दिसंबर, 2014 को 'रिसेपिंग इंडियाज़ गवर्नेंस' विषय पर एक विशेष व्याख्यान दिया।

अपने संबोधन के दौरान श्री अरुण मायरा ने कहा कि हम आर्थिक दृष्टि से अभिसरण परिणाम के महत्वपूर्ण दौर में पहुँच चुके हैं। इस अवस्था में नीति नियंताओं को काफी सावधान रहने की आवश्यकता है ताकि इसका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों तक पहुँच सके। अभिसरण की इस नव स्थिति में नए वातावरण के अनुसार

नीतियों को रिडिजाइन करने की अत्यंत आवश्यकता है ताकि सर्वांगीण विकास और समावेशी वृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इन हालातों में चार कारक अर्थात् 'मुक्त बाजार और पूंजीपति', 'प्रत्येक मनुष्य का सम्मान' 'जनसंख्या विस्फोट' और 'सूचनाओं तक की पहुँच' चिंता के विषय बने हुए हैं।

श्री मायरा ने आगे कहा कि देश की उन्नति में आर्थिक वृद्धि एक निर्णायक भूमिका अदा करेगी जिसके परिणामस्वरूप आम जनता गरीबी से मुक्त हो जाएगी। समग्र विकास के लिए समावेशन की जरूरत है और यदि पूँजीपति प्रत्येक डॉलर को अहमियत दे रहे हैं तो उनकी यह भी जिम्मेवारी बनती है कि वे न केवल लाभ अपितु प्रत्येक व्यक्ति के विकास के बारे में भी सोचें। इसी प्रकार यदि हमारे नेता प्रत्येक मत को महत्वपूर्ण मानते हैं तो उन्हें सभी को नीति निर्माण प्रक्रिया में अवश्य शामिल करना चाहिए। इससे वास्तविक समग्र विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। श्री मायरा ने भ्रष्टाचार की गंदगी को साफ करने और समुदाय एवं नेतागण के बीच अविश्वास की भावना को दूर करने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इन कारणों से समाज में शून्यता और अस्थिरता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। व्याख्यान के बाद कुलाधिपति ने विद्यार्थियों से बातचीत की और उनके प्रश्नों का उत्तर दिया।

इस अवसर पर कुलपति, हिप्रकेवि प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय परिवार के मुखिया और रूपांतरण कुशलताओं के निधान का स्वागत करना अत्यंत शुभ पल है। प्रो. एच.आर. शर्मा, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## प्रो. अरुण कुमार ग्रोवर द्वारा तृतीय स्थापना दिवस व्याख्यान

प्रो. अरुण कुमार ग्रोवर, कुलपति, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा 20 जनवरी, 2015 को टैब कैंपस, शाहपुर में उत्तर–पश्चिम क्षेत्र में विकास के विशेष संदर्भ में भारत में उच्चतर शिक्षा पर तृतीय स्थापना दिवस व्याख्यान दिया गया। प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा, कुलपति द्वारा समारोह की अध्यक्षता की गई।

व्याख्यान के दौरान प्रो. ग्रोवर ने यह प्रकाश डाला कि उच्चतर शिक्षा विशेषीकृत ज्ञान और कौशलों के माध्यम से राष्ट्रीय विकास में योगदान कर रही है और परिणामस्वरूप इन वर्षों में भारत में प्रभावोत्पादक वृद्धि दर्ज की गई है। विख्यात विज्ञानिकों सर शांति स्वरूप भटनागर, डॉ. होमी जे. भामा, प्रो. हर गोबिंद खुराना का संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा कि हमें उन उद्देश्यों की पूर्ति करनी होगी जिनके लिए विश्वविद्यालय का निर्माण हुआ है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि शिक्षकों को शिक्षणशास्त्र ईजाद करने की स्वतंत्रता दी जानी चाहिए और उन्हें अधिक अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। अपनी–अपनी अनुपम विक्रय अवधारणा (यूएसपी) एक अच्छी बात है। लोगों को अपने विकल्प चुनने, अधिक से अधिक प्रयोगों को करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, इससे स्वतः अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

इस अवसर पर जब विश्वविद्यालय ने अपना पांच वर्ष पूरा किया, कुलपति प्रो. योगिन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि उच्चतर शिक्षा से सामाजिक परिवर्तन निश्चित होगा और यह कि स्टेकधारकों और समुदाय से लिंकेज स्थापित करने की जरूरत है। प्रगति सुनिश्चित करने के लिए वस्तुनिष्ठता, प्रतिभागिता, पारदर्शिता, सुशासन और डिजिटलीकरण आज की आवश्यकता बन गई है।

## प्रो. टिटो मार्सी, रोम विश्वविद्यालय द्वारा विशेष व्याख्यान

समाज कार्य विभाग, हिप्रकेवि के तत्वावधान में सोशल वर्क सोसाइटी ने टैब कैंपस, शाहपुर में 20 फरवरी, 2015 को प्रो. टिटो मार्सी, यूनिवर्सिटी ऑफ रोम 'ला सापिएंजा', इटली का 'फॉर ए कॉन्सटीट्यूएंट कंसेप्शन ऑफ सीटिजनशिप एंड सोशल इंक्लूजन : रिथिंकिंग द एथिकल एंड जुरिडिकल टॉपिक ऑफ हॉस्पीटालिटी' विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया। इस विशेष व्याख्यान की अध्यक्षता कुलपति प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा ने की। प्रो. अरविंद अग्रवाल, अधिष्ठाता, समाज विज्ञान स्कूल ने स्वागत भाषण दिया और वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया। विभिन्न विभागों के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों ने व्याख्यान में भागीदारी की। प्रो. टिटो मार्सी ने सभी संस्कृतियों में विद्यमान 'आतिथ्य' रूपी संस्था पर विस्तार से बात की और ऊपरी तौर पर भारतीय संदर्भ में पश्चिमी परंपरा पर प्रकाश डाला। प्रो. मार्सी ने वैश्वीकरण और आर्थिक प्रक्रियाओं की अव्यवस्था का उल्लेख किया, जिससे सामाजिक समावेशन और संभवतः अपवर्जन के नियम प्रतिकूल रूप से प्रभावित होते हैं। उन्होंने अपने संभाषण में कांट, हेबरमास, मार्क्स, बलिबार और जाकन्सेरिया जैसे महान दार्शनिकों और नवीन अध्ययन से जुड़े भारतीय विद्वानों जैसे पार्थ बनर्जी और अन्य को भी उद्धृत किया। अपने वक्तव्य में प्रो. मार्सी ने नागरिकता की संकल्पना और आतिथ्य पर विचारों और चिंतनों को प्रस्तावित किया।

अपने अध्यक्षीय भाषण में कुलपति प्रो. वर्मा ने वसुधैव कुटुंबकम् का उद्धरण देते हुए भारतीय सभ्यता व संस्कृति की समृद्धता को दोहराया। व्याख्यान के बाद प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर चर्चा हुई। श्री शबाब अहमद, सहायक प्रोफेसर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

## ❖ स्कूल/विभाग स्तर पर

### भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल

#### भौतिक एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग

1. डॉ. टी. रवि कुमार द्वारा भारतीय संस्कृति की महिमा पर एक व्याख्यान, 28 अक्टूबर, 2014
2. डॉ. सुदिप्तो पॉल चौधुरी, आईआईएसइआर मोहली द्वारा 'स्ट्रिंग थियरी' पर दो व्याख्यान।
3. डॉ. रवि प्रवेश आर्य, 'ऐंसिएंट इंडियन विज़डम : सम रिफ्लेक्शन' पर सेमिनार, 17 फरवरी, 2015

### पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल

#### पर्यावरण विज्ञान विभाग

**'स्लीप डिप्राइवेशन एंड इनसोमनिया' पर आमंत्रित व्याख्यान**

पर्यावरण विज्ञान विभाग, एसओइइएस, हिप्रकेवि द्वारा टैब, कैंपस, शाहपुर में 04 मार्च 2015 को डॉ. अलिम वेलजीइ, अनुसंधान सहायक प्रोफेसर, फर्माकोलोजी विभाग, पेन्नसिलवानिया, यूएसए का एक आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किया गया। उन्होंने अपने व्याख्यान को ऑक्जेलिक एसिड और डायसिलग्सिरॉल 36:3, जो स्लिप डेट के क्रॉस–स्पीसिज मार्कर्स हैं, से जोड़ते हुए अपने व्याख्यान को आगे बढ़ाया। डॉ. वेलजीइ बॉयोलॉजिकल रिदम, स्लिप और न्यूक्लियर मैग्नेटिक रिजोनेंस स्पेक्ट्रोस्कोपी और मॉस स्पेक्ट्रोमेट्ररी मेटाबोलोमिक्स का प्रयोग करते हुए ट्रांसलेशनल संदर्भ में पर्यावरणीय घटना के विशेषज्ञ हैं। अपने व्याख्यान के बाद उन्होंने विभिन्न संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों से अपने शोध और यूपीइएनएन में उनके टीम के साथ भविष्य में सहयोग पर बातचीत की।

### मानविकी एवं भाषा स्कूल

#### अंग्रेजी एवं यूरोपीय भाषा विभाग

**'रिसेंट ट्रेंडस इन लिटरेचर एंड रिसर्च' पर आमंत्रित व्याख्यान**

प्रो. चंद्रमोहन, पूर्व प्रोफेसर (अंग्रेजी), अंग्रेजी विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा 'रिसेंट ट्रेंडस इन लिटरेचर एंड रिसर्च' पर एक आमंत्रित व्याख्यान दिया गया। मानविकी एवं भाषा स्कूल और अन्य स्कूल के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों द्वारा इसमें भागीदारी की गई। प्रो. मोहन ने अंग्रेजी साहित्य अध्ययन में हालिया प्रवृत्तियों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को यह व्याख्यान काफी रूचिकर लगा, जो उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों से दृष्टिगोचर हो रहा था। डॉ. रोशन लाल शर्मा, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग एवं अधिष्ठाता, एसओएचएल ने आमंत्रित वक्ता के अकादमिक करियर पर प्रकाश डालते हुए उनका परिचय दिया।

**'मेटानैरेटिव्स' पर आमंत्रित व्याख्यान :**

प्रो. मंजु जायदका, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रमुख शिक्षाविद, उपन्यासकार कवित्री और लेखिका ने 'मेटानैरेटिव्स' विषय पर 17 जुलाई, 2014 को एक व्याख्यान दिया। प्रो. जायदका ने आख्यानों के संपूर्ण इतिहास को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि इसकी जड़ें पंचतंत्र जैसे भारतीय ग्रंथों में मौजूद हैं। उन्होंने 'मेटानैरेटिव्स' के संबंध में उत्तर आधुनिकतावादी विचार को भी उद्घाटित किया। व्याख्यान के बाद विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के विभागों के विद्यार्थियों द्वारा ज्ञानपरक प्रश्नों का सत्र चला। प्रारंभ में डॉ. रोशन लाल शर्मा, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग द्वारा प्रो. जायदका का परिचय और अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

**'साहित्य और सूफीवाद' पर आमंत्रित व्याख्यान**

प्रो. अनिल रैना, अंगेजी एवं सांस्कृतिक अध्ययन, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा अंग्रेजी विभाग, मानविकी एवं भाषा स्कूल के तत्वावधान में 'साहित्य और सूफीवाद' पर एक व्याख्यान दिया गया। स्वाभावतः उन्होंने तुरंत ही श्रोताओं के साथ तादात्म्य स्थापित कर लिया। संपूर्ण सत्र काफी संतोषजनक एवं सुरुचिपूर्ण रहा। साहित्य और सूफीवाद के सिद्धांतों में सिद्धस्त प्रो. रैना का व्याख्यान काफी रोचक रहा। व्याख्यान के बाद संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों के साथ विचार–विमर्श सत्र चला। डॉ. रोशनलाल शर्मा ने प्रो. रैना को साहित्यिक सिद्धांत और सूफीवाद के साहित्यिक आयामों पर प्रकाश डालने तथा सफल कार्यशाला संचालन के लिए धन्यवाद दिया।

## समाज विज्ञान स्कूल

### समाज कार्य विभाग

**महिला और शांति स्थापना पर व्याख्यान :**

समाज कार्य विभाग ने टैब, कैंपस, शाहपुर में 20 फरवरी, 2015 को महिला एवं शांति स्थापना विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया। प्रो. अंजू शरण उपाध्याय, प्रोफेसर राजनीतिशास्त्र, बीएचयू, वाराणसी ने यह व्याख्यान देते हुए विश्व में शांति स्थापना के लिए महिलाओं के और अधिक आधारभूत योगदान का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चूँकि हिंसा और युद्ध के प्रत्येक और सभी रूपों में महिलाएं ही कुप्रभावित होती हैं, अतः उन्हें शांतिदूत की भूमिका अदा करनी चाहिए। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि विचार रूप में शांति के विषय में महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा बेहतर समझ रखती हैं।

प्रो. अरविंद अग्रवाल, अधिष्ठाता, समाज विज्ञान स्कूल ने अतिथि का परिचय देते हुए विचार–विमर्श को आगे बढ़ाया।

## शिक्षा स्कूल

### अध्यापक शिक्षा विभाग

1. पॉलिटिकल रिपोर्टिंग पर डॉ. अजित कुमार झा, संपादक, न्यू इंडियन एक्सप्रेस, दिल्ली द्वारा तीन दिवसीय आमंत्रित व्याख्यान, 20–22 मई, 2014
2. ओइआर (ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेस) पर प्रो. प्रदीप मिश्रा द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान, 20 मार्च, 2015

## व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल

**केस अध्ययन के महत्व पर व्याख्यान :**

विपणन एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विभाग (एसबीएमएस) द्वारा टैब कैंपस, शाहपुर में 24 नवंबर, 2014 को प्रो. रवि शंकर, आईआईटी, दिल्ली के एक व्याख्यान को आयोजित किया गया। प्रो. शंकर ने प्रबंधन के विभिन्न क्षेत्रों से केस अध्ययन और प्रोजेक्ट के संपूर्ण महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों के लिए आवश्यक लेखन कौशल पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि दैनिक आधार पर इसके अभ्यास से ही लेखन कौशल को सीखा और बढ़ाया जा सकता है। प्लेसमेंट और ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के विषय पर उन्होंने प्लेसमेंट की एक सुनियोजित तरीके की आवश्यकता पर बल दिया जिसके अंतर्गत विद्यार्थी सावधानीपूर्वक अपना सीवी प्रस्तुत कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि उन्हें विषय के वैसे क्षेत्र पर सीवी में ज्यादा फोकस देना चाहिए जिनमें उन्हें अच्छा ज्ञान प्राप्त हो। उन्होंने किसी विषय में 'विशेषज्ञता' प्राप्त करने पर बल भी दिया जिससे नौकरी प्रारंभ करने वालों को कॉर्पोरेट जगत में आसानी से प्रवेश प्राप्त हो सके।

## पत्रकारिता, जनसंचार एवं नव मीडिया स्कूल

1. 'ब्रॉडकास्टिंग कंटेंट्स ओवर मल्टीपल प्लैटफॉर्म्स' पर प्रो. अरविंद सिन्हा, मुद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ कम्यूनिकेशंस, अहमदाबाद और प्रो. एम. कासिम, एजेके–एमसीआरसी, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली द्वारा आमंत्रित व्याख्यान, 03 मार्च, 2015
2. 'रेडियो ऐज़ ए मीडिया फॉर इंटरैक्शन' पर प्रो. ओबेद सिद्दकी, एजेके–एमसीआरसी, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली द्वारा एक आमंत्रित व्याख्यान, 10 मार्च, 2015
3. 'कम्यूनिकेशन, रिसर्च एंड डेवलॉपमेंट' पर प्रो. गीता बेमजाई, आईआईएमसी, नई दिल्ली और प्रो. इफ्तिखार अहमद, निदेशक, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रोडक्शन सेंटर, इग्नू, नई दिल्ली द्वारा विशेष व्याख्यान, 11 मार्च, 2015

# विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यचर्या एवं सह–पाठ्यचर्या कार्यकलाप

## ❖ विश्वविद्यालय स्तर पर

### पुरुष छात्रावास का वार्षिक समारोह 'आगाज' आयोजित

पुरुष छात्रावास, हिप्रकेवि का वार्षिक समारोह 'आगाज' 22 मई, 2014 को धूमधाम से आयोजित किया गया। विद्यार्थियों द्वारा चौदह विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। सभी निवासी, संकाय सदस्यों आदि ने द्वितीय हॉस्टेल नाइट का काफी आनंद उठाया।

प्रो. योगिन्द्र एस वर्मा, प्रति–कुलपति और प्रो. एच.आर शर्मा, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण ने भी कार्यक्रम को सुशोभित किया। प्रो. वर्मा ने सुंदर आयोजन के लिए डॉ. नवनीत शर्मा, हॉस्टल वार्डन और छात्रावास निवासियों को बधाई दी।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित

विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों ने 15 अगस्त 2014 को राष्ट्र के 68वें स्वतंत्रता दिवस को टैब शाहपुर में धूमधाम से मनाया । समारोह का प्रारंभ प्रो. योगिन्द्र सिंह वर्मा, कुलपति, हिप्रकेवि द्वारा ध्वजारोहण और उसके बाद राष्ट्रगान से हुआ ।

अपने संबोधन में प्रो. योगिन्द्र वर्मा ने विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों को कहा कि हमें देश की आजादी के लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा अपने जीवन एवं करियर के बलिदान को भूलना नहीं चाहिए । भारत एक महान देश है और भारतीय सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल कर रहे हैं। हम सभी को निस्वार्थ, पूर्ण समर्पण और परिश्रम से अपना कार्य करना चाहिए ताकि सभी क्षेत्रों में समृद्धता और शांति प्राप्त हो सके ।

### विद्यार्थी परिषद का निर्वाचन सम्पन्न

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला द्वारा 30 सितंबर, 2014 को विद्यार्थी परिषद का निर्वाचन आयोजित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया 22 सितंबर, 2014 को अधिष्ठाता, छात्र कल्याण द्वारा अधिसूचना जारी होने से प्रारंभ हो गई।

निर्वाचन अधिसूचना जारी होने के बाद विभिन्न स्कूलों के 30 अभ्यर्थियों ने कुल 20 सीटों के लिए नामांकन पत्र भरा। इनमें से 3 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया और चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करने अथवा नामांकन पत्र भरने के लिए निर्धारित समय–सारिणी का पालन नहीं करने के कारण 04 अभ्यर्थियों का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया।

इन 20 सीटों में से 12 अभ्यर्थियों (समाज विज्ञान स्कूल से 02, भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल से 02, गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल से 04, पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल से 02 और जैविक विज्ञान स्कूल से 01 को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया)।

शेष 08 सीटों के लिए संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया सफल ढंग से पूर्ण हो गई। पूरी प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल अनुशासन बनाए रखा बल्कि नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित हुए।

प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा, कुलपति, हिप्रकेवि ने सभी विजेता अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि चुनाव हमारे जीवंत लोकतंत्र का आधार है। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों को राजनीति और सामाजिक ताना–बाना की बारीकियों को समझने में सहायता मिलती है तथा विद्यार्थी जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर मिलता है, जिससे भावी जीवन में आगत परेशानियों का विश्वास से जूझने की सीख मिलती है।

विद्यार्थी परिषद 2014–15 में विभिन्न स्कूलों से निम्नलिखित विद्यार्थी निर्वाचित किए गए :

| स्कूल का नाम | निर्वाचित अभ्यर्थी | |
|---|---|---|
| | अभ्यर्थी का नाम | रोल नंबर |
| व्यवासय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल | 1. श्री हरनेक सिंह<br>2. सुश्री मनदीप कौर<br>3. श्री संजीव कुमार<br>4. श्री अवतार सिंह<br>5. श्री साहिल धवन | CUHP14MBA29<br>CUHP14MBA40<br>CUHP13MBA72<br>CUHP14MBA21<br>CUHP13MBA67 |
| पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल | 1. श्री कशिश सूद<br>2. श्री वासुदेव सेन | CUHP13ENV07<br>CUHP14ENV03 |
| मानविकी एवं भाषा स्कूल +<br>शिक्षा स्कूल | 1. श्री सुरेंदर कुमार<br>2. श्री सोनू कुमार | CUHP13MAENG09<br>CUHP14MAHINDI09 |
| पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल | 1. श्री अजय रोहिल्ला | CUHP13NMC01 |
| जैविक विज्ञान स्कूल | 1. श्री देविंदर कुमार | CUHP13CBB07 |
| गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल | 1. श्री संदीप कुमार<br>2. श्री हरदीप शर्मा<br>3. श्री विजय कुमार<br>4. श्री अनिल कुमार रैना | CUHP13IT19<br>CUHP13IAM06<br>CUHP14IAM26<br>CUHP13MLIB02 |
| भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल | 1. श्री सुमित भारती<br>2. सुश्री अनु | CUHP14PAS25<br>CUHP13PAS05 |
| समाज विज्ञान स्कूल | 1. श्री देविंदर कुमार<br>2. श्री तरुणवीर वासन | CUHP13MAECO04<br>CUHP14MSW19 |
| पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल | 1. श्री संतोष कुमार | CUHP14MBATT24 |

## राष्ट्रीय एकता दिवस आयोजित

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा पूरी तन्मयता और राष्ट्र भावना से ओतप्रोत होते हुए टैब कैंपस, शाहपुर और कैंप कार्यालय, धर्मशाला में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह मनाया गया। समारोह के प्रारंभ में प्रो. योगिन्द्र एस. वर्मा और संकाय सदस्यों द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को पुष्प अर्पण किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कुलपति द्वारा 'राष्ट्रीय एकता और संप्रभुता' बनाए रखने के लिए संकाय सदस्यों, शिक्षकेतर कर्मियों और विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर अपने संदेश में प्रो. योगिन्द्र सिंह वर्मा, कुलपति ने सरदार पटेल द्वारा देशी राज्यों को एक सूत्र में बाधंकर भारत को वर्तमान स्वरूप प्रदान करने में उनके योगदान का स्मरण किया। प्रो. वर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी सरदार पटेल के पदचिह्नों पर चलते हुए राष्ट्रीय एकता को और सुदृढ़ करने में अपना सक्रिय योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने धर्म निरपेक्षता और अहिंसा का मार्ग अपनाते हुए देश को एकता के सूत्र में पिरोया, जो हमारे इतिहास की एक बड़ी घटना है।

प्रो. एच.आर. शर्मा, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण और प्रोवोस्ट ने सरदार पटेल जयंती समारोह के विभिन्न कार्यक्रमों का समन्वय किया।

अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग और यात्रा एवं पर्यटन विभाग द्वारा 'राष्ट्रीय एकता, संस्था और सुरक्षा' पर एक सिम्पोजिम का आयोजन किया गया। पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल द्वारा केतन मेहता निर्देशित 'सरदार' वृत्तचित्र' जिसमें परेश रावल ने सरदार पटेल की भूमिका निभाई है, को दिखाया गया। इसके बाद एक पैनेल चर्चा आयोजित की गई। शिक्षा स्कूल द्वारा भी मां भारती को एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने में लौह पुरुष के संघर्ष और जीवन पर बनी एक फिल्म प्रदर्शित की गई।

सरदार पटेल को श्रद्धांजलि स्वरूप अंग्रेजी और हिंदी विभाग के विद्यार्थियों द्वारा कविता–पाठ किया गया जिससे पूरा कैंपस राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत हो गया। हिंदी विभाग ने विभिन्न विषयों (सरदार पटेल : सपने संघर्ष और चुनौतियां; सरदार वल्लभ भाई पटेल का बहुआयामी व्यक्तित्व; राष्ट्रीय एकता के निर्माण में भारतीय महापुरूषों का योगदान; समकालीन प्रश्न और सरदार पटेल की प्रासंगिकता) पर निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। भारत एवं विश्व पटल पर अमिट छाप छोड़ जाने वाले भारत के इस महान व्यक्ति को धर्मनिरपेक्षता और नेतृत्व क्षमताओं पर व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा एक नाटक का मंचन किया गया। समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों ने कैंपस पर विभिन्न रंग–रूपों में सरदार पटेल को चित्रित किया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत चित्रों में स्वतंत्रता संग्राम में सरदार पटेल के प्रयासों से लेकर भारत को एकीकृत करने तक की विभिन्न जीवन घटनाओं को प्रस्तुत किया गया। भौतिकी विभाग ने एक कोलाज़ प्रतियोगिता आयोजित कर लौह पुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित की। विश्वविद्यालय पुस्तकालय ने इसमें बढ़–चढकर हिस्सा लेते हुए सरदार पटेल पर आधारित पुस्तकों और साहित्य पर एक प्रदर्शनी आयोजित की।

### अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस आयोजित

हिप्रकेवि में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस समारोह के अवसर पर टैब कैंपस, शाहपुर में 'शिक्षित भारत, सक्षम भारत सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' विषय पर 17 नंवबर, 2014 को फोरम आयोजित की गई।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर नवीन विचारों को प्राप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न विश्वविद्यालयों में चर्चाएं प्रारंभ की गई हैं ताकि नवीन शिक्षा नीति को तैयार करने में प्राप्त विचारों और सुझावों को अमल में लाया जा सके। यह भी प्रस्तावित है कि विषय पर सर्वोत्तम संस्तुतियों और सुझावों का चयन किया जाए और कुछेक चयनित विश्वविद्यालयों से एक–एक अग्रणी विद्यार्थी को मानव संसाधन विकास मंत्री से मिलने और जब शिक्षा विषय पर चर्चा हो तो संसद सत्र में उपस्थित होने के लिए दिल्ली भेजा जाए।

चालीस प्रतिभागियों (शोधार्थियों और स्नातकोतर विद्यार्थियों) ने प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर सभी शिक्षा स्तरों पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए विषय पर चर्चा करते हुए अपने विचार रखे और विभिन्न सुझाव एवं संस्तुतियां प्रदान कीं। गहन चर्चा के क्रम में विद्यार्थियों ने सभी के लिए समान अवसर प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता लाने का सुझाव दिया।

सत्र की अध्यक्षता करते हुए डॉ. रोशन लाल शर्मा, अधिष्ठाता, मानविकी एवं भाषा स्कूल ने अपना वक्तव्य यूनिसेफ द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए दिए गए मापदण्डों से प्रारंभ किया और यह टिप्पणी की कि शिक्षा नीति को पुनः तैयार/संशोधित करने की पूरी प्रक्रिया में विद्यार्थी प्रमुख स्टेकधारक हैं, अतः वे भी वर्तमान संदर्भ में शिक्षा की समस्याओं पर कुछ अर्थपूर्ण मनन–चिंतन करें। उन्होंने प्रतिभागियों के जबरदस्त उत्साह और चर्चा फोरम में व्यक्त अलग–अलग तरह के विचारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हिप्रकेवि की विशेषता के अनुरूप ऐसी चर्चाएं विमर्श संस्कृति को बढ़ाती हैं।

डॉ. रबिन्द्रनाथ मनुकोण्डा, अधिष्ठाता, पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल और चर्चा के पर्यवेक्षक ने कहा कि निजी क्षेत्र की भागीदारी से विगत वर्षों में अनेक नए संस्थान बने हैं; परंतु विद्यार्थियों को दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता अभी भी एक चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सरकारी क्षेत्र में स्कूल स्तर पर खाली पड़े पदों को भरने की आवश्यकता है, जिससे विद्यार्थियों के निजी स्कूलों में माइग्रेशन पर लगाम लगेगा।

डॉ. मनप्रीत अरोड़ा, सहायक प्रोफेसर, एसबीएमएस द्वारा कार्यक्रम का समन्वय किया गया। डॉ. नवनीत शर्मा, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा स्कूल ने मध्यस्थ के रूप में और डॉ. अर्चना कटोच, सहायक प्रोफेसर, पत्रकारिता एवं सृजनात्मक लेखन विभाग तथा श्री कुलदीप सिंह, सहायक प्रोफेसर, जनसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग ने चर्चाओं में सक्रियता से भाग लिया।

## ❖ स्कूल/विभाग स्तर पर

### भौतिकी एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल

#### भौतिकी एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजित :**

फिजिक्स सोसाइटी, भौतिकी एवं खगोलशास्त्र विज्ञान विभाग द्वारा इस वर्ष की विषयवस्तु 'राष्ट्र निर्माण के लिए विज्ञान' पर 26–27 फरवरी, 2015 के दौरान राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। डॉ. दलीप सिंह वर्मा, संयोजक, फिजिक्स सोसाइटी के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यकलाप यथा, भाषण प्रतियोगिता, क्विज़ प्रतियोगिता, कोलाज और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. अविरूप घोष और डॉ. बी.सी. चौहान द्वारा 27 फरवरी 2015 को क्रमशः 'असिम्पटॉटिक सिमिट्री ऑफ स्पेस टाइम' और 'लौस्ट

साइंटिफिक ट्रेजर ऑफ इंडिया' पर दो अतिथि व्याख्यान दिए गए। मुख्य अतिथि डॉ. ओएसकेएस शास्त्री, अधिष्ठाता, भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल, हिप्रकेवि द्वारा विभाग के शिक्षकों के साथ मिलकर पुरस्कार और प्रमाण–पत्र वितरित किए।

## पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल

### पर्यावरण विज्ञान विभाग

**पर्यावरण दिवस 2014 आयोजित :**

पृथ्वी एवं पर्यावरण सोसाइटी, पर्यावरण विभाग, एसओइइएस द्वारा टैब कैंपस, शाहपुर में 22 अप्रैल, 2014 को 'ग्रीन सीटीज' विषय पर पृथ्वी दिवस, 2014 आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन, पर्यावरण प्रदूषण और स्वास्थ्य पर इसका प्रभाव, अपशिष्ट प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता संरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा की गई। विभिन्न कार्यकलाप यथा अपशिष्ट सामग्री से कोलाज निर्माण, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रस्तुतीकरण, क्विज प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक आयोजित किए गए। कैंपस और आसपास के क्षेत्रों को साफ–सुथरा रखने की मुहिम भी चलाई गई। डॉ. शुभांकर चटर्जी कार्यक्रम के संयोजक थे।

## गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल

### गणित विभाग

1. मैथेमेटिक्स सोसाइटी, हिप्रकेवि द्वारा 'इंस्पायर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया, 24–25 अप्रैल, 2014
2. राष्ट्रीय एकता दिवस (सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती) पर पोस्टर प्रस्तुतीकरण, 31 अक्टूबर, 2014
3. हिप्रकेवि के स्वच्छ भारत अभियान में प्रतिभागिता, 02 अक्टूबर, 2014

### कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान विभाग

1. राष्ट्रीय एकता दिवस (सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती) पर पोस्टर प्रस्तुतीकरण, 31 अक्टूबर, 2014
2. हिप्रकेवि के स्वच्छ भारत अभियान में प्रतिभागिता, 02 अक्टूबर, 2014

### पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग

1. राष्ट्रीय एकता दिवस (सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती) पर पोस्टर प्रस्तुतीकरण, 31 अक्टूबर, 2014
2. हिप्रकेवि के स्वच्छ भारत अभियान में प्रतिभागिता, 02 अक्टूबर, 2014

## मानविकी एवं भाषा स्कूल

1. स्कूल के विद्यार्थियों ने सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर, 2014 को आयोजित विभिन्न गतिविधियों में बहुत उत्साह से भाग लिया।

## समाज विज्ञान स्कूल

### अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग

1. सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर, 2014 को राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भागीदारी।

## व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल

**हिमस्पार्क–14 : राष्ट्रस्तरीय मैनेजमेंट फेस्ट :**

स्कूल द्वारा टैब कैंपस, शाहपुर में पूरे उत्साह व जोश से 11–12 अप्रैल, 2014 के दौरान दो दिवसीय राष्ट्र स्तरीय मैनेजमेंट फेस्ट हिमस्पार्क–14 का आयोजन किया गया। फेस्ट का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री साई यूनिवर्सिटी पालमपुर के कुलपति प्रो. बलराम डोगरा द्वारा किया गया। फेस्ट का उद्देश्य प्रबंधन के विद्यार्थियों को एक सृजनात्मक प्लेटफॉर्म प्रदान करना है जिससे वे देश के सर्वोत्तम बिजनेस स्कूलों के समकक्ष विद्यार्थियों से प्रतिस्पर्धा कर सकें।

श्रोताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो. बलराम डोगरा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को अपनी संप्रेषण, निर्णय लेने और प्रबंधकीय कौशलों को बढ़ाने का अवसर प्रदान करती हैं। विद्यार्थियों से उन्होंने कहा कि अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को जानकर अपनी सक्षमता बढ़ाएं तो उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता अवश्य मिलेगी।

उच्च नैतिक मूल्यों को अपनाने की जरूरत पर जोर देते हुए प्रति–कुलपति, हिप्रकेवि प्रो. योगिन्द्र वर्मा ने जोर देते हुए कहा कि अत्यधिक प्रतियोगिता के दौर में जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए ईमानदारी और समर्पण सर्वोत्तम उपाय हैं ।

फेस्ट के दौरान विभिन्न विश्वविद्यालयों और प्रबंधन संस्थानों जैसे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, श्रीमाता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, पीजी कॉलेज, धर्मशाला, द्रोणाचार्य कॉलेज से लगभग 250 विद्यार्थियों ने 30 से भी अधिक

कार्यक्रमों यथा, बिजनेस क्विज़, कॉर्पोरेट वॉक, मार्केटिंग मैडनेस, पैनल डिस्कसन, फ्लिप–फ्लॉप, केस स्टडी, रॉक शो, ऑनलाइन मार्केटिंग, रिज्यूम राइटिंग, डिस्प्यूट हैंडलिंग, केऑस थियरी, वोल्फ्स ऑफ दलाल स्ट्रीट, पहचान कौन, क्रिएटिव–टी, वार ऑफ वर्ड्स, टैक्ट–ओ–मैनिया, लैन गेमिंग आदि में भाग लिया। फेस्ट का समापन 12 अप्रैल को पुरस्कार वितरण समारोह से हुआ। डॉ. भावना भारद्वाज फेस्ट की संयोजक थीं।

**बिजनेस इवेंट 'ए–टवोला' आयोजित**

हिप्रकेव के एमबीए के विद्यार्थियों के कौशलों को उन्नत बनाने के उद्देश्य से व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल द्वारा 'ए–टवोला' नाम की एक बिजनेस इवेंट आयोजित की गई। इसका लक्ष्य प्रबंधन अध्ययन के रूप में उनके उद्यमशीलता गुणों को विकसित करना था। विद्यार्थियों ने अपने तीन स्टॉलों फिट–फूडी, चना–भटूरा और राजमा–चावल के माध्यम से अपनी पाक कला के साथ बिजनेस कौशल को भी प्रदर्शित किया। डॉ. संजीव गुप्ता, अधिष्ठाता ने कहा कि इससे विद्यार्थियों को अपने ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद देकर मुनाफा कमाने और अपनी हानि को न्यूनतम रखने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।

## पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य प्रबंधन स्कूल

### पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन विभाग

1. विश्व पर्यटन दिवस पर वृक्षारोपण, 27 सितंबर, 2014
2. अंतर विश्वविद्यालय/महाविद्यालय क्विज प्रतियोगिता, 24 सितंबर, 2014
3. हिमाचल स्कूल पर्यटन क्विज प्रतियोगिता, 23 सितंबर, 2014
4. भाषण प्रतियोगिता, विषय : पर्यटन एवं समुदाय विकास।
5. अतिथि सम्मान : एयरपोर्ट और बस–अड्डा पर पर्यटकों का स्वागत, 27 सितंबर, 2014
6. कोलाज निर्माण प्रतियोगिता (विषय : पर्यटन एवं समुदाय विकास), 22 सितंबर, 2014
7. फोटो कैप्शन प्रतियोगिता (विषय : पर्यटन एवं समुदाय विकास), 22 सितंबर, 2014
8. रंगोली निर्माण प्रतियोगिता (विषय : पर्यटन और पानी), 22 सितंबर, 2014
9. विभिन्न अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम।
10. स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत 02 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छता अभियान।
11. विद्यार्थियों का मनाली के लिए साहसिक यात्रा का आयोजन (नेतृत्व विकास शिविर), 26 अक्टूबर–02 नवंबर, 2014

## पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल

### जनसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग

1. जनजातीय क्षेत्रों की सामाजिक सांस्कृतिक विरासत पर न्यूज स्टोरी के लिए चिटकुल, सांगला, कल्पा (किन्नौर जिला, हिप्र) की 25–29 अप्रैल, 2014 के दौरान शैक्षिक यात्रा।
2. समाचारों और सामाजिक मुद्दों के प्रति रुचि जगाने के लिए पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल के विद्यार्थियों के लिए 05 जून 2014 को एक मीडिया क्विज आयोजित किया।
3. विद्यार्थियों द्वारा सेंट्रल न्यूज के बैनर के तहत 05 जून, 2014 को 'टॉप 100 न्यूज' का न्यूज प्रोमो प्रारंभ किया गया।
4. पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल के विद्यार्थियों के लिए अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त वृत्तचित्रों आदि यथा मिर्च–मसाला, चिल्ड्रेन ऑफ हेवन की विशेष स्क्रीनिंग।
5. विद्यार्थियों का लैब समाचारपत्र न्यूजलेटर 'वॉयस' को प्रारंभ किया गया, 04 सितंबर, 2014
6. इंडिया–वेस्टइंडिज ओडिआई के दौरान विद्यार्थी ने एचपीसीए के लिए कार्य किया, 17 अक्टूबर, 2014
7. धर्मशाला अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में विद्यार्थियों ने स्वैच्छिक सेवाएं दीं, 01 नवंबर, 2014
8. विश्वविद्यालय द्वारा 02 अक्टूबर, 2014 को आयोजित स्वच्छता अभियान पर लघु फिल्मों का निर्माण किया।
9. 'स्वच्छ भारत' विषय पर विद्यार्थियों ने एक लघु फिल्म 'बर्थडे पार्टी' का निर्माण किया।
10. विद्यार्थियों ने किशन चंदर की कहानी 'जामुन का पेड' के नाटकीय रूपांतरण के रूप में एक लघु फिल्म 'अरे कोई है क्या' का निर्माण किया।

# लैंगिक उत्पीड़न संबंधी संवेदनीकरण, निवारण एवं प्रतितोष (स्पर्श)

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय अपने कर्मचारियों, विद्यार्थियों, स्टाफ और सभी अन्य स्टेकधारकों के लिए लैंगिक उत्पीड़न के सभी रूपों से मुक्त कार्यस्थल वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है । समय–समय पर संशोधित निम्नलिखित विधियों के अधीन सांविधिक अपेक्षाओं के अनुपालन में कार्यस्थल को सभी संभावित दृष्टियों से सुरक्षित रखने के लिए विनियामक समितियों का निर्माण, जागरूकता और संवेदनीकरण कार्यक्रमों को आयोजित करने आदि जैसे सक्रिय कदम उठाए गए हैं :

1. केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 {धारा 28 (एन)};
2. हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय का अध्यादेश सं. 29;
3. एसएचडब्ल्यूडब्ल्यू (पीपीआर) अधिनियम, 2013 – महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013;
4. सामान्य सेवा नियम 769 (ई) संबंधी एसएचडब्ल्यूडब्ल्यू (पीपीआर) नियम, 2013 – महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) नियम, 2013;
5. डीओपीटी कार्यालय आदेश दिनांक 27.11.2014–सेवा नियमों में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 सममिलित करना;
6. सीसीएस (आचरण) नियम, 1964 और सीसीएस (आचरण) नियम, 1965

## स्पर्श पर शीर्ष समिति का गठन

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा लैंगिक उत्पीड़न से मुक्त कार्यस्थल वातावरण प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए लैंगिक उत्पीड़न संबंधी संवेदनीकरण, निवारण एवं प्रतितोष (स्पर्श) नाम से एक शीर्ष समिति का गठन किया गया था, जो महिलाओं के प्रति भेदभाव के सभी रूपों को दूर करने के लिए समर्पित होगी और लिंग संवेदनीकरण और लैंगिक उत्पीड़न को दूर करने के लिए सक्रिय कदम उठाएगी। विश्वविद्यालय के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शीर्ष समिति अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत शैक्षणिक एवं शिक्षकेतर स्टाफ, विद्यार्थियों और अन्य कर्मचारियों सहित सभी महिलाओं को लिंग भेदभाव, लैंगिक उत्पीड़न और शोषण से मुक्त कार्य और शिक्षा स्थल प्रदान करने के प्रति कटिबद्ध है। स्पर्श समिति, हिप्रकेवि अपने सभी कर्मचारियों आदि को अपने विचार अथवा किसी संबंधित समस्या अथवा लैंगिक उत्पीड़न के शिकायत को मुक्त भाव, जिम्मेदारी और उचित ढंग से प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

## विश्वविद्यालय शिकायत समिति का गठन

रिपोर्टिंग की तिथि तक विश्वविद्यालय द्वारा शिकायतों, यदि कोई हो, को निपटाने के लिए एसएचडब्ल्यूडब्ल्यू (पीपीआर) अधिनियम, 2013 के अधीन विश्वविद्यालय शिकायत समिति का भी अप्रैल 2015 में गठन कर दिया गया है ।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागिता

विधियों के उपबंधों, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित मुद्दे, समितियों के कार्यकरण आदि के संबंध में अद्यतन रहने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा शीर्ष समिति तथा शिकायत समिति दोनों समितियों की अध्यक्षों (क्रमशः डॉ. गीतांजलि उपाध्याय और डॉ. साएमा बानो) को 20–21 फरवरी, 2015 के दौरान नई दिल्ली में 'महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न संबंधी लिंग संवेदनीकरण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामित किया गया । विभिन्न सत्रों के दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नलिखित क्षेत्रों को शामिल किया गया :

- लिंग संवेदनीकरण और समानता
- महिला सशक्तिकरण
- महिलाओं के विरूद्ध हिंसा
- स्वतंत्रता पूर्व और उसके बाद भारत में महिला सुधार
- महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के निवारण हेतु विधिक व्यवस्था
- आंतरिक शिकायत समिति का गठन और उसकी भूमिका
- केस अध्ययन

रिपोर्ट के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों के लिए शिक्षाप्रद रहा, जिसमें महिलाओं के विभिन्न महत्वपूर्ण भूमिकाओं पर मनन–चिंतन किया गया ।

## महिला सशक्तिकरण पर आमंत्रित व्याख्यान

हिमाचल प्रदेश केन्दीय विश्वविद्यालय में स्पर्श द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ के लिए 09 मार्च 2015 को 'महिला सशक्तिकरण' पर एक आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किया गया । इस व्याख्यान के लिए श्रीमती रश्मि वाली, संस्थापक होप फाउंडेशन और स्पर्श, हिप्रकेवि की एनजीओ प्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया था । व्याख्यान की अध्यक्षता डॉ. रोशन लाल शर्मा, प्रॉक्टर एवं अधिष्ठाता, मानविकी एवं भाषा स्कूल द्वारा की गई । कैंप कार्यालय धर्मशाला के कर्मियों ने भी वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्याख्यान में भाग लिया ।

व्याख्यान का प्रारंभ डॉ. गीतांजलि उपाध्याय, अध्यक्ष, स्पर्श के स्वागत वक्तव्य से हुआ। श्रीमती रश्मि वाली ने अपना व्याख्यान महिला सशक्तिकरण और इसके विभिन्न पहलूओं को रेखांकित करते हुए कहा कि उनके विचार में शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता महिला सशक्तिकरण के लिए दो अति महत्वपूर्ण कारक हैं । उन्होंने एनजीओ के कार्य के दौरान महिलाओं से जुड़े अनेक फील्ड अनुभवों को साझा किया । श्रीमती वाली ने महिलाओं से जुड़े अनेक मामलों का भी जिक्र किया और यह बताया कि कैसी उनकी एनजीओ इनके समाधान के लिए कार्य कर रही है ।

तत्पश्चात इंटरैक्टिव सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने महिलाओं से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे । विद्यार्थियों ने भी विभिन्न क्षेत्रों में लैंगिक भेदभाव और उत्पीड़न से जुड़े अपने अपने अनुभव बताए। श्रीमती रश्मि वाली ने इन प्रश्नों का बेहतर समाधान प्रस्तुत किया ।

## लैंगिक उत्पीड़न से जुड़े मुद्दों पर पैनल चर्चा

एनआईटीटीआर चंडीगढ द्वारा आईसीटी के माध्यम से 11 मार्च 2015 को अपराह्न 2.00 से 4.00 बजे तक लैंगिक उत्पीड़न से जुड़े मुद्दों पर एक पैनल चर्चा आयोजित की गई जिसका उद्देश्य विभिन्न संस्थानों के विद्यार्थियों और कर्मचारियों में लैंगिक उत्पीड़न के प्रति जागरूकता लाना और इससे निपटने की कार्यनीतियों पर विचार–विमर्श था। विभिन्न संस्थानों यथा गवर्नमेंट पॉलीटेक्नीक, हिसार; कल्पना चावला गवर्नमेंट पॉलीटेक्टनीक फॉर वूमन, अम्बाला; सेठ जय प्रकाश पॉलीटेक्नीक, डामला हरियाणा; महर्षि मार्कण्डेश्वर, मुल्लाना; जम्मू विश्वविद्यालय; इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, अवंतीपूरा और अन्य संस्थानों ने इस पैनल चर्चा में प्रतिभागिता की । कुलपति, हिप्रकेवि की संस्तुतियों पर हिप्रकेवि की ओर से स्पर्श समिति ने इस पैनल चर्चा में भाग लेने की पहल की थी ।

पैनल चर्चा सभी पैनलिस्टों के स्वागत से प्रारंभ हुई । सर्वप्रथम डॉ. राजेश गिल, समाजशास्त्र विभाग पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ ने विशाखा गाइडलांइस का परिचय देते हुए चर्चा प्रारंभ की । उन्होंने एसएचडब्ल्यूडब्ल्यू (पीपीआर) अधिनियम, 2013 में यथा परिभाषित लैंगिक उत्पीड़न पर प्रकाश डाला । उन्होंने सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराने की जरूरतों पर बल दिया जहां महिला आदर भाव और सम्मानित महसूस करें । उन्होंने कहा कि जब तक महिला सुरक्षित महसूस नहीं करेंगी, तब तक वह सम्मानजनक प्रोफेशनल जीवन व्यतीत नहीं कर सकतीं । प्रतिकूल कार्य वातावरण से महिलाओं की कार्यक्षमता पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने विभिन्न प्रकार के (मौखिक, सांकेतिक, दृश्यगत और शारीरिक) व्यवहारों को समझाया, जिससे कार्यस्थल पर प्रतिकूल माहौल का निर्माण होता है। अंत में डॉ. राजेश ने कहा कि कार्यस्थल पर सौहार्दपूर्ण कार्य वातावरण के लिए महिलाओं को चुप्पी त्यागना बहुत जरूरी है।

उसके बाद अगले पैनलिस्ट डॉ. एल.आर.अग्रवाल ने कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से जुड़े विधिक मुद्दों पर चर्चा की। सर्वप्रथम, उन्होंने भारत के संविधान में प्रदत्त मौलिक अधिकारों पर संक्षिप्त चर्चा की । फिर भनवारी देवी निर्णय पर प्रकाश डालते हुए विशाखा गाइडलाइंस पर विस्तार से विचार–विमर्श किया । उसके बाद एसएचडब्ल्यूडब्ल्यू (पीपीआर) अधिनियम, 2013 के बारे में बताते हुए गाइडलाइंस और अधिनियम के बीच के अंतर को स्पष्ट किया। इसके बाद उन्होंने सीसीएस (आचरण) नियम, 1964 और सीसीएस (आचरण) नियम, 1965 का उल्लेख किया। अंत में उन्होंने आंतरिक शिकायत समिति के गठन, भूमिका, उत्तरदायित्वों और कार्य के बारे में बताया।

अंतिम पैनलिस्ट डॉ. विधुमोहन, मनोविज्ञान विभाग, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ ने लैंगिक हिंसा से मुकाबला विषय पर अपना विचार रखा । उन्होंने प्रतिभागियों को महिलाओं के विरूद्ध हिंसा और उसके मनोवैज्ञानिक प्रभाव के बारे में संवेदन किया । उन्होंने महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जागरूक बनाने की जरूरत पर बल दिया । इसके बाद प्रश्न–उत्तर सत्र में विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागियों को अपनी शंकाओं को स्पष्ट करने का अवसर प्रदान किया गया ।

हिप्रकेवि ने चर्चा में सुरूचिपूर्वक भाग लेते हुए विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों दोनों ने प्रश्न पूछे जिनका निवारण विख्यात संसाधकों द्वारा बखूबी किया गया । पैनल चर्चा का समापन धन्यवाद ज्ञापन से हुआ ।

# राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

## संघ की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन

संघ की राजभाषा नीति के संवर्धन और कार्यान्वयन के लिए कृत्संकल्प हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा वार्षिक कार्यक्रम 2014–15 के लक्ष्यों को हासिल करने के हरसंभव कदम उठाए गए हैं और इसमें काफी प्रगति दर्ज की गई है। राजभाषा अधिनियम, 1963 और राजभाषा नियम 1976 के प्रावधानों तथा राष्ट्रपति महोदय के आदेशों और राजभाषा विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों को लागू करने के निरंतर प्रयास किए गए। तिमाही हिंदी कार्यशालाओं, हिंदी प्रतियोगिताओं और प्रोत्साहन योजना के माध्यम से कर्मियों को जागरूक एवं अभिप्रेरित किया गया। वर्ष के दौरान पांच कार्यशाएं आयोजित की गईं। राजभाषा कार्यान्वयन समिति द्वारा इसकी तिमाही समीक्षा बैठकों के माध्यम से नीति की प्रगति और कार्यान्वयन की समीक्षा की जाती है।

## राजभाषा कार्यान्वयन समिति

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय में एक राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है जिसके माध्यम से राजभाषा नीति की प्रगति और कार्यान्वयन की मॉनीटरिंग की जाती है। 31.03.2015 के अनुसार इस समिति के निम्नलिखित सदस्यों द्वारा राजभाषा हिंदी की प्रगति में योगदान किया जा रहा है :

| क्र.सं. | नाम एवं पदनाम | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. योगिन्द्र सिंह वर्मा, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | ब्रिग. जगदीश चंद रांगड़ा (सेनि), कुलसचिव | सदस्य |
| 3. | प्रो. अरविंद अग्रवाल, अधिष्ठाता, समाज विज्ञान स्कूल | सदस्य |
| 4. | प्रो. इन्द्रवीर मल्हन, अधिष्ठाता, गणित, कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान स्कूल | सदस्य |
| 5. | प्रो. हसंराज शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र एवं लोकनीति विभाग | सदस्य |
| 6. | प्रो. अंबरीश कुमार महाजन, अधिष्ठाता, पृथ्वी एवं पर्यावरण विज्ञान स्कूल | सदस्य |
| 7. | डॉ. रोशन लाल शर्मा, अधिष्ठाता, मानविकी एवं भाषा स्कूल | सदस्य |
| 8. | डॉ. एम. रबीन्द्रनाथ, अधिष्ठाता, पत्रकारिता, जनसंचार एवं नवमीडिया स्कूल | सदस्य |
| 9. | डॉ. संजीव गुप्ता, अधिष्ठाता, व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल | सदस्य |
| 10. | डॉ. ओ.एस.के.एस. शास्त्री, अधिष्ठाता, भौतिक एवं पदार्थ विज्ञान स्कूल | सदस्य |
| 11. | डॉ. मनोज कुमार सक्सेना, अधिष्ठाता, शिक्षा स्कूल | सदस्य |
| 12. | श्री बी.आर. धीमान, वित्त अधिकारी | सदस्य |
| 13. | डॉ. भगवान सिंह, विभागाध्यक्ष, विपणन एवं आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन विभाग | सदस्य |
| 14. | डॉ. प्रदीप कुमार, विभागाध्यक्ष, जनसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग | सदस्य |
| 15. | डॉ. साएमा बानो, सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग | सदस्य |
| 16. | डॉ. चंद्र कांत सिंह, सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग | सदस्य |
| 17. | श्री संजय कुमार सिंह, हिंदी अधिकारी | सदस्य सचिव |
| वर्ष के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चार बैठकें 17.06.2014, 29.09.2014, 23.12.2014 और 30.03.2015 को आयोजित की गईं। | | |

## हिंदी सप्ताह समारोह 2014

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय द्वारा 15 सितंबर (14 सितंबर को अवकाश) को हिंदी दिवस तथा 15 से 19 सितंबर, 2015 तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया । हिंदी सप्ताह का शुभारंभ समारोह टैब, शाहपुर में आयोजित किया गया और इसकी अध्यक्षता प्रो. अरविंद अग्रवाल, अधिष्ठाता, समाज विज्ञान स्कूल द्वारा की

गई। डॉ. रोशन लाल शर्मा, अधिष्ठाता, मानविकी एवं भाषा स्कूल तथा डॉ. साएमा बानो, सहायक प्रोफेसर, हिंदी विभाग द्वारा क्रमशः माननीय गृहमंत्री और माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री के हिंदी दिवस पर संदेशों को पढ़ा गया। श्री संजय कुमार सिंह, हिंदी अधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय में राजभाषा हिंदी के क्रियान्वयन में प्रगति को रेखांकित करते हुए एक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

हिंदी सप्ताह के दौरान कर्मियों एवं विद्यार्थियों के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनका विवरण इस प्रकार है :

| दिनांक | कार्यक्रम | स्थान |
|---|---|---|
| 15.09.2014 | हिंदी दिवस, 2014 समारोह एवं हिंदी सप्ताह, 2014 का शुभारंभ | टैब, शाहपुर |
| 16.09.2014 | शिक्षकेतर कर्मियों के लिए हिंदी टिप्पण एवं आलेखन पर कार्यशाला | टैब, शाहपुर |
| | शिक्षकेतर कर्मियों के लिए हिंदी टिप्पण एवं आलेखन पर प्रतियोगिता | |
| | शैक्षणिक कर्मियों के लिए आशुभाषण प्रतियोगिता | |
| 17.09.2014 | स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए निबंध प्रतियोगिता | टैब, शाहपुर |
| | शोधार्थियों के लिए चित्र–अभिव्यक्ति प्रतियोगिता | |
| | स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए आशुभाषण प्रतियोगिता | |
| | शोधार्थियों के लिए वाद–विवाद प्रतियोगिता | |
| 18.09.2014 | शिक्षकेतर कर्मियों के लिए हिंदी टिप्पण एवं आलेखन पर कार्यशाला (कैंप कार्यालय) | कैंप कार्यालय |
| | शिक्षकेतर कर्मियों के लिए हिंदी टिप्पण एवं आलेखन पर प्रतियोगिता (कैंप कार्यालय) | |
| 19.09.2014 | पुरस्कार वितरण और हिंदी सप्ताह 2014 का समापन समारोह | टैब, शाहपुर |

हिंदी सप्ताह के समापन समारोह दिनांक 19 सितंबर, 2014 को विश्वविद्यालय के अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, संकाय सदस्यों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और कर्मियों की उपस्थिति में मुख्य अतिथि माननीय कुलपति प्रो. योगिन्द्र सिंह वर्मा द्वारा विजेताओं को 33 नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया जिसकी कुल राशि 33,000/– रुपए थी।

## विश्व हिंदी दिवस 2015 समारोह

हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय में राजभाषा की प्रगामी प्रगति के लिए दिनांक 20.01.2015 को आयोजित विश्व हिंदी दिवस 2015 के अवसर पर शोधार्थियों और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए शिक्षा में राजनीतिक हस्तक्षेप हितकर है या नहीं विषय पर एक वाद–विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

अपराह्न में प्रो. योगिन्द्र सिंह वर्मा, माननीय कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय के अधिष्ठाताओं, विभागाध्यक्षों, संकाय सदस्यों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और कर्मियों की उपस्थिति में बीस नकद पुरस्कार दिए गए जिसकी कुल राशि 20,000/– रुपए थी।

# विश्वविद्यालय की वित्त संबंधी सूचना

## वर्ष 2014–15 के लिए बजट प्राक्कलन और 2013–14 के लिए संशोधित बजट प्राक्कलन

वर्ष 2014–15 के लिए बजट प्राक्कलन और 2013–14 के लिए संशोधित बजट प्राक्कलन तैयार किया गया और विश्वविद्यालय के प्राधिकारियों द्वारा अनुमोदित किया गया । वर्ष 2013–14 के लिए संशोधित बजट प्राक्कलन और वर्ष 2014–15 के लिए बजट प्राक्कलन, जिसमें अनुदानों, विश्वविद्यालय के आय और व्यय को दर्शाया गया है, इस प्रकार है :

### प्राप्तियां

लाख रुपए में

| शीर्ष | 2012–13 के लिए वास्तविक | 2013–14 के लिए बजट प्राक्कलन | 30.09.2013 तक वास्तविक | 2013–14 के लिए संशोधित प्राक्कलन | 2014–15 के लिए बजट प्राक्कलन |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्राप्तियां** | | | | | |
| (I) क: आयोजना सामान्य विकास (अनुरक्षण) | 2612.51 | 4444.00 | 1888.79 | 3979.46 | 3374.00 |
| (I) ख: आयोजना सामान्य विकास (पूंजी) | 2155.73 | 32625.00 | 2006.18 | 3006.18 | 6710.00 |
| कुल आयोजना सामान्य विकास (क+ख) | 4768.24 | 37069.00 | 3894.97 | 6985.64 | 10084.00 |
| (II) आयोजना सामान्य विकास (पूंजी) नई योजना | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 22200.00 |
| (III) उद्दिष्ट (प्रायोजित) परियोजनाएं/अनुदान/योजनाएं | 36.87 | 58.35 | 96.97 | 121.36 | 104.35 |
| (IV) भविष्य निधि एवं सेवानिवृत्ति हितलाभ | 0.00 | 240.00 | | 0.00 | 240.00 |
| (V) जमा एवं उद्दिष्ट निधियां | 130.77 | 146.93 | 172.34 | 207.02 | 236.11 |
| **कुल प्राप्तियां (I से V)** | **4935.88** | **37514.28** | **4260.31** | **7314.02** | **32864.46** |

### व्यय

लाख रुपए में

| शीर्ष | 2012–13 के लिए वास्तविक | 2013–14 के लिए बजट प्राक्कलन | 30.09.2013 तक वास्तविक | 2013–14 के लिए संशोधित प्राक्कलन | 2014–15 के लिए बजट प्राक्कलन |
|---|---|---|---|---|---|
| **व्यय** | | | | | |
| (I) क: आयोजना सामान्य विकास (अनुरक्षण) | 823.35 | 4444.00 | 484.94 | 2820.00 | 3374.00 |
| (I) ख: आयोजना सामान्य विकास (पूंजी) | 149.55 | 32625.00 | 83.41 | 2675.00<br>1490.64* | 6710.00 |
| कुल आयोजना सामान्य विकास (क+ख) | 972.91 | 37069.00 | 568.35 | 6985.64 | 10084.00 |
| (II) आयोजना सामान्य विकास (पूंजी) नई योजना | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 22200.00 |
| (III) उद्दिष्ट (प्रायोजित) परियोजनाएं/अनुदान/योजनाएं | 24.35 | 58.35 | 12.93 | 121.36 | 104.35 |
| (IV) भविष्य निधि एवं सेवानिवृत्ति हितलाभ | 0.00 | 240.00 | 0.00 | 0.00 | 240.00 |
| (V) जमा एवं उद्दिष्ट निधियां | 7.84 | 146.93 | 16.12 | 207.02 | 236.11 |
| **कुल व्यय (I से V)** | **1005.10** | **37514.28** | **597.40** | **7314.02** | **32864.46** |